

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112



■ रायपुर,शुक्रवार 22 अगस्त 2025 ■ भाद्रपद कृष्ण पक्ष-14 ■ वर्ष -41 ■ अंक-145 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 23 अगस्त 2025 ■ मूल्य-2.00 रुपये


# पीएम मोदी ने बिहार को दी 13 हजार करोड़ के विकास कार्यों की सौगात

**नई दिल्ली,22 अगस्त।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को 'ज्ञानस्थली' के रूप में चर्चित बिहार के गयाजी पहुंचे, जहां उनका जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान पीएम मोदी ने मगध विश्वविद्यालय के मैदान में आयोजित एक कार्यक्रम में करीब 13 हजार करोड़ से ज्यादा की लागत वाली रेल, सड़क, बिजली, आवास, जलापूर्ति और स्वास्थ्य क्षेत्रों से जुड़ी विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। इस मौके पर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी भी उपस्थित रहे। पीएम मोदी यहां एक जनसभा को संबोधित कर रहे हैं, जिसमें मगध क्षेत्र के विधानसभा क्षेत्रों से बड़ी संख्या में



**रेल, सड़क, बिजली, आवास से जुड़ी परियोजनाओं का उद्घाटन किया**

लोग पहुंचे हैं। इससे पहले प्रधानमंत्री ने गयाजी और दिल्ली के बीच अमृत भारत एक्सप्रेस और वैशाली और कोडरमा के बीच बौद्ध सर्किट ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। गयाजी से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रधानमंत्री मोदी ने बक्सर में 660 मेगावाट क्षमता का थर्मल पावर प्लांट, मुजफ्फरपुर में होमी भाभा कैंसर अस्पताल और अनुसंधान केंद्र, एनएच 31 का बख्तियारपुर से मोकामा क्षेत्र चार लेन पथ, नमामि गंगे कार्यक्रम के तहत मुंगेर में एसटीपी और सीवरेज नेटवर्क योजना, औरंगाबाद, बोधगया और जहानाबाद में जल आपूर्ति परियोजना की सौगात दी। पीएम मोदी ने बेगूसराय में छह लेन सिमरिया पुल का उद्घाटन किया। एनएच 31 पर बना यह पुल 8.15 किमी लंबा है। यह पटना के मोकामा और बेगूसराय के बीच सीधा संपर्क स्थापित करेगा। यह पुल पहले से मौजूद दो लेन वाले राजेंद्र सेतु के समानांतर बनाया गया है।

### छोटा कर्मचारी सस्पेंड हो सकता है तो प्रधानमंत्री क्यों नहीं'

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विपक्ष पर जमकर निशाना साधा. उन्होंने कहा, "एनडीए सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ एक ऐसा कानून लाई है, जिसके दायरे में देश का प्रधानमंत्री भी आता है. इस कानून के बनने के बाद अगर कोई मुख्यमंत्री, मंत्री या प्रधानमंत्री गिरफ्तार होता है तो उसे 30 दिन के भीतर जमानत लेनी होगी और अगर जमानत नहीं मिली तो 31वें दिन उसे कुर्सी छोड़नी पड़ेगी. मेरा साफ मानना है कि अगर भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई को अंजाम तक पहुंचाना है तो कोई भी कार्रवाई से बाहर नहीं होना चाहिए." नये कानून का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने कहा, "आज कानून है कि अगर किसी छोटे सरकारी कर्मचारी को 50 घंटे तक हिरासत में रखा जाए तो वह अपने-आप निलंबित हो जाता है, लेकिन अगर कोई मुख्यमंत्री है, मंत्री है या प्रधानमंत्री है तो वह जेल में रहकर भी सत्ता का सुख पा सकता है. ये नियम प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री या मंत्रियों पर क्यों नहीं लागू होना चाहिए?" पीएम मोदी ने कहा, "हमने कुछ समय पहले ही देखा है कि कैसे जेल से ही फाइलों पर साइन किए जा रहे थे. जेल से ही सरकारी आदेश जारी किए जा रहे थे. नेताओं का अगर यही रवैया रहेगा तो भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई कैसे लड़ी जा सकती है?"

## संक्षेप

### हटाए गए वोटर ऑनलाइन भी आवेदन कर सकेंगे:सुको

**पटना/नई दिल्ली,22 अगस्त।** सुप्रीम कोर्ट में बिहार में चल रही स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन यानी SIR (सामान्य शब्दों में वोटर लिस्ट वेरिफिकेशन) पर शुक्रवार को सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को निर्देश दिया कि वह हटाए गए वोटर्स को लिस्ट में अपना नाम जुड़वाने के लिए फिजिकली के अलावा ऑनलाइन आवेदन की अनुमति भी दे। सुप्रीम कोर्ट ने ये भी कहा कि आधार कार्ड समेत फॉर्म 6 में दिए गए 11 दस्तावेज में से कोई भी जमा किया जा सकता है, इनमें ड्राइविंग लाइसेंस, पासबुक, पानी का बिल जैसे डॉक्यूमेंट शामिल हैं। कोर्ट ने राजनीतिक पार्टियों को मामले पर चुप्पी साधने के लिए भी फटकार लगाई और पूछा कि मतदाताओं की मदद के लिए आप क्या कर रहे हैं। आपको आगे आना चाहिए। अगली सुनवाई 8 सितंबर को होगी। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने चुनाव आयोग से कई सवाल पूछे। जस्टिस सूर्यकांत ने कहा- राजनीतिक दलों की निष्क्रियता हैरान करने वाली है। राज्य की 12 पॉलिटिकल पार्टियों में से यहां मात्र 3 पार्टियां ही कोर्ट में आई हैं। वोटर्स की मदद के लिए आप क्या कर रहे हैं। कोर्ट ने इस बात पर भी हैरानी जताई कि राजनीतिक दलों के लगभग 1.6 लाख बूथ लेवल एजेंट होने के बावजूद, उनकी ओर से केवल दो आपत्तियां ही आई हैं।

### 2 दोस्तों की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत

**जांजगीर-चांपा.** प्रदेशभर में गणेशोत्सव की तैयारी चल रही है. इस बीच जांजगीर-चांपा जिले से हादसे की दुखद खबर सामने आई है. यहां गणेश पंडाल बनाने के लिए पामगढ़ के कुटरा गांव आ रहे दो दोस्त की स्कूटी खड़े ट्रक से टकरा गई. भीषण हादसे में दोनों युवकों की मौत हो गई. एक्टिवा के परखच्चे उड़ गए हैं. जानकारी के अनुसार, गणेशोत्सव की तैयारियों में जुटे सुमित कश्यप और प्रह्लाद कश्यप, दोनों दोस्त थे. वह पंडाल लगाने के लिए स्कूटी से जा रहे थे. इसी दौरान उनकी स्कूटी सड़क किनारे खड़ी ट्रक से जा टकराई. हादसा इतना भीषण था कि स्कूटी आगे से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई. गंभीर रूप से घायल युवकों को जिला अस्पताल भर्ती कराया गया, जहां दोनों को मृत घोषित कर दिया. वहीं मृतकों के परिवार में मातम पसर गया है. घटना के बाद राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी. मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बरमाद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. फिलहाल पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है.

### अमेरिका में भूकंप के जोरदार झटके

**वाशिंगटन,22 अगस्त।** साउथ अमेरिका के ड्रेन पैसेज क्षेत्र में शुक्रवार, 22 अगस्त को भूकंप के जोरदार झटके महसूस किए गए। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (यूएसजीएस) के अनुसार, यहां 7.5 तीव्रता का भूकंप आया है। फिलहाल, ज्यादा नुकसान की जानकारी सामने नहीं आई, लेकिन सुनामी की चेतावनी जारी की गई है। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र (एनसीएस) ने कहा, भूकंप की तीव्रता 7.4 थी और यह सुबह 7:46 बजे (आईएसटी) 36 किलोमीटर की गहराई पर आया है। यह भी बताया गया कि भूकंप का केंद्र अर्जेंटीना के दक्षिण में ड्रेक पैसेज के पास 10.8 किमी की गहराई में था। इससे पहले मई 2025 में भी यहां 7.5 तीव्रता का भूकंप आया था। दक्षिण अमेरिका का ड्रेक पैसेज केप हॉर्न और अंटार्कटिका के दक्षिण शेटलैंड द्वीप समूह (एक्स/एनसीएस) के बीच स्थित है। अमेरिकी सुनामी चेतावनी प्रणाली ने यहां भूकंप के बाद कोई चेतावनी जारी नहीं की, लेकिन प्रशांत सुनामी चेतावनी केंद्र (पीटीडब्ल्यूसी) ने चिली के लिए संक्षिप्त चेतावनी जारी की है।

# शेल्टर होम से आवारा कुत्तों की होगी सशर्त रिहाई, सुप्रीम कोर्ट ने दिया अहम फैसला

**नई दिल्ली,22 अगस्त।** 11 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट की दो जजों की बेंच ने आदेश दिया था कि दिल्ली-एनसीआर में कुत्ते सड़कों और गलियों में नहीं, बल्कि शेल्टर होम में रहेंगे। ये आदेश कुत्तों के काटने के बढ़ते मामलों को देखते हुए दिया गया था। हालांकि शुक्रवार (22 अगस्त) को सुप्रीम कोर्ट की तीन जजों की बेंच ने इस फैसले में संशोधन करते



हुए नया आदेश जारी किया है। सुप्रीम कोर्ट ने अपने इस फैसले में कहा है कि आवारा कुत्तों को शेल्टर होम में नहीं रखा जाएगा। नगर निगम ने जिन आवारा कुत्तों को पकड़ा है, उन्हें भी वापस उसी इलाके में छोड़ना होगा। हालांकि छोड़ने से इन कुत्तों की नसबंदी और टीकाकरण होगा। आवारा कुत्तों को खाना खिलाने के अलग से जगह बनाई जाएंगी। केवल उन्हीं जगहों पर कुत्तों को खाना दिया जाएगा। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। फीडिंग जोन बनाने के लिए एनजीओ को 25000 रुपए की धनराशि दी जाएगी।

### सुप्रीम कोर्ट के बड़े निर्देश इस प्रकार हैं

- सर्वोच्च कोर्ट ने निर्देश दिया है कि नगर निगम के अधिकारियों को 11 अगस्त को दिए गए कुत्तों के लिए आश्रय और बाड़े बनाने वाले निर्देश का पालन करना होगा।
- सड़कों से अब कुत्तों को नहीं उठाया जाए और पहले से उठाए गए कुत्तों की नसबंदी और टीकाकरण के बाद उन्हें उसी क्षेत्र में वापस छोड़ दिया जाए।
- हालांकि आक्रामक और बीमार कुत्तों को उठाकर उनका टीकाकरण और नसबंदी की जाए, लेकिन उन्हें वापस सड़कों पर न छोड़कर शेल्टर होम में रखा जाए।
- जो लोग कुत्तों को अपने घर में रखना चाहते हैं, वे कुत्तों को गोद लेकर उन्हें अपने पास रख सकेंगे। कुत्तों से किसी भी तरह की परेशानी के जिम्मेदार कुत्तों को गोद लेने वाले मालिक होंगे।
- कुत्तों को गोद लेने के लिए संबंधित नगर निकायों में आवेदन करना होगा। इसके बाद कुत्तों पर टैग लगाया जाएगा और गोद लेने वाले को सौंप दिया जाएगा। गोद लिए गए कुत्ते सड़कों पर न आएं, ये जिम्मेदारी गोद लेने वाले मालिकों की होगी।
- नगर पालिका के अधिकारी कुत्तों को भोजन देने वाली जगह बनाएं। कुत्तों की आबादी को ध्यान में रखते हुए निर्धारित किया जाएगा कि उन्हें खाना देने के लिए कितनी जगह बनानी हैं।
- साथ ही कोर्ट ने निर्देश दिए कि अलग-अलग जगहों पर नोटिस बोर्ड लगाए जाने चाहिए, जिनमें बताया जाए कि कुत्तों को किस जगह पर खाना देना है। किसी भी स्थिति में सड़कों पर कुत्तों को खाना देने की अनुमति नहीं होगी, क्योंकि ऐसा करने से सड़कों पर चलने वाले लोगों को परेशानी होती है।
- नियमों का उल्लंघन करने वालों की शिकायत देने के लिए सभी नगर पालिका प्राधिकरणों को हेल्पलाइन नंबर जारी करना होगा।
- कोई भी व्यक्ति या संगठन निर्देशों का पालन करने में परेशानी उत्पन्न नहीं करेगा। अगर कोई ऐसा करता है, तो उल्लंघनकर्ता के खिलाफ लोक कर्तव्य निर्वहन में बाधा डालने के लिए मुकदमा चलाया जाएगा।
- कोर्ट में पक्ष रखने वाले प्रत्येक डॉग लवर को 25000 रुपए और एनजीओ को 2 लाख रुपए की रजिस्ट्री जमा करानी होगी। अगर वे ऐसा नहीं करते हैं, तो उन्हें भविष्य में इस मामले से जुड़ी सुनवाई में भाग लेने की अनुमति नहीं मिलेगी। इस धन राशि का इस्तेमाल संबंधित नगर निकायों को दिया जाएगा.

# शिक्षकों के वेतनमान मामले में हाईकोर्ट ने जताई नाराजगी

**बिलासपुर,22 अगस्त।** क्रमोन्नत वेतनमान की मांग को लेकर 300 शिक्षकों ने हाईकोर्ट में अलग-अलग याचिका लगाई है. जिस पर एकसाथ सुनवाई हुई, इस दौरान राज्य शासन की ओर से पैरवी कर रहे महाधिवक्ता कार्यालय के विधि अधिकारियों ने जवाब पेश करने के लिए समय मांगा. इस पर कोर्ट ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि जब पहले से ही सुनवाई की तारीख तय थी, तो तैयारी अधूरी क्यों रही. हालांकि, अदालत ने राज्य सरकार को अंतिम मौका देते हुए 15 सितंबर तक जवाब पेश करने का निर्देश दिया है. याचिकाकर्ताओं का आरोप है कि स्कूल शिक्षा विभाग और DPI ने समान प्रकरणों में भेदभाव किया है. मामले की सुनवाई जस्टिस रविंद्र अग्रवाल की सिंगल बेंच में हुई. अब इन सभी याचिकाओं पर 15 सितंबर के बाद सुनवाई होगी. साथ ही याचिकाकर्ताओं के वकीलों को भी रिप्लाई (रिज्वाइंडर) दाखिल करने की अनुमति दी गई है.दरअसल, इससे पहले शिक्षिका सोना साहू की याचिका पर हाई कोर्ट ने राज्य शासन को क्रमोन्नत वेतनमान और एरियर्स की राशि भुगतान का आदेश दिया था. आदेश के बाद सरकार ने शिक्षिका के खाते में वेतनमान और एरियर्स जमा भी कराए थे. हाई कोर्ट का यह फैसला शिक्षकों के लिए टर्निंग पाइंट साबित हुआ. इसके बाद पूरे प्रदेश में बड़ी संख्या में शिक्षक क्रमोन्नत वेतनमान को लेकर कोर्ट का दरवाजा खटखटाने लगे. जानकारी के अनुसार अब तक 27 हजार से अधिक शिक्षकों ने याचिकाएं दायर कर दी हैं, जिन पर क्रमवार सुनवाई शुरू होगी. सोना साहू केस के बाद जिन शिक्षकों ने तुरंत याचिका लगाई थी, उन्हें हाई कोर्ट ने विभाग के समक्ष अभ्यावेदन देने और नियमानुसार कार्रवाई करने का निर्देश दिया था. इन शिक्षकों ने अभ्यावेदन पेश भी किया, लेकिन स्कूल शिक्षा विभाग और डीपीआइ ने उन्हें खारिज कर दिया. अब ऐसे शिक्षक भी पुनः हाई कोर्ट पहुंचे हैं.

# नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई : 2 युवतियों समेत 5 आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर,22 अगस्त।** नशे के खिलाफ रायपुर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है. पुलिस ने 273.19 ग्राम हेरोइन के साथ 2 युवतियों समेत 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है. जब्त हेरोइन की कीमत 27.88 लाख रुपए बताई जा रही है. पकड़े गए आरोपियों में मनमोहन सिंह, जसप्रीत कौर, दिव्या जैन, विजय मोटवानी और नितिन पटेल शामिल हैं. पूरा मामला कबीर नगर थाना क्षेत्र का है. पुलिस आज पूरे मामले का खुलासा करेगी. हाल ही में रायपुर पुलिस ने नेहरू नगर स्थित बूढ़ातालाब कंटेनर के पास एक महिला सहित तीन आरोपियों को भी 6.42 ग्राम हेरोईन (चिट्टा) के साथ रंगेहाथ पकड़ा था. एक सप्ताह पहले भी थाना टिकरापारा में ड्रग्स सप्लाई नेटवर्क में पंजाब के अंतर्राज्यीय तस्कर सहित स्थानीय नेटवर्क के 9 आरोपियों को 412 ग्राम



हेरोइन (चिट्टा) के साथ गिरफ्तार किया गया था. पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज रायपुर अमरेश मिश्रा, पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह ने नशे के विरूद्ध प्रभावी कार्रवाई करते हुए अंतर्राज्यीय सप्लायरों व स्थानीय नेटवर्क के गठजोड़ को समाप्त करने के निर्देश दिए हैं. इसके चलते लगातार नशे के खिलाफ रायपुर पुलिस की कार्रवाई जारी है.

# सीएम विष्णुदेव साय ने टोक्यो स्थित ऐतिहासिक असाकुसा मंदिर में पूजा कर की जापान दौरे की शुरुआत

**रायपुर, 22 अगस्त.** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने जापान पहुंचने के बाद सबसे पहले जापान की राजधानी टोक्यो में स्थित ऐतिहासिक असाकुसा मंदिर के दर्शन किए। टोक्यो का यह सबसे प्राचीन और प्रतिष्ठित मंदिर शांति और सामर्थ्य का प्रतीक माना जाता है। मुख्यमंत्री श्री साय ने मंदिर में पूजा-अर्चना कर छत्तीसगढ़ की 3 करोड़ जनता की खुशहाली, समृद्धि और निरंतर प्रगति की कामना की। उन्होंने कहा कि यह मंदिर मानवता को शांति और शक्ति का संदेश देता है और यही भाव छत्तीसगढ़ की जनता की आकांक्षाओं में भी झलकता है। उल्लेखनीय है कि भारतीय व्यापार संवर्धन संगठन (ITPO), भारत सरकार के आमंत्रण पर मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ का एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल जापान और दक्षिण कोरिया के दौरे पर है। इस ग्लोबल आउटरीच मिशन का उद्देश्य छत्तीसगढ़ को वैश्विक निवेश मानचित्र पर स्थापित करना और अंतरराष्ट्रीय सहयोग के नए अवसरों को तलाशना है।



# अब अपनी मर्जी से हेल्थ इंश्योरेंस महंगा नहीं कर पाएंगी बीमा कंपनियां

**नई दिल्ली,22 अगस्त।** हेल्थ इंश्योरेंस से जुड़ी हुई एक बड़ी खबर सामने आई है.सूत्रों से जानकारी मिली है कि स्वास्थ्य बीमा की प्रीमियम बढ़ोतरी को सीमित करने की दिशा में भारतीय बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण एक बड़ा कदम उठाने की सोच रहा है. IRDAI जल्द ही इससे जुड़ा एक कंसल्टेशन पेपर जारी कर सकता है, जिसमें स्वास्थ्य बीमा की प्रीमियम बढ़ोतरी को कंट्रोल करने के नियमों का प्रपोजल होगा. इसका मकसद है कि बीमा कंपनियां मनमाने ढंग से प्रीमियम न बढ़ाएं और आम लोग आसानी से स्वास्थ्य बीमा ले सकें. इस कदम से बीमा क्षेत्र को मजबूत करने के साथ-साथ पॉलिसीधारकों के लिए खर्च को किफायती रखने की कोशिश की जा रही है. IRDAI का मानना है कि कई स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी शुरू में कम प्रीमियम के साथ आती हैं, लेकिन समय के साथ इनके दाम बहुत ज्यादा बढ़ जाते हैं. इससे लोगों के लिए बीमा को जारी रखना मुश्किल हो जाता है. खासकर, जो लोग बुजुर्ग नहीं हैं, उन्हें प्रीमियम में भारी बढ़ोतरी का सामना करना पड़ता है, क्योंकि IRDAI ने बुजुर्गों (60 साल से ऊपर) के लिए प्रीमियम बढ़ोतरी को 10% तक सीमित कर दिया है. इससे युवा पॉलिसीधारकों पर ज्यादा बोझ पड़ रहा है. IRDAI अब पूरे बीमा पोर्टफोलियो के लिए प्रीमियम बढ़ोतरी को मेडिकल महंगाई (मेडिकल इन्फ्लेशन) के आधार पर सीमित करने की योजना बना रहा है, ताकि सभी के लिए बीमा किफायती रहे. स्वास्थ्य बीमा का बाजार तेजी से बढ़ रहा है. 2025 में, सामान्य बीमा उद्योग की कुल प्रीमियम आय का लगभग 40% हिस्सा स्वास्थ्य बीमा से आने की उम्मीद है. कोविड महामारी के बाद अस्पतालों के खर्च और क्लेम में भारी बढ़ोतरी हुई है.

# कोकिला बेन अस्पताल में भर्ती

**मुंबई,22 अगस्त।** उद्योगपति मुकेश और अनिल अंबानी की मां कोकिलाबेन की तबीयत अचानक बिगड़ गई है। उनको शुक्रवार को मुंबई के एचएन रिलायंस अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वह 91 वर्ष की हैं। रिलायंस के संस्थापक दिवंगत धीरूभाई अंबानी की पत्नी कोकिलाबेन को आपातकालीन परिस्थियों के कारण एयरलिफ्ट करके मुंबई के अस्पताल लाया गया है। डॉक्टरों ने उनके स्वास्थ्य को लेकर कोई जानकारी नहीं दी है। अंबानी परिवार अस्पताल पहुंच गया है।

रिपोर्ट के मुताबिक, अस्पताल पहुंचने पर तुरंत चिकित्सकों की टीम ने कोकिलाबेन की स्थिति का आकलन किया। उनकी जांच कराई गई है। चिकित्सक टीम को उनकी निगरानी में रखा गया है। चिकित्सकों ने अभी साफतौर पर कुछ नहीं कहा है, लेकिन प्रारंभिक जांच में कुछ अस्थायी शारीरिक असंतुलन और कमजोरी बताई जा रही है, जो बढ़ती उम्र के कारण है। अनिल और टीना अंबानी कलिना हवाई अड्डे पर देखे गए, वहीं मुकेश अंबानी भी कार से अस्पताल पहुंचे हैं।

कोकिलाबेन की शादी धीरूभाई से 1995 में हुई थी। उन्होंने उनके जीवन में काफी साथ दिया। कोकिलाबेन के 4 बच्चे हैं, जिनमें मुकेश, अनिल, नीना कोठारी और दीप्ति साल्गांवकर शामिल हैं।

# जीएसटी 2.0 आर्थिक विकास को देगा मजबूती : ओपी चौधरी

रायपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जीएसटी 2.0 लाने की घोषणा की है. छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने इसे देश के मध्यमवर्गीय और निम्नवर्गीय परिवारों को बड़ी राहत पहुंचाने वाला फैसला बताया है. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने पहले इनकम टैक्स के स्लैब को ऐतिहासिक रूप से 12 लाख बढ़ा करके देश के मध्यमवर्गीय निम्न मध्यम वर्गीय परिवारों को बहुत बड़ी राहत दी. लाखों करोड़ रुपए की राहत पहुंचाई और आज उनकी बचत क्षमता बढ़ी है. इकॉनमी में कंजम्पशन बढ़ा है, इकॉनमी की ग्रोथ मिल रही है और देश तेजी से आगे बढ़ रहा है. वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने आगे कहा कि पीएम मोदी ने इनकम टैक्स में भारत सरकार की आय को कम करते हुए बड़ा क्रांतिकारी निर्णय लिया था. इसी कड़ी में उन्होंने लाल किले की प्राचीर से स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जीएसटी 2.0 के माध्यम से बहुत बड़े रिफॉर्म की घोषणा देश की जनता के हित में किया है. इससे बहुत सारे आइटम्स में रेट रेशनलाइजेशन की भी कवायद चल रही है. अभी ग्रुप ऑफ मिनिस्टर्स की बैठकों में भी मैं सम्मिलित रहा. उनमें भी इसी दिशा में बहुत सारे सकारात्मक कार्य हो रहे हैं. बहुत सारे कमोडिटी के, बहुत सारे वस्तुओं के, बहुत सारी सेवाओं के के दाम में कीमत में बहुत तेजी से कमी लाने की दिशा में प्रधानमंत्री के निर्देश पर भारत सरकार और जीएसटी काउंसिल सब लोग आगे बढ़ने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं. इससे जीएसटी की दरों में कमी होने से रेट रेशनलाइजेशन होने से मध्यम वर्ग, निम्न मध्यम वर्ग और बहुत बड़ी संख्या में गरीब परिवारों को बहुत बड़ी राहत मिलने जा रही है. मंत्री चौधरी ने आगे कहा कि यह देश के लिए, देश की इकॉनमी के लिए, देश के लोगों के लिए बहुत बड़ी बात होगी. इसके साथ ही जो कंप्लायंस है, उसको बढ़ाने की दिशा में, स्ट्रक्चरल रिफॉर्म्स की दिशा में, सिंप्लिफिकेशन की दिशा में पंजीयन एकदम आसान हो, इनपुट लेना आसान हो, इन सभी दिशा में टेक्नोलॉजी का उपयोग करके आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग करके इस दिशा में बहुत तेजी से रिफॉर्म्स की दिशा में आगे बढ़ रही है और इससे निश्चित रूप से देश की इकॉनमी में लोगों को फायदा होगा, लोगों की बचत क्षमता बढ़ेगी, लोगों के कंजंक्शन क्षमता बढ़ेगी और आर्थिक विकास की दर में बहुत तीव्रता के साथ वृद्धि होगी. वित्त मंत्री कहा कि कई लोग बोलते हैं कि इससे अभी मुझे किसी ने सवाल किया कि छत्तीसगढ़ के जीएसटी पर क्या कमी आएगी? इस तरह की बातें, इस तरह के सवाल पूछे गए. मैं बताना चाहूंगा मैं जो मेरी अर्थव्यवस्था की सीमित समझ के आधार पर जो मेरी समझ है, उसके आधार पर मैं बताना चाहूंगा कि कोई भी अर्थव्यवस्था में जब टैक्स के रेट कम होते हैं, टैक्स के प्रोसेस का सिंप्लिफिकेशन होता है, रिफॉर्म होता है तो टैक्स के रेट कम होने से एक बार के लिए तो लग सकता है कि इतना राजस्व कम हुआ या ऐसा हुआ. लेकिन इकॉनमी में कंजंक्शन क्षमता बढ़ती है, बचत क्षमता बढ़ती है और उसके कारण लॉन्ग टर्म इकोनॉमिक ग्रोथ को बूस्ट मिलता है और दीर्घकालिक आर्थिक विकास के कारण राजस्व में भी वृद्धि होती है. और और इस दृष्टिकोण से आर्थिक विकास की दृष्टि से गरीबों, निम्न मध्यम वर्गीय परिवारों, मध्यम वर्गीय परिवारों सभी के दृष्टिकोण से यह ऐतिहासिक क्रांतिकारी कदम इनकम टैक्स के 1200000 की छूट के बाद होने जा रहा है. इससे निश्चित रूप से देश की जनता और देश की अर्थव्यवस्था लाभान्वित होगी.

## एक नजर

### पैसा नहीं देने पर मारपीट,आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई, 22 अगस्त।** भिलाई शराब पीने के लिए पैसा नहीं देने पर मारपीट करने वाले आरोपी को अंजोरा चौकी पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेजा गया है अंजोरा चौकी प्रभारी संतोष साहू ने बताया कि प्रार्थी मंशाराम निषाद निवासी ग्राम महमरा बस्ती मंच के पास चौकी अंजोरा ने शिकायत दर्ज कराई थी कि वह अपने दोस्त देवेंद्र निषाद एवं सूरज निषाद के साथ शिवनाथ नदी एनिकट के पास मछली पकड़ने गया हुआ था इसी दौरान गांव का रहने वाला आरोपी हेमंत निषाद शराब पीने के लिए 200 रुपए मांगने लगा जब प्रार्थी ने पैसा नहीं दिया तो आरोपी ने गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर मारपीट की थी।

### युवक आत्महत्या,आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई, 22 अगस्त।** भिलाई अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने पर युवक के आत्महत्या मामले में वैशाली नगर थाने पुलिस ने पंजाब से ट्रांजिस्ट्र रिमांड लेकर आरोपी को लाया पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है वैशाली नगर प्रभारी अमित अंदानी ने बताया कि 13 जून को अमर सिंह (30 साल) निवासी शांति नगर ने अपने भाई हरविन्दर सिंह के नाम गुम इंसान दर्ज कराया पुलिस ने गुम इंसान कायम कर जांच में ली। थाना जीआरपी के मर्ग मामले में धारा 194 बीएनएसएस की डायरी अग्रिम जांच कार्रवाई के लिए वरिष्ठ कार्यालय से प्राप्त होने पर मृतक हरविन्दर सिंह के भाई प्रार्थी अमर सिंह का कथन लिया गया। उन्होंने अपने कथन में बताया कि उनके भाई मृतक हरविन्दर सिंह के मोबाइल में षड़यंत्र कर पंजाब से मोबाइल नम्बर से उसका अश्लील वीडियो वायरल करने के नाम पर पैसा मांगा गया था। मृतक के द्वारा 12 जून को अपने निवास स्थान शांति नगर से पैसा देने पर आरोपी ने पुन अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर पैसों की मांग करते हुए प्रताड़ित किया। जिससे क्षुब्ध होकर मृतक हरविन्दर सिंह 13 जून की सुबह घर से निकल कर ट्रेन भगत की कोठी के सामने कुदकर आत्महत्या कर ली। इस मामले में वैशाली नगर पुलिस ने धारा 108, 308(2), 61 (2) बीएनएस के तहत पंजीबद्ध कर विवेचना में ली। आरोपी की तलाश के लिए दीगर राज्य पंजाब टीम रवाना किया गया, जहां से आरोपी परमजीत सिंह (25 साल ) को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर उसने अपना अपराध कबूल किया ।

### महिला ने ट्रेन से कटकर जान दी

**भिलाई, 22 अगस्त।** भिलाई परिवार में हुए विवाद के बाद परेशान एक महिला ने ट्रेन के नीचे कट कर जान दे दी मौके पर पहुंची पदमनाभपुर थाने पुलिस ने शव को मर्चुरी में रख दिया है और जांच कर रही है पदमनाभपुर पुलिस ने बताया कि बोरसी भाटा दैहान के पास रहने वाली रईसा खान 50 वर्ष पति शमीम खान बुधवार की रात को ट्रेन के नीचे आकर जान दे दी है वह पारिवारिक रूप से परेशान थी पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### धान में काई की समस्या एवं निदान



**दुर्ग, 22 अगस्त ।** कृषि विज्ञान केन्द्र, पाहंदा (अ), दुर्ग के वैज्ञानिकों ने धान के खेतों का भ्रमण किया तो यह पाया कि धान में काई की समस्या बहुतायत में बढ़ रही है। काई धान की खेती में आने वाली एक प्रमुख समस्या है, जिसके निदान हेतु प्रायः किसान भाई कोई उपाय नहीं करतें फलस्वरूप उपज में कमी आ जाती है। पानी भरे खेत में कंसे निकलने से पहले ही काई का जाल फैल जाता है, जिससे धान के पौधे तिरछे हो जाते है। पौधे में कंसे नही निकल पाते है एक से दो ही कंसे रह जाते है जिससे बालियों की संख्या कम बनती है और अंत में उत्पादन में कमी आ जाती है। सतह पर काई फैल जाने से धान में डाले जाने वाली उर्वरक की मात्रा जमीन तक नहीं पहुंच पाती, जिससे पौधे में पोषक तत्व की कमी के साथ-साथ डाले गए उर्वरक की भी हानि होती है।

### गंगरेल जलाशय के आर्द्रभूमि क्षेत्र से केजों का स्थानांतरण

**धमतरी, 22 अगस्त ।** गंगरेल जलाशय के फुटहामुड़ा से संबंधित आर्द्रभूमि क्षेत्र में स्थापित क्रेजों के स्थानांतरण एवं स्थापना की कार्रवाई उच्च न्यायालय बिलासपुर के आदेश के अनुपालन में पूर्ण पारदर्शिता के साथ की गई। गंगरेल जलाशय के फुटहामुड़ा क्षेत्र से 31 हितग्राहियों द्वारा 570 केजों को हटाकर खिड़कीटोला, डांगीमाचा एवं गंगरेल लास्ट गार्डन में विधिवत स्थापित किया गया है। शेष 12 हितग्राहियों के 204 केज भी आगामी 7 दिवसों में पूर्णतः स्थानांतरित कर दिये जायेंगे।

# कैबिनेट मंत्री गजेंद्र यादव के प्रथम नगर आगमन पर लोगों ने किया स्वागत



**भिलाई, 22 अगस्त ।** प्रदेश के स्कूल शिक्षा, ग्रामोद्योग, विधि एवं विधायी मंत्री गजेन्द्र यादव के प्रथम नगर आगमन पर भव्य स्वागत किया गया। प्रथम भिलाई आगमन पर भिलाई ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह छोटू द्वारा खुर्सीपार गेट पर आत्मीय स्वागत किया गया। दुर्ग सर्किट हाउस में पुलिस के जवानों द्वारा सलामी दी गई। वहीं जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों और शिक्षा विभाग के अधिकारियों द्वारा पुष्प गुच्छ एवं पुष्प माला से भव्य स्वागत किया गया। यहां पर आम नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों ने भी कैबिनेट मंत्री श्री यादव का स्वागत एवं सम्मान किया। प्रथम नगर आगमन एवं नगर भ्रमण के दौरान नगर वासियों ने भी आत्मीय स्वागत किये।

### महिला समृद्धि सब्जी बाजार में निगम ने कब्जे हटाए

**दुर्ग,22 अगस्त।** नगर पालिक निगम दुर्ग ने आज सुबह महिला समृद्धि सब्जी बाजार क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने की बड़ी कार्यवाही की। निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल के सख्त निर्देश और महापौर श्रीमती अलका बाघमार के मार्गदर्शन में अतिक्रमण अधिकारी परमेश्वर के नेतृत्व में तोड़ू दस्ते ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई को अंजाम दिया।पिछले दिनों निगम द्वारा यहां से अतिक्रमण हटाया गया था।

लेकिन कुछ दुकानदारों ने पुनः सड़क क्षेत्र पर कब्जा कर लिया था। उन्होंने बॉस-बल्ली गाड़कर व तंबू डालकर बाजार की सड़कों को संकरा कर दिया था।

जिससे आमजन को आवागमन में परेशानी हो रही थी। इस पर निगम ने तत्काल एक्शन लेते हुए पूरे क्षेत्र को खाली कराया।अभियान में 25 से अधिक अतिक्रमण हटे।



### एचटीसी को मिली छत्तीसगढ़ की सर्वश्रेष्ठ ट्रांसपोर्टर की उपाधि

**भिलाई, 22 अगस्त ।** अदानी सीमेंट की नेशनल लॉजिस्टिक मीट 2025 अहमदाबाद गुजरात में हुई। जिसमें हैवी ट्रांसपोर्ट कंपनी एचटीसी को छत्तीसगढ़ के सर्वश्रेष्ठ ट्रांसपोर्टर की उपाधि से सम्मानित किया गया। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर एचटीसी के युवा डायरेक्टर इन्द्रजीत सिंह छोटू ने अदानी सीमेंट के सीईओ विनोद बाहेती, सीएफओ राकेश तिवारी और उनकी टीम के प्रति आभार व्यक्त किया जिन्होंने एचटीसी दलबीर सिंह एंड संस को सर्वश्रेष्ठ ट्रांसपोर्ट के रूप में चयनित कर सम्मान किया।



### मनीष पांडेय ने की पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर से भेंट

**भिलाई, 22 अगस्त ।** भारतीय जनता युवा मोर्चा छत्तीसगढ़ प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मनीष पाण्डेय ने बृहस्पतिवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर से आत्मीय भेंट की। अपने दिल्ली प्रवास के दौरान पाण्डेय ने ठाकुर से मुलाकात कर उनका अभिनंदन किया एवं युवाओं से जुड़े विभिन्न विषयों पर उनसे चर्चा की।

## आयुक्त ने खुर्सीपार में निर्माणाधीन पानी टंकी का किया निरीक्षण



**भिलाई, 22 अगस्त ।** आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय खुर्सीपार अंतर्गत निर्माणाधीन पानी टंकी, डोम शेड, सीमेंटीकरण रोड एवं इंडोर स्टेडियम का निरीक्षण किया । आयुक्त ने वार्ड क्र. 45 में निर्माणाधीन उच्च स्तरीय क्षमता वाले पानी टंकी का निरीक्षण किया। पानी टंकी के निर्माण से क्षेत्र के लगभग 5000 परिवारों को पानी की समस्या से निजात मिल जाएगा। साथ ही निचली बस्तियों में कम प्रेशर के कारण पानी नहीं पहुंच पाता, उन्हें भी पर्याप्त पानी मिल सकेगा। समीपस्थ निर्माणाधीन डोम शेड का निरीक्षण कर निर्माण कार्य अविलंब पूर्ण करने निर्देशित किया गया है। आयुक्त ने श्रीराम चौंक समीपस्थ गली अंदर किए गए सीमेंटीकरण रोड का अवलोकन किया। सी.सी. रोड के निर्माण हो जाने से नागरिकों को सुगम आवागमन की सुविधा मिलेगा। वार्ड क्र. 51 में पूर्व से निर्मित इंडोर स्टेडियम है, जिसका संधारण कार्य प्रगति पर है, उक्त स्टेडियम का निरीक्षण कर कार्य शीघ्र पूर्ण करने निर्देशित किया गया है। सामने रिक्त स्थल में स्वीमिंग पुल निर्माण हेतु जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे द्वारा चर्चा किया गया। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता रवि सिन्हा, उप अभियंता चंद्रकांत साहू, सहायक राजस्व अधिकारी बालकृष्ण नायडू, जोन स्वास्थ्य अधिकारी हेमंत मांझी उपस्थित रहे।

### चंद्राकर समाज के अध्यक्ष गजेंद्र चंद्राकर,उपाध्यक्ष राजेंद्र चंद्राकर

**भिलाई, 22 अगस्त ।** चंद्राकर समाज दुर्ग राज, उपक्षेत्र भिलाई नगर का चुनाव सम्पन्न हुआ, जिसमें 41 प्रतिनिधियों ने भाग लिया।



अध्यक्ष पद पर गजेंद्र चंद्राकर, उपाध्यक्ष राजेंद्र चंद्राकर, महासचिव मोरजध्वज चंद्राकर, कोषाध्यक्ष मदन चंद्राकर और संगठन सचिव राजेंद्र चंद्राकर निर्वाचित हुए। राज प्रतिनिधि के रूप में शिव चंद्राकर, तेजेंद्र चंद्राकर, पवन चंद्राकर, महेश चंद्राकर, अजय चंद्राकर, मोरजध्वज चंद्राकर, रामधनुष चंद्राकर और दिलीप चंद्राकर चुने गए। महिला राज प्रतिनिधि सरिता मुरारी चंद्राकर एवं करुणा देवेंद्र चंद्राकर निर्वाचित हुईं। चुनाव अधिकारियों प्रदीप चंद्राकर, रामशरण चंद्राकर और कार्तिक चंद्राकर की देखरेख में चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न हुई।

## मचांदुर शासकीय माध्यमिक विद्यालय को मंच का हस्तांतरण

**भिलाई, 22 अगस्त ।** जिले के संकुल केन्द्र मचांदूर के शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय में नवनिर्मित स्कूल मंच का विधिवत हस्तांतरण 21 अगस्त को आयोजित समारोह में किया गया। इस अवसर के मुख्य अतिथि महाप्रबंधक शिवराजन रहे, जिन्होंने उद्घाटन पट्टिका का अनावरण कर एवं विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सुश्री पूर्णिमा साहू को प्रमाणपत्र प्रदान कर इस मंच को विद्यालय को सौंपा। मुख्य अतिथि शिवराजन ने अपने उद्बोधन में बताया कि दुर्ग जिले के अंतिम गाँव मचांदूर की आवश्यकता को देखते हुए मंच निर्माण की प्रक्रिया ग्रामीण अभियांत्रिकी विभाग द्वारा पूरी की गई है। उन्होंने कहा कि यदि यह गाँव समृद्ध होगा तो आसपास के



गांव भी समृद्ध होंगे। उन्होंने विद्यार्थियों की उपलब्धियों की सराहना की और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष पार्वती देवांगन, प्रधानाचार्य बी.एन. चौधरी, उप सरपंच दुष्यंत साहू, शासकीय प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सुश्री अंजू गोस्वामी, वरिष्ठ व्याख्याता रात्रे, उप महाप्रबंधक श्रीमती अपर्णा चंद्रा, उप प्रबंधक के.के. वर्मा, सहायक आशुतोष सोनी सहित विद्यालय के शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। विद्यालय के बाल कैबिनेट के प्रधानमंत्री मास्टर कुलदीप ने मंच के उपयोगों को स्पष्ट रूप से प्रस्तुत किया। शिक्षक मिलिंद चंद्रा ने बताया कि छात्रों ने सामाजिक विज्ञान के पाठ्यक्रम में भिलाई इस्पात संयंत्र के योगदान का अध्ययन किया है और अपने ही विद्यालय में सीएसआर के अंतर्गत 1994-95 में दो कमरों का निर्माण, 1996-97 में एवी हॉल, 2015 में बालिका शौचालय और अब 2024-25 में मंच का निर्माण देखना उनके लिए गर्व की बात है। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक मिलिंद चंद्रा ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन माध्यमिक विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सुश्री पूर्णिमा साहू द्वारा प्रस्तुत किया गया।




### अंकुश ने संस्कृति मंत्री को दुनिया के सबसे बड़े कृष्ण-अर्जुन रथ का मॉडल किया भेंट

**भिलाई, 22 अगस्त ।** सांसद विजय बघेल के नेतृत्व में सुप्रसिद्ध मूर्तिकार डॉ. अंकुश देवांगन ने नई दिल्ली के संसद भवन में केंद्रीय संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत से मुलाकात की। अंकुश ने संस्कृति मंत्री को दुनिया के सबसे बड़े कृष्ण-अर्जुन रथ के मॉडल को भेंट दिया इस दौरान संघ से रोशन ताम्रकार तथा छत्तीसगढ़ से अनेक युवा नेता मौजूद थे। मंत्री ने इस नयनाभिराम कलाकृति की प्रशंसा करते हुए कहा कि वर्तमान में भारत देश सांस्कृतिक पुनर्जागरण के अभूतपूर्व दौर से गुजर रहा है और वे कलाकारों को हरसंभव मदद करेंगे।

## रेलवे रायपुर मंडल के भिलाई में उत्कृष्टता केंद्र का उद्घाटन



**भिलाई, 22 अगस्त।** द.पू.मध्य रेलवे रायपुर मंडल के भिलाई में उत्कृष्टता केंद्र का उद्घाटन प्रधान मुख्य विद्युत अभियंता रामेन्द्र कुमार तिवारी द्वारा किया गया। समारोह में दयानंद, मंडल रेल प्रबंधक, जी.सी. सोलंकी मुख्य विद्युत अभियंता, अनुराग तिवारी, वरि.मंडल विद्युत अभियंता एवं अन्य अधिकारी व कर्मचारी की उपस्थिति रही । उत्कृष्टता केंद्र भिलाई में सालना 1551 चालक दल कर्मियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा 7 इस केंद्र की प्रमुख विशेषताओं में से एक है सभी प्रकार की लोकोमोटिव जैसे डब्लूएजी-9, डब्लूएजी-7, डब्ल्यूडीजी-4 एवं मेमू के बोगियों को खुले और सुलभ रूप से एक पार्क में प्रदर्शित किया गया है । इस अनोखी व्यवस्था से चालक दल सदस्यों को बोगी के उन हिस्सों को देखने की सुविधा प्रदान होती है, जो सामान्य संचालन के दौरान दिखाई नहीं देते। बोगी के प्रत्येक भागों को उनके नाम, कार्य, निरीक्षण बिंदु और सामान्य खराबी प्रकारों के साथ नामांकित किया गया है। यह व्यावहारिक तरीका चालक दल कर्मियों की तकनीकी समझ और दक्षता को उल्लेखनीय रूप से बेहतर बनाने में सहायक होगा ।

## एसपी ने उप. निरीक्षक विमल कुमार को स्टार लगाकर निरीक्षक के पद पर पदोन्नत किया

**कवर्धा,22 अगस्त।** पुलिस महानिदेशक, नया रायपुर (छत्तीसगढ़) के आदेशानुसार जारी योग्यता सूची वर्ष 2025 के अंतर्गत जिला कबीरधाम के चौकी पोडी में पदस्थ उप. निरीक्षक विमल कुमार लावनिया को निरीक्षक पद पर पदोन्नति प्रदान की गई। दिनांक 21 अगस्त 2025 को पुलिस अधीक्षक कार्यालय कबीरधाम में पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह द्वारा पदोन्नत अधिकारी के एक कंधे पर स्टार लगाया गया तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल द्वारा दूसरे कंधे पर स्टार लगाकर उन्हें निरीक्षक



पद की नई जिम्मेदारी सौंपी गई। इसके उपरांत पुलिस अधीक्षक ने पदोन्नत अधिकारी को मिष्ठान खिलाकर शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि -÷पदोन्नति केवल पद और दायित्व की वृद्धि नहीं, बल्कि यह कर्तव्यों के प्रति समर्पण और कार्यकुशलता की स्वीकृति है। आशा है कि पदोन्नत अधिकारी विमल लावनिया अपने अनुभव, निष्ठा और मेहनत से विभाग की गरिमा को और ऊँचाई प्रदान करेंगे।उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर पदोन्नति की बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामनाएं व्यक्त कीं।

## 230 कुपोषित बच्चों को मिला सुपोषण मोदक

**धमतरी, 22 अगस्त।** जिले में कुपोषण उन्मूलन की दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में आज कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा ने जिला मुख्यालय स्थित शासकीय आयुष पॉलीक्लिनिक में आयोजित स्वर्ण प्राशन कार्यक्रम में पहुंचकर बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण एवं सुपोषण गतिविधियों का निरीक्षण किया।

कार्यक्रम के अंतर्गत विकासखंड कुरूद के 230 गंभीर कुपोषित बच्चों को आयुष विभाग द्वारा स्वर्णप्रशन, सुपोषण मोदक का सेवन कराया गया । यह कार्यक्रम आयुष विभाग, आंगनबाड़ी केंद्रों तथा स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त सहयोग से संचालित किया गया । बच्चों को नियमित रूप से माह में दो बार आयुष चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण की भी सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

कलेक्टर श्री मिश्रा ने उपस्थित अधिकारियों एवं चिकित्सकों से चर्चा करते हुए कहा कि कुपोषण से जूझ रहे बच्चों को स्वस्थ और सुपोषित बनाने के लिए यह पहल अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने इस कार्य को गंभीरता एवं समर्पण के साथ संचालित करने पर बल दिया। साथ ही उन्होंने जिला आयुष अधिकारी डॉ. अवध पचौरी को निर्देशित किया कि इस कार्यक्रम को अधिक प्रभावी बनाने के लिए सतत निगरानी एवं मूल्यांकन की व्यवस्था सुनिश्चित करें।

श्री मिश्रा ने कहा कि कुपोषण मुक्त धमतरी बनाने की दिशा में आयुष विभाग, महिला एवं बाल विकास तथा स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त भूमिका अहम है। उन्होंने माताओं एवं अभिभावकों से भी बच्चों की पोषण आवश्यकताओं पर विशेष ध्यान देने का आग्रह कियाउल्लेखनीय है कि स्वर्ण प्राशन कार्यक्रम के तहत बच्चों को औषधीय गुणों से युक्त सुपोषण मोदक दिया जाता है, जिससे उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि होती है तथा संपूर्ण शारीरिक एवं मानसिक विकास को प्रोत्साहन मिलता है।

### कलेक्टर ने मुकुंदपुर पहाड़ी पर किया पर्यटन विकास कार्यों का निरीक्षण

**धमतरी, 22 अगस्त ।** जिले में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए प्रशासन द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा ने नगरी विकासखंड अंतर्गत ग्राम मुकुंदपुर पहाड़ी का भ्रमण कर वहां चल रहे पर्यटन विकास कार्यों का निरीक्षण किया। साथ मौजूद अध्यक्ष, जिला पंचायत श्री अरुण सार्वा ने इसे पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण कहा ।



मुकुंदपुर पहाड़ी धार्मिक आस्था और प्राकृतिक सौंदर्य का संगम मानी जाती है। राम वन गमन पथ योजनांतर्गत यहां भगवान श्रीराम की भव्य प्रतिमा पूर्व में स्थापित की जा चुकी है। अब इस क्षेत्र को और आकर्षक बनाने के लिए सप्तऋषियों की प्रतिमाएं भी विभिन्न स्थानों पर स्थापित की जा रही हैं। कुछ प्रतिमाओं का फिनिशिंग वर्क जारी है । निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री मिश्रा ने भगवान श्रीराम की प्रतिमा में शेष फिनिशिंग कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने पहाड़ी पर बन रहे इंफॉर्मेशन सेंटर, रिसॉर्ट और कॉटेज का अवलोकन कर संबंधित अधिकारियों को अक्टूबर माह तक सभी निर्माण कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए। पर्यटकों की सुविधा के लिए मुकुंदपुर पहाड़ी पर आधुनिक रिसॉर्ट, कॉटेज और चौपाटी सहित भोजन की उत्तम व्यवस्था विकसित की जा रही है। कलेक्टर श्री मिश्रा ने निर्देश दिए कि कॉटेज के आसपास आकर्षक फूल-पौधे लगाए जाएं ताकि प्राकृतिक वातावरण और भी रमणीय बने। साथ ही, रेस्टोरेंट की दीवारों पर जिले के प्रमुख पर्यटन स्थलों की चित्रकारी कराई जाए, जिससे पर्यटक एक ही स्थान पर धमतरी जिले की पर्यटन धरोहर की झलक देख सकें। कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि ÷मुकुंदपुर पहाड़ी पर पर्यटन सुविधाओं का विकास स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार का नया द्वार खोलेगा।

## वन विभाग ने अतिक्रमण के विरुद्ध कार्रवाई कर आरोपी को जेल भेजा



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा , 22 अगस्त।** अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध कार्यवाही हेतु श्री निखिल अग्रवालए वनमंडलाधिकारीए कवर्धा के निर्देशन, सुयश धर दीवानए उपवनमंडलाधिकारीए पंडरिया के मार्गदर्शन तथा महेन्द्र कुमार जोशीए वन परिक्षेत्र अधिकारीए पंडरिया पूर्व एवं श्रीमती पल्लवी गंगबेर, वन परिक्षेत्र अधिकारीए पंडरिया पश्चिम के कुशल नेतृत्व में वन परिक्षेत्र पंडरिया पूर्व एवं पश्चिम के अमले द्वारा संयुक्त कार्यवाही की गई।जांच के दौरान वन परिक्षेत्र पंडरिया पूर्व अंतर्गत परिसर कोदवा के कक्ष क्रमांक पीएएफ्र् 522 वनक्षेत्र में अवैध अतिक्रमण पाए जाने पर आरोपी हरि सिंह पिता बंशीए जाति.गौड़ए निवासी ग्राम भड़गाए तहसील.कुकदूरए जिला.कबीरधाम के विरुद्ध कार्यवाही की गई।आरोपी के विरुद्ध भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 33(1)(क), 33(1)(ख), 33(1)(ग), 33(1)(च), वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम 1972 की धारा 9 सहपठित धारा 2(1), धारा 16(क), 16(ग), धारा 50, 51 एवं लोक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियमए 1984 की धारा 3 के तहत अपराध दर्ज कर वन अपराध प्रकरण क्रमांक तैयार किया गया।सुसंगत धाराओं के तहत विधिवत कार्यवाही कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया एवं माननीय न्यायालय प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेटए पंडरियाए जिला कबीरधाम छग के समक्ष प्रस्तुत किया गया। माननीय न्यायालय द्वारा आरोपी को 14 दिन की न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।अतिक्रमण रोधी कार्यवाही में देवनाथ सिदारए सुश्री अनामिका वर्मा प्रशिक्षु वनक्षेत्रपाल, विलास कुम्भकार उपवन क्षेत्रपाल, अरूण कुमार दुबे, संतोष सिंह साकत, दिलीप कुमार चन्द्राकर, सुभाष चन्द्र भारद्वाज, जोधन सिंह ठाकुर, राम सिंह साहू ;वनपालद्धए सुदर्शन साहू, गौरीशंकर साहू, कु. उमेश्वरी श्याम, अजीत कुमार पाल, तारकेश यादव, विष्णु सिंह धुर्वे, जितेन्द्र कुमार चन्द्राकरए कुण् जयश्री कौशल, श्रीराम गुप्ता एवं पुनाराम धुर्वे वनरक्षक का सराहनीय सहयोग रहा।

# तकलीफआने पर नवकार मंत्र का जाप करो : मुनि वीरभद्र

## चातुर्मासिक प्रवचनः सुपात्र दान का ज्यादा लाभ संयुक्त परिवार को मिलता है, धर्म का प्रभाव जीवन में अनुकूलता लाता है

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 22 अगस्त।** विनय कुशल मुनि के सुशिष्य एवं 171 दिन तक उपवास का रिकॉर्ड बनाने वाले जैन मुनि वीरभद्र (विराग) जी ने आज यहां कहा कि हमारे जीवन में जो तकलीफहै, वह पूर्व जन्म में हमने धर्म नहीं किया, इसकी वजह से है। उन्होंने कहा कि तकलीफआने पर नवकार मंत्र का जाप करो तो तकलीफको आसानी से पार कर जाओगे।

जैन बगीचे के नए हाल में आज मनी वीरभद्र ने कल्पसूत्र का वाचन किया। उन्होंने कहा कि कल्पसूत्र मैं साधुओं के आचार के बारे में बताया गया है। इसमें बताया गया कि साधुओं को अल्प मूल्य का श्वेत वस्त्र धारण करना चाहिए। जिस साधु को दृश्य कर( ध्यान में रखकर) भोजन बनाया गया है, उसे उसे साधु द्वारा ग्रहण नहीं करना चाहिए। बिना किसी ध्यान के सामान्य तरीके से कोई भोजन बना हो तो उसे ग्रहण करना चाहिए। जहां ठहरे हैं वहां की 12 तरह की चीजों का उपयोग नहीं करना चाहिए। जहां साधु ठहरा है वहां उसके द्वारा किए गए तब का छठवां हिस्सा उस व्यक्ति को भी मिलता है।

मुनि वीरभद्र (विराग)ज़ी ने आगे कहा कि कल्पसूत्र में वंदन, महाव्रत के बारे में भी बताया गया है। उन्होंने कहा कि प्रथम और अंतिम क्रम के साधुओं को पांच प्रतिक्रमण अवश्य करना चाहिए। बीच के साधुओं के लिए दो प्रतिक्रमण आवश्यक है। प्रथम एवं अंतिम क्रम के साधु किसी गांव में 1 माह रुके और उन्हें यदि किसी कारणवश और रुकना हो तो वे स्थान बदल दे। बीच के साधु 1 वर्ष तक रह सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस जीवन में जड़ता आ गई है, इसे दूर करें।

मुनि वीरभद्र (विराग) ज़ी ने कहा कि सुपात्र दान का ज्यादा लाभ संयुक्त परिवार को मिलता है। पर्यूषण पर्व सर्वोत्तम है। कल्पसूत्र जिसने सुना उसे इसका लाभ अवश्य मिलता है। कल्पसूत्र सुनने के बाद उसे आचरण में लाना चाहिए। धर्म का प्रभाव जीवन में अनुकूलता लाता है। हर समय मीठे बोल बोलना चाहिए। कटु शब्द जीवन में कड़वाहट लाते हैं, इसलिए मधुर शब्दों का उपयोग कर आत्म कल्याण के मार्ग में आगे बढ़ने का प्रयास करें। यह जानकारी एक विज्ञप्ति में विमल हाजरा ने दी।

# आय,जाति,निवास प्रमाणपत्रों के शत-प्रतिशत सेचुरेशन के लिए गांवों में शिविर लगाए जा रहे

- ग्राम पंचायतों में अभियान चलाकर शिविरों में आवेदन पत्र किए जा रहे जमा
- 30 तक किया जाएगा आवेदन संकलन का कार्य

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 22 अगस्त।** छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के अवसर पर कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे के निर्देशानुसार आय, जाति, निवास प्रमाण पत्रों के शत-प्रतिशत सेचुरेशन हेतु समस्त ग्रामों में अभियान चलाकर ग्राम पंचायत स्तर पर शिविर लगाकर व्यापक पैमाने पर आवेदन पत्र जमा करने का कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम पंचायतों में आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र बनाने के लिए बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राएं एवं अन्य पात्र हितग्राहियों ने उत्साहपूर्वक आवेदन जमा किया। इसके लिए राजस्व विभाग द्वारा मुनादी करते हुए प्रचार-प्रसार किया गया, ताकि सभी पात्र हितग्राहियों के आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र आसानी से बनाया जा सके। 20 अगस्त से 30 अगस्त तक आवेदन लेने का कार्य किया जाएगा। इसके लिए तहसील विद्यालयों एवं हास्टल में आवेदन पत्रों का प्रारूप हितग्राहियों को निःशुल्क वितरण कराने के निर्देश दिए गए है। 20 अगस्त से विभिन्न ग्राम पंचायतों में शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

## एक नजर

### राजनांदगांव जिले में अब तक 4997.8 मिमी वर्षा

**राजनांदगांव, 22 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** राजनांदगांव जिले में इस वर्ष चालू मानसून वर्ष में 1 जून 2025 से अब तक जिले के सभी 7 तहसीलों में 4997.8 मिमी बारिश एवं औसत 714 मिमी बारिश दर्ज की गई है। भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी अनुसार डोंगरगढ़ तहसील में 819.2 मिमी, लाल बहादुर नगर तहसील में 670.5 मिमी, राजनांदगांव तहसील में 965.3 मिमी, घुमका तहसील में 629.5 मिमी, छुरिया तहसील में 594.8 मिमी, कुमरदा तहसील में 617.1 मिमी, डोंगरगांव तहसील में 701.4 मिमी बारिश दर्ज की गई है। अब तक सर्वाधिक वर्षा राजनांदगांव तहसील में 965.3 मिमी दर्ज की गई है। इसी तरह आज राजनांदगांव जिले के सभी 7 तहसीलों में 8.2 मिमी एवं औसत 1.2 मिमी बारिश दर्ज की गई है। डोंगरगढ़ तहसील में 0.5 मिमी, लाल बहादुर नगर तहसील में 1 मिमी, राजनांदगांव तहसील में 2.4 मिमी, घुमका तहसील में 0.5 मिमी, छुरिया तहसील में 0.9 मिमी, कुमरदा तहसील में 1.4 मिमी, डोंगरगांव तहसील में 1.5 मिमी बारिश दर्ज की गई है। सर्वाधिक वर्षा राजनांदगांव तहसील में 2.4 मिमी दर्ज की गई है।

### आपदा पीड़ित परिवारों को 12 लाख रुपये की आर्थिक सहायता

**बलौदाबाजार, 22 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्राकृतिक आपदा से मृत 3 लोगों के निकट परिजनों के लिए 12 लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। प्रत्येक व्यक्ति के लिए 4-4 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। कलेक्टर दीपक सोनी ने राजस्व पुस्तक परिपत्र की धारा 6-4 के तहत ये स्वीकृतियां प्रदान की हैं। जिला कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित परिजनों में संजय कुमार पैकरा पिता भारत पैकरा, निवासी ग्राम करदा, तहसील लवन, लखनलाल यादव पिता समारू यादव, निवासी ग्राम सेल तहसील कसडोल एवं सरोज पति रोशन ढीमर, निवासी ग्राम हरिनभट्ठा, तहसील पलारी शामिल हैं। पीड़ितों के निकट परिजनों के सर्पदंश एवं तालाब के पानी में डूबने से मृत्यु हो गई थी। कलेक्टर ने संबंधित तहसीलदारों को आरटीजीएस के जरिये पीड़ित लोगों के खाते में राशि जमा करने के निर्देश दिये हैं।

### समन्वयक एवं एमआईएस सहायक पद पर नियुक्ति के लिए आवेदन 12 तक

**बलौदाबाजार, 22 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत अनुसूचित जनजाति एवं अन्य परंपरागत वन निवासी अधिनियम 2006 एवं नियम 2007 यथा संशोधित नियम 2012 के क्रियान्वयन हेतु जिला स्तरीय समन्वयक एवं एमआईएस सहायक पद पर नियुक्ति हेतुआवेदन 12 सितम्बर 2025 तक आमंत्रित किये गये हैं। नियुक्ति के सम्बन्ध में अधिक जानकारी के लिए वेबसाईट blodabazar.gov.in पर जाकर अवलोकन कर सकते हैं।

### आईटीआई सकरी में नव कौशल पथ-नई राह कार्यक्रम का आयोजन

**बलौदाबाजार, 22 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्रवेश सत्र 2025-26 एवं 2025-27 में नव प्रवेशित प्रशिक्षणार्थियों के लिए नव कौशल पथ-नई राह नया हुनर कार्यक्रम क़ा आयोजन शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बलौदाबाजार में 19 एवं 20 अगस्त को किया गया। प्रथम दिवस 19 अगस्त को नव प्रवेशित प्रशिक्षणार्थियों का परिचय सम्मेलन, परीक्षाओं से संबंधित (सीबीटी) जानकारी, अप्रेंटिसशीप एवं उत्तीर्ण होने के उपरांत डिप्लोमा कार्यक्रम में लेटरल एन्ट्री तया संस्थाओं में संचालित विभिन्न योजनाओं के संबंध में जानकारी दी गई। द्वितीय दिवस 20 अगस्त को प्रशिक्षण उपरांत संभावनाओं के संबंध में जिला रोजगार अधिकारी द्वारा पॉवर पाइट प्रेजेंटेशन, उद्योग प्रतिनिधियों द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को व्यवाख्यान दिया गया। पूर्व प्रशिक्षणार्थियों द्वारा अपनी सफलता की कहानी साझा किया गया एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।

### पंजीकृत निर्माण श्रमिक के बच्चों के लिए नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना के आवेदन शुरू

**बलौदाबाजार, 22 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** श्रम विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल अंतर्गत निर्माण श्रमिक जैसे रेजा, कुली, प्लम्बर, इलेक्ट्रिशियन, बढ़ई इत्यादि कुल 60 प्रकार के प्रवर्ग में पंजीयन किया जाना है। पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के प्रथम दो बच्चो हेतु नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना संचालित है जिसके अंतर्गत कक्षा पहली से स्नातकोत्तर, व्यवसायिक में अध्ययनरत छात्र एवं छात्राओं को राशि रूपये 1000 से 10000 तक कक्षा अनुसार प्रदाय किया जाता है। इसके अतिरिक्त नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना लाभ प्राप्त करने वाले बच्चों को पृथक से स्टेशनरी एवं गणवेश हेतु राशि रूपये 2000 प्रदाय किया जाता है। ऐसे पंजीकृत निर्माण श्रमिकों से उपरोक्त योजना अंतर्गत अधिक से अधिक आवेदन प्रस्तुत करने हेतु आवश्यक दस्तावेज श्रमिक पंजीयन कार्ड, आधार से लिंक बैंक खाता नंबर, स्व घोषणा प्रमाण पत्र, प्राचार्य द्वारा जारी अध्ययनरत प्रमाण पत्र, आधार कार्ड के साथ च्वॉईस सेन्टर, श्रम संसाधन केन्द्र, विभाग का वेबसाईट shramevjayate.cg.gov.in श्रमेव जयते ऐप या श्रम कार्यालय कक्ष क्रमांक 117 कलेक्टर परिसर के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर सकते है।

## जीई रोड में चला अतिक्रमण हटाओ अभियान

# मनोकामना से आशा नगर चौक तक चला जेसीबी

- ठेला-गुमटी, पुरानी गाड़ी और अतिरिक्त शेड हटाए
- बुधवार को गुरुद्वारा से आम्बेडकर चौक तक चलाया गया था अभियान



**राजनांदगांव 21 अगस्त।** शहर के व्यस्तम मार्ग को सुव्यवस्थित करने तथा यातायात व्यवस्था सुदृढ़ करने प्रशासन का अतिक्रमण हटाओं अभियान शहर में चल रहा है। पूर्व में गुड़ाखु लाईन, जूनी हटरी, जयस्तंभ चैक, महाकाल चैक, गुरूद्वारा रोड़, ममता नगर रोड, कामठी लाईन, हलवाई लाईन में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाकर समान दुकान के अंदर रखने समझाईस देकर समान जप्ती एवं शेड आदि हटाने की कार्यवाही की गई थी और आज पुनः अधिकारियों की मौजुदगी में जीई रोड पर मनोकामना मंगल भवन से आशा नगर चैक तक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। जबकि बुधवार को गुरुद्वारा चैक से आंबेडकर चैक तक अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई।

शहर में यातायात का दबाव बढने के अलावा जिस गति से दुपहिया, चार पहिया वाहनो की संख्या में वृद्धि हो रही है, उसी गति से अतिक्रण भी बढ़ रहा है, जिससे आवागमन में असुविधा के साथ यातायात बाधित होने के साथ साथ दुर्घटनाए हो रही है। जीई रोड में भी अतिरिक्ष्त शेड निर्माण और पुरानी गाडिय्यों को सड़क किनारे डंप किए जाने से रागगीरों को आवाजाही में दिक्ष्कतें हो रही थी। क्षेत्र में निगम अधिकारियों द्वारा दुकानदारों, गैराज के संचालकों को पहले ही समझाईश दी गई थी। अतिक्रमण हटाने भी कहा गया था। गुरुवार को अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत क्षेत्र में कार्रवाई की गई। आज मनोकामना मंगल भवन से लेकर आशा नगर चैक तक में अतिक्रमण हटाओं अभियान चलाया गया। जिसमें दुकानों, गुमटियों के सामने अतिरिक्ष्त शेड तोड़े गए। पुरानी गाडिय्यों को हटाया गया। बुधवार को भी गुरुद्वारा चैक से आंबेडकर चैक तक फ्लाईओवर के नीचे और दूसरे स्थानों पर ठेले-गुमटियों और अतिरिक्ष्त शेड को हटाने की कार्यवाही की गई।

अतिक्रमण हटाव अभियान में निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा तथा तहसीलदार अमीय श्रीवास्तव पूरे समय उपस्थित रहकर दुकानदारों को क्षेत्र को व्यवस्थित करने सहयोग करने समझाईस दिए। उन्होने कहा कि दुकानों के बाहर समान रखने से यातायात बाधित होने के साथ-साथ दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। इसके अलावा समान खरीददार भी पार्किंग के अभाव तथा दुकान में खड़े होने की जगह नही होने पर खरीददारी करने आने में हिचकिचाते है। जिसके कारण व्यापार में भी असर होता है। इन सब बातों को ध्यान में रखकर आप सब को सहयोग करना है।

उन्होंने कहा कि पूर्व में अतिक्रमण हटाने के दौरान सभी से शहर को व्यवस्थित करने दुर्घटना रोकने सहयोग करने समझाईस दी गयी थी, समझाईस उपरांत भी स्वयं से नही हटाने पर आज मनोकामना मंगल भवन से आशा नगर चैक में अतिक्रमण हटाओं अभियान चलाकर समान दुकान के अंदर रखने समझाईस दिए तथा अतिरिक्त सीढ़ी, शेड और कब्ज्जे को जेसीबी से तोड़ने के अलावा अतिरिक्त बोर्ड, एंगल निकालकर रोड़ में रखे ठेला व बर्फानी धाम के पास से ही गैराजों द्वारा सामने रखी गई पुरानी-दुर्घटनाग्रस्ष्त गाडिय्यों को हटाया गया। उन्होने शहर के बाजार क्षेत्र के व्यापारियों से कहा है कि, समान दुकान की सीमा में रखे अतिक्रमण न करें। अपालन पर प्रशासन की टीम समान जप्ती एवं अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही करेंगी। उक्त अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## समाचार संक्षेप

### चाकू लेकर लोगों को डराने वाले को बसंतपुर पुलिस ने किया गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव, 22 जनवरी।** चाकू से लोगों को डराने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार मोबाईल सूचना प्राप्त हुआ कि एक व्यक्ति गौरवपथ रोड अस्पताल कॉलोनी के पास हाथ में धारदार चाकू रखकर आने जाने वाले आम जनता को डरा धमका रहा है, कि सूचना पर मौके पर पहुँचकर आरोपी बादल सिन्हा पिता बाल किशन सिन्हा निवासी चौखडियापारा राजनांदगांव थाना बसंतपुर को घेराबंदी कर पकडा गया तथा आरोपी के कब्जे से लोहे का धारदार चाकूनुमा हथियार जप्त कर आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 364/2025 धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत् कार्यवाही कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। न्यायालय से आरोपी का जेल वारंट प्राप्त होने उपरान्त आरोपी को जिला जेल राजनांदगांव में दाखिल किया गया।

आरोपी बादल सिन्हा पिता बाल किशन सिन्हा उम्र 35 साल निवासी चौखडियापारा राजनांदगांव थाना बसंतपुर जिला राजनांदगांव आदतन बदमाश प्रवृत्ति का है, जिस पर विभिन्न धाराओं में मामला पंजीबद्ध किया गया है तथा आरोपी को प्रतिबंधित करने हेतु समय-समय पर आरोपी के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही कर इस्तगाशा न्यायालय पेश किया गया है। उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक एमन साहू, उनि. राकेश पटेल, प्र.आ. दीपक जायसवाल, अतहर अली एवं जामिन्द्र वर्मा की सराहनीय भूमिका रही।

### बच्चों को सेल्फडिफेंस गुड-टच, बैड-टच की दी गई जानकारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

- घरेलु हिंसा, लैंगिक अपराध, सायबर सुरक्षा, पाक्सो एक्ट, कैरियर गाईडेंस के बारे में भी बताया गया

**राजनांदगांव, 22 अगस्त।** पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव मोहित गर्ग के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुकेश ठाकुर के निर्देशन पर रक्षा टीम प्रभारी उप निरीक्षक शारदा बंजारे एवं महिला प्रकोष्ठ थाना प्रभारी उप निरीक्षक गीतांजलि सिन्हा महिला प्रकोष्ठ काउंसलर निखत परवीन खान द्वारा बाल भारती पब्लिक स्कूल बलदेव बाग राजनंदगांव में लायंस क्लब टॉप 10 प्रतिभा सम्मान समारोह के कार्यक्रम शामिल होकर बालक/बालिकाओ को उनको सेल्फडिफेंस गुड टच बैड टच के संबंध में जागरूक किया गया साथ ही अभिव्यक्ति एप, घरेलु हिंसा, लैंगिक अपराध, सायबर सुरक्षा, पाक्सो एक्ट, कैरियर गाईडेंस के बारे में जानकारी दी गई।

कार्यक्रम के दौरान छात्र/छात्राओ के डिसीप्लीन की तारीफ भी किया, नशा मुक्ति अभियान के तहत नशा से समाज और परिवार पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव को बताकर नशे से दूर रहने की समझाईस दी गई। सायबर अपराध से बचने के लिए फेसबुक, वाट्सअप, इस्टाग्राम, टेलीग्राम में अंजान व्यक्ति से फ्रेंड रिक्वेस्ट को स्वीकार न करने, अपना फोटो, विडियों, आधार नम्बर, ओटीपी, सीव्हीव्ही दूसरो को शेयर न करने, अंजान व्यक्तियों द्वारा भेजे गये लिंक को टच ना करें। किसी प्रकार की उत्पीड़न लैंगिक शोषण होने पर अभिव्यक्ति एप के माध्यम से शिकायत करने की समझाईश दी गई साथ ही बच्चों को उच्च शिक्षा पाने व अपने सपनों को साकार करने हेतु मेहनत संघर्ष करने की शिक्षा एवं मार्गदर्शन दिये। इस दौरान बालक/बालिकाओं को अभिव्यक्ति एप डाउनलोड करने की प्रक्रिया बताया गया और शिक्षको को अभिव्यक्ति एप डाउनलोड कराया गया। इस दौरान शिक्षक सहित 200 से अधिक स्कूली बच्चे उपस्थित थे।

# निगम के लापरवाह भाजपाई जनप्रतिधियों के कारण युवक की गई जानः कुलबीर

- नाला बनाने डेढ़ माह से खोद रखे थे गड्ढे संबंधित निगम अधिकारी, ठेकेदार व दोषियों पर कार्रवाई को लेकर कांग्रेस ने थाना कोतवाली में सौंपा ज्ञापन
- कांग्रेस ने चेताया तीन दिनों में कार्रवाई करों या फिर होगा थाने का घेराव




**राजनांदगांव, 22 अगस्त।** कन्हारपुरी में विगत डेढ़ माह पूर्व निर्माणाधीन पुलिया बनाने ठेकेदार द्वारा दस फीट चौड़ा गढ्ढा खोदकर छोड़ दिया गया है जो की गंभीर लापरवाही है, जिसका खामियाजा कन्हारपुरी के युवक आकाश साहू को जान देकर चुकानी पड़ी। शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने बताया कि महापौर मधुसूदन यादव का कहना है कि त्रुटि के कारण यह घटना हुई यह शर्मनाक बात है बल्कि ऐसी घटनाओं के लिए इस प्रकार की घटनाओं को निमंत्रण देने के लिए खुद निगम की भाजपा सरकार दोषी है जो कि इस प्रकार के जोखिम भरे जगहों पर महीनो से नाला निर्माण के लिए गढ्ढा खोदवाएं बैठी है। जिसको लेकर शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के नेतृत्व में कांग्रेसजनों द्वारा गुरूवार 21 अगस्त को कोतवाली थाने में ज्ञापन सौंपकर तत्काल कार्यवाही करते हुए संबंधितों पर एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने बताया कि कन्हारपुरी वार्ड 34 के तिरंगा चौक से जंगलेसर जाने वाले मार्ग में नाला निर्माण के लिए डेढ़ माह पूर्व दस फीट चौड़ा गढ्ढा खोदकर छोड़ दिया है जिसके कारण आए दिन कोई न कोई हादसा हो रहा है, जहां स्कूली बच्चें फांदकर पार करते है, वहीं इस गढ्ढे में कई बार मवेशी भी गिरकर घायल चुके हैं। राहगीरों को आने-जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस गढ्ढे पर न तो बैरिकेड लगाया गया, न ही कोई संकेतक सूचक लगा है, इस कारण लगातार हादसे हो रहे हैं।

### शराब का अवैध परिवहन करते दो आरोपी पकड़े गए

**बलौदाबाजार, 22 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** शराब की अवैध परिवहन करते दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। 20 अगस्त को रात्रि के समय समाधान सेल में प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस थाना हथबंद की पुलिस टीम द्वारा ग्राम हथबंद में आंगनबाड़ी के सामने गली में घेराबंदी कर अवैध रूप से बिक्री करने के लिए शराब ले जाते हुए 02 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी शराब कोचियों से 12, 500 कीमत मूल्य का 125 पाव देशी मसाला शराब एवं अवैध रूप से शराब परिवहन में प्रयुक्त एक स्प्लेंडर मोटरसाइकिल क्र. CG04 PP 3396 एवं 02 मोबाइल जप्त किया गया है। आरोपियों के विरुद्ध थाना हथबंद में धारा 34(2) आबकारी के तहत प्रकरण पंजीबध्द कर आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है। आरोपियों के नाम टीकम यादव उम्र 19 वर्ष निवासी मोहभट्ठापारा नेवर थाना तिल्दा नेवरा जिला रायपुर, राहुल निषाद उम्र 19 वर्ष निवासी मोहभट्ठापारा नेवरा थाना तिल्दा नेवरा जिला रायपुर है।

# होटल मे जुआ खेल रहे चार आरोपी गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 22 अगस्त।** पुलिस अधीक्षक राजनादगांव मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक वैषाली जैन तथा पुष्पेन्द्र नायक राजनादगांव के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी निरीक्षक रामेन्द्र सिंह के नेतृत्व मे थाना कोतवाली पुलिस द्वारा असमाजिक तत्वों एवं जुआिरयों के खिलाफचलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 21.08.2025 को जरिये मुखबीर सूचना प्राप्त हुई की मयूर होटल स्वीट रूम तृप्ती राजनांदगांव मे तास के पत्तो से जुआ खेल रहे की सूचना तस्दीक एवं वैधानिक कार्यवाही हेतु नगर पुलिस अधीक्षक वैषाली जैन के नेतृत्व मे थाना कोतवाली एवं थाना बसंतपुर के संयुक्त टीम गठित कर मौका पहुचकर रेड कार्यवाही किया गया। जो मौके पर मयूर होटल राजनांदगांव के स्वीट रूम मे जुआरियों अंगेष्वर देषमुख पिता ऋषिराम देषमुख उम्र 47 साल साकिन सोमनी राजनांदगांव अलख साहू पिता प्रेमसिंह साहू उम्र 64 साल साकिन महामाया चौक बसंतपुर राजनांदगांव जगदीष प्रसाद पिता काषीराम प्रसाद उम्र 66 साल साकिन गंज चौक राजनांदगांव अक्षय रायचा पिता विनोद रायचा उम्र 43 साल साकिन सनसिटी कालोनी राजनांदगांव को 52 पत्ती तास पर रूपये पैसे का दाव लगाकर जुआ खेलते रंगे हाथ पकडे गये। जिसके कब्जे फ्ढ व पास से जुमला रकम 17, 670 रूपये एवं 52 पत्ती तास तथा 3 नग मोबाईल जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। आरोपियो का कृत्य छ0ग0 जुआ प्रतिशेध अधिनियम 2022 की धारा 3(2) के तहत अपराध सबूत पाये जाने से आरोपियो के खिलाफअप0क्र0 436/25 धारा छ0ग0 जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 3(2) पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। आगे भी असमाजिक तत्वों एवं जुऑरियो के खिलाफकार्यवाही जारी रहेगी।

## सहकारी समितियों में धान विक्रय के लिए एग्री स्टेक पोर्टल में पंजीयन अनिवार्य

# अब तक सफलतापूर्वक कराया गया 88 प्रतिशत किसानों का पंजीयन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 22 अगस्त।** राज्य शासन द्वारा आगामी खरीफ वर्ष 2025 अन्तर्गत धान उपार्जन हेतु कृषकों का एग्री स्टेक पोर्टल में पंजीयन अनिवार्य किया गया है। कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन में बलौदाबाजार-भाटापारा जिले अन्तर्गत कृषि विभाग के मैदानी अमलों के द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में पंजीयन हेतु शेष कृषकों से सम्पर्क स्थापित कर पंजीयन कराया जा रहा है। अधिक से अधिक कृषकों के द्वारा लगातार एग्री स्टेक पोर्टल में लक्षित कृषकों का पंजीयन कराया जा रहा है।

खरीफ वर्ष 2024-25 में जिले के कुल 160010 कृषकों द्वारा सहकारी समितियों के माध्यम से धान विक्रय किया गया था जिसमें 140362 कृषकों का एग्री स्टेक पोर्टल में पंजीयन कराया जा चुका है, जो कि धान विक्रय करने वाले कुल कृषकों का 88 प्रतिशत है एवं जिला में मात्र 12 प्रतिशत कृषकों का एग्री स्टेक पोर्टल में पंजीयन हेतु शेष है, जिसके पंजीयन हेतु मैदानी अमलों द्वारा कृषकों से सतत सम्पर्क कर पंजीयन की कार्यवाही पूर्ण की जा रही है।




उप संचालक कृषि दीपक कुमार नायक ने बताया कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा कृषकों के लिए संचालित महत्वपूर्ण योजनाओं को कुशलतापूर्वक पहुंचाने हेतु कृषकों का एग्री स्टेक पोर्टल में पंजीयन आवश्यक है एग्री स्टेक पोर्टल में पंजीयन स्वयं किसान द्वारा (मोबाइल एप के माध्यम से) एवं सीएससी (कॉमन सर्विस सेंटर) के माध्यम से पंजीयन कराया जा सकता है इसके लिए आवश्यक दस्तावेज के रूप में कृषि भूमि स्वामी होने सम्बंधित दस्तावेज (बी-1, खसरा, ऋष्टा पुस्तिका), आधार कार्ड एवं मोबाइल नंबर आवश्यक है। कृषक पंजीयन हेतु सामान्य सेवा केन्द्र सीएससी (कॉमन सर्विस सेंटर), जिला सहकारी केन्द्रीय मर्यादित बैंक के समितियों को अधिकृत किया गया है।

# फिल्ड में संवेदनशीलतापूर्वक करें जिम्मेदारियों का निर्वहन : कलेक्टर




- कमजोर प्रदर्शन वाले 5 सुपरवाइजर को नोटिस जारी करने के निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 22 अगस्त।** बच्चों में कुपोषण दूर करने एवं महिला सशक्तिकरण को लेकर कलेक्टर दीपक सोनी ने गुरुवार को महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यो की समीक्षा की। उन्होंने बच्चों एवं महिलाओं की बेहतरी हेतु केंद्र एवं राज्य शासन द्वारा संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन में प्रगति लाकर जिले का रैंक सुधारने के निर्देश दिये। इस दौरान विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन में कमजोर प्रदर्शन करने वाले 5 सुपरवाइजर को नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। इनमे ग्राम डमरू, रवान, संडी, बया और टुण्डरा के सुपरवाइजर शामिल हैं।

कलेक्टर ने कहा कि फिल्ड पर सभी संवेदनशीलता के साथ कर्तव्यों का निर्वहन करें, कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अधिकारी मैदानी अमलों के कार्यो पर सख्त मॉनिटरिंग करें। माइक्रो लेवल पर मीटिंग लेकर कहीं कुछ दिक्कत हो तो उसका चिन्हांकन कर दूर करने का उपाय करें। इसके साथ ही जिला कार्यक्रम अधिकारी भी बैठक लेकर फिल्ड कार्यो को दुरुस्त करें और सभी संकेतकों में सुधार लाकर जिले का प्रगति लाएं।

कलेक्टर ने सुपोषण अभियान, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना वजन त्यौहार सहित केंद्र एवं राज्य शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने ईमानदारी से कर्तव्य निर्वहन करने के निर्देश दिये। बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी अतुल परिहार सहित, सीडीपीओ एवं सुपर वाइजर उपस्थित थे।

## संपादकीय

### हंगामा ज्यादा, काम कम हुआ

संसद के मानसून सत्र में पिछले संसद सत्रों की तरह काम कम, हंगामा ज्यादा हुआ। होने को संसद में देशहित व जनहित के मुद्दों पर गंभीर बहस होनी थी, सांसदों के सवालों के जवाब दिए जाने थे, कई बिल पास किए जाने थे। बिल तो हमेशा की तरह पास हो गए, इससे सरकार को तो कोई खास नुकसान नहीं हुआ। लेकिन विपक्ष के सांसदों को नुकसान हुआ क्योंकि उनको सरकार से सवाल पूछने थे, वह सारे सवाल नहीं पूछ सके। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के मुताबिक हमेशा की तरह विपक्ष ने बैठक में तो सहमति जताई थी कि इस बार लोकसभा में 120 घंटे चर्चा होगी लेकिन रोज हंगामे के कारण मात्र 37.7 घंटे ही काम किए जा सके। यह सत्र लगातार विपक्ष के हंगामे व कार्यवाही स्थगित होने के कारण बाधित रहा, इसका लोकसभा की प्रोडक्टिविटी पर बुरा असर पड़ा,लोकसभा सचिवालय के अनुसार यह सत्र 18 वीं लोकसभामें अब तक का सबसे ज्यादा नुकसान वाला सत्र रहा। इसी तरह राज्यसभा में भी 41.15 घंटे ही कार्यवाही चली। सरकार ने लोकसभा में 14 विधेयक पेश किए और 12 पारित कराए।आपरेशन सिंदूर पर लोकसभा में 18.41 घंटे चर्चा हुई। इस सत्र में 449 प्रश्नों के उत्तर दिए जाने थे, दिए गए मात्र 55 प्रश्नों के उत्तर। आंकड़ों के मुताबिक राज्यसभा में15 बिल पास हुए। आपरेशन सिंदूर पर 16.25 घंटे चर्चा हुई। राज्यसभा में 285 प्रश्नों के जवाब दिए जाने थे दिए गए मात्र 14 प्रश्नों के जवाब। हर सत्र की तरह इस सत्र में भी विपक्ष ने तय कर रखा था कि वह किसी एक ऐसे मुद्दे को लेकर संसद नहीं चलने देगा जिस पर चर्चा कराने को सरकार तैयार न हो। बिहार में चल रहा एसआईआर ऐसा ही मुद्दा था,विपक्ष को मालूम था कि वह इस मुद्दे पर संसद में चर्चा कराने की मांग करेगा और सरकार कराएगी नहीं क्योंकि चुनाव आयोग पर संसद में चर्चा हो नहीं सकती थी, एसआईआर का मामले में सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई भी चल रही थी। कुल मिलाकर सरकार जो कर नहीं सकती, उसे मुद्दा बनाकर विपक्ष ने हमेशा की तरह संसद चलने नहीं दिया, वह इसे अपनी बड़ी सफलता मान सकता है लेकिन देश की जनता की नजर में यह विपक्ष की सबसे बड़ी असफलता है।

# युवाओं की सुरक्षा की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम

**किशन सनमुखदास भावनानीं**

गोंदिया - भारत एक युवा देश है।यहाँ की आधी से अधिकआबादी 35 वर्ष से कम उम्र की है और इस युवा शक्ति को ही "नवभारत का भविष्य" कहा जाता है। परंतु यही युवा आज एक ऐसे जाल में फंसते जा रहे हैं जो मनोरंजन के नाम पर धीरे-धीरे उन्हें शारीरिक, मानसिक और आर्थिक अंधकार की ओर धकेल रहा है। यह जाल है ऑनलाइन गेमिंग का अनियंत्रित विस्तार। मोबाइल, कंप्यूटर और इंटरनेट की सुलभता ने भारत में ऑनलाइन गेमिंग उद्योग को विशाल बना दिया है। आज स्थिति यह है कि लगभग 50 करोड़ भारतीय युवा किसी-न-किसी रूप में ऑनलाइन गेमिंग से जुड़े हुए हैं। इनमें से लाखों युवा इसकी लत के शिकार हो चुके हैं।इसी पृष्ठभूमि में केंद्र सरकार ने "प्रमोशन एंड रेगुलेशन ऑफ ऑनलाइन गेमिंग बिल 2025" संसद में प्रस्तुत किया जो पास हो गया।मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र मानता हूं कि पिछले दस वर्षों में भारत में इंटरनेट उपयोग कर्ताओं की संख्या तेजी से बढ़ी है। सस्ते स्मार्टफोन और डेटा पैक की वजह से आज गाँव-गाँव तक इंटरनेट पहुंच चुका है। इस इंटरनेट क्रांति का एक सबसे बड़ा प्रभाव ऑनलाइन गेमिंग के रूप में सामने आया। पीयूबीजी, फ्री फायर,बीजीएमआई, कॉल ऑफ़ ड्यूटी और विभिन्न फैंटास्टि स्पोर्ट्स जैसे गेम युवाओं में इस कदर लोकप्रिय हो गए कि वे पढ़ाई, खेल-कूद और सामाजिक जीवन से दूर होकर वर्चुअल दुनियाँ में खोते चले गए। 20 अगस्त 2025 को देर शाम केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री ने संसद भवन के बाहर कहा कि यह कानून इसलिए ज़रूरी हो गया क्योंकि ऑनलाइन गेमिंग ने करोड़ों युवाओं को अंधकार में डाल दिया है और समाज से बड़े पैमाने पर फीडबैक प्राप्त हुआ कि अब इसे नियंत्रित करना ही पड़ेगा, आज के युग में डिजिटल टेक्नोलॉजी में ऑनलाइन गेमिंग एक बड़ा सेक्टर बनकर उभरा है। ऑनलाइन गेमिंग के तीन सेगमेंट्स हैंःपहला- ई-स्पोर्ट्स, दूसरा- ऑनलाइन सोशल गेमिंग और तीसरा- ऑनलाइन मनी गेमिंग।इस बिल के माध्यम से ई-स्पोर्ट्स और ऑनलाइन सोशल गेमिंग को प्रमोट किया जाएगा और इसको सपोर्ट भी मिलने की उम्मीद है। हमारे द्वारा एक अथॉरिटी बनाई जाएगी, जिसके माध्यम से ई-स्पोर्ट्स और ऑनलाइन सोशल गेमिंग को बढ़ावा दिया जाएगा ऑनलाइन मनी गेमिंग समाज के लिए सही नहीं है। कुछ गेम्स ऐसे हैं, जिनमें परिवार की जिंदगीभर की बचत ऑनलाइन गेम में चली जाती है। साथियों बात अगर हम डब्लूएचओ द्वारा गेमिंग डिसऑर्डर एक सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या व भारत सरकार ने इस समस्या को सार्वजनिक स्वास्थ्य मुद्दा मानते हुए हस्तक्षेप करने की करें तो,विश्व स्वास्थ्य संगठन ने 2019 में ही गेमिंग डिसऑर्डर को मानसिक स्वास्थ्य की श्रेणी में शामिल किया था। डब्लूएचओ का कहना है कि अगर कोई व्यक्ति लंबे समय तक ऑनलाइन गेम में इतना डूब जाए कि उसके पढ़ाई-लिखाई,रोजगार नींद, खान-पान, सामाजिक संबंध और पारिवारिक जीवन पर प्रतिकूल असर पड़े, तो यह एक गंभीर स्वास्थ्य समस्या है।भारत में भी कई राज्यों में ऐसी घटनाएँ सामने आईं जहाँ बच्चे और किशोर ऑनलाइन गेम हारने के बाद तनाव, डिप्रेशन और यहाँ तक कि आत्महत्या तक कर बैठे। माता-पिता ने शिकायत की कि उनके बच्चे मोबाइल स्क्रीन से अलग नहीं हो पा रहे, नींद पूरी नहीं हो रही, आँखों की रोशनी प्रभावित हो रही है, और पैसे खर्च करने की आदत भी नियंत्रण से बाहर जा रही है।इन्हीं कारणों से भारत सरकार ने इस समस्या को सार्वजनिक स्वास्थ्य मुद्दा मानते हुए हस्तक्षेप करने का निर्णय लिया। साथियों बात अगर हम,इस कानून को जरूरी बनाने वह बिल की मुख्य बातों की करें तो, (1) युवा पीढ़ी पर खतरा-लगभग 50 करोड़ युवा ऑनलाइन गेम्स की लत में हैं। यह संख्या भारत की जनसंख्या का बहुत बड़ा हिस्सा है।(2) आर्थिक शोषण-इन-ऐप परचेज़ और कैश रिवार्ड्स ने युवाओं को आर्थिक रूप से शोषित किया। कई परिवार कर्ज़ में डूबे। (3) अपराध की घटनाएँ- कई राज्यों में देखा गया कि बच्चे चोरी या अपराध की राह पर चल पड़े ताकि वे गेमिंग के लिए पैसे जुटा सकें। (4) स्वास्थ्य संकट- मानसिक तनाव, डिप्रेशन, आँखों और शरीर से संबंधित रोगों का प्रसार। (5)समाजिक असंतुलन- युवाओं का वास्तविक जीवन से कटना और वर्चुअल दुनिया में गुम होना। (6) फीडबैक का दबाव-समाज से व्यापक स्तर पर सुझाव मिले कि सरकार को इस पर नियंत्रण करना ही होगा।प्रमोशन एंड रेगुलेशन ऑफ ऑनलाइन गेमिंग बिल 2025 की मुख्य बातें (1) गेम्स की कैटेगरी तय होगी-कौन सा गेम "स्किल-बेस्ड"है और कौन सा "चांस-बेस्ड",यह सरकारनिर्धारित करेगी। (2)लाइसेंस प्रणाली- बिना सरकारी अनुमति के कोई भी कंपनी ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफ़ॉर्म नहीं चला सकेगी। (3)आयु सीमा-नाबालिगों (18 साल से कम) के लिए कई तरह की रोक लगाई जाएगी। (4) समय सीमा-गेम खेलने की अधिकतम समय सीमा तय होगी ताकि युवा पूरी रात ऑनलाइन गेम न खेलें। (5) वित्तीय नियंत्रण-ऑनलाइन गेम्स में निवेश और इन-ऐप परचेज़ पर कड़ा नियमन। साथियों बात अगर हम सरकार के साथ संदेश की करें तोसरकार ऑनलाइन गेमिंग को पूरी तरह प्रतिबंधित नहीं करना चाहती, बल्कि उसे विनियमित (रेगुलेट) करना चाहती है ताकि यह उद्योग भी चले और युवाओं की सेहत भी सुरक्षित रहे।समाज की ज़िम्मेदारी और नागरिकों की भूमिका,कानून अपनी जगह ज़रूरी है, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण है कि समाज और परिवार भी जागरूक हों। माता-पिता को चाहिए कि वे बच्चों के स्क्रीन टाइम पर नियंत्रण रखें, शिक्षकों को चाहिए कि वे विद्यार्थियों को सही दिशा दिखाएँ, और युवाओं को भी समझना चाहिए कि जीवन केवल वर्चुअल गेम्स तक सीमित नहीं है।प्रमोशन एंड रेगुलेशन ऑफ ऑनलाइन गेमिंग बिल 2025" भारत के इतिहास में एक मील का पत्थर साबित होगा। यह न केवल युवाओं को अंधेरे से बाहर निकालने का प्रयास है बल्कि यह संदेश भी है कि भारत सरकार नागरिकों के मानसिक और सामाजिक स्वास्थ्य के प्रति गंभीर है।इस कानून से यह स्पष्ट है कि भारत केवल डिजिटल शक्ति बनने की दिशा में ही नहीं, बल्कि जिम्मेदार डिजिटल समाज बनाने की दिशा में भी आगे बढ़ रहा है।

साथियों बात अगर हम ऑनलाइन गेमिंग को नियंत्रित करने की करें तो, हमारे देश में कैसीनो पर तो बैन हैं, लेकिन मोबाइल फोन में करोड़ों कैसीनोस चल रहे हैं और अब उसपर एक बिल पास करवाकर पाबंदी लगाई जाएगी। इस बिल से ऑनलाइन गेमिंग को नियंत्रित किया जाएगा और कोई भी ऑनलाइन गेम्स,जिसमें लोग पैसा लगाते हैं और जीतने पर पैसे कमाते हैं, उनपर रोक लग जाएगी। ऐसे गेम्स को ऑनलाइन मनी गेम्स कहते हैं। इस बिल में 4 बड़ी बातें हैं।

## राशिफल

मेष आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आप कुछ नया करने की सोचेंगे, लेकिन आपको कामों में कुछ उलझनें आएंगी, जिससे आपको टेंशन भी रहेगी। आपको कामों समस्याएं भी हो सकती हैं। आप अपने धन से संबंधित मामलों को मिल बैठकर निपटाने की कोशिश करें और यदि आपको कोई जिम्मेदारी मिले, तो आप उसको किसी दूसरे पर ना डालें। परिवार में किसी सदस्य की सेहत में गिरावट आने से भागदौड़ अधिक रहेगी। आपकी अच्छी सोच का कार्यक्षेत्र में आपको लाभ मिलेगा।

वृषभ आज का दिन आपके लिए आनंदमय रहने वाला है। आपके सुख-सुविधाएं बढ़ने से खुशी होगी। घूमने-फिरने के दौरान आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी। लेनदेन से संबंधित मामलों को आप मिल बैठकर निपटाने की कोशिश करें, जो विद्यार्थी अपने विषयों में कोई बदलाव करने की सोच रहे हैं, तो उसके लिए आप किसी सीनियर से सलाह मशवरा आवश्यक करें। आप किसी निर्णय को जल्दबाजी में ले सकते हैं, जो बाद में आपकी टेंशनों को बढ़ा सकता है। आप दोस्तों के साथ किसी पार्टी आदि को कर सकते हैं।

मिथुन आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है। छोटे बच्चों के साथ आप कुछ समय मौज-मस्ती करेंगे, उनके लिए आप कुछ खाने पीने की चीज आदि भी लेकर आ सकते हैं। यदि आपकी कोई प्रिय वस्तु खो गई थी, तो उसके भी आपको मिलने की पूरी संभावना है। वाहनों का प्रयोग आप थोड़ा सा संभलकर करें, क्योंकि कोई दुर्घटना होने की संभावना बनती दिख रही है। रचनात्मक विषयों में काफी रुचि रहेगी। माता-पिता की सेहत पर आपको पूरा ध्यान देना होगा।

कर्क आज का दिन आपके लिए मौज-मस्ती से भरा रहने वाला है। आपका कोई कानूनी मामला आपको टेंशन देगा। कार्यक्षेत्र में कोई आपको धोखा देने की कोशिश करेगा, जिसके लिए आपको अपनी आंख और कान खुले रखने होंगे। आप अपनी इनकम को बढ़ाने का सोर्सो पर भी पूरा ध्यान देंगे। परिवार में किसी वाद-विवाद को आप मिल बैठकर दूर करने की कोशिश करें, नहीं तो बाहरी व्यक्ति इसका फायदा उठाने की कोशिश करेगा। आपको किसी दूर रह रहे परिजन से कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है।

सिंह आज आपको अपने बढ़ते खर्चो को कंट्रोल करने की आवश्यकता है। ससुराल पक्ष से आपको मान-सम्मान मिलेगा। आप अपने घर के रिनोवेशन का काम शुरू कर सकते हैं। आपकी कोई आदत परिवार के सदस्यों के लिए सिरदर्द बन सकती है। आप अपने कामों को लेकर मिल बैठकर चले। जीवनसाथी से आपके रिश्ते पहले से बेहतर रहेंगे। जो विद्यार्थी विदेश जाकर शिक्षा ग्रहण करना चाहते हैं, उन्हें अपनी मेहनत जारी रखनी होगी।

कन्या आज का दिन आपके लिए सेहत पर ध्यान देने के लिए रहेगा। तकनीकी क्षेत्रों में कार्यरत लोगों को अच्छी सफलता मिलेगी। आपकी निर्णय लेने की क्षमता भी बेहतर रहेगी। आपकी कला कौशल में निखार आएगा, जिससे आप कुछ बड़े-बड़े निर्णय आसानी से ले सकेंगे। आप किसी के बहकावे में आकर कोई काम ना करें। परिवार में किसी सदस्य के विवाह में आ रही बाधा को लेकर आपको टेंशन बनी रहेगी। आप किसी को धन उधार देने से बचें।

तुला आज का दिन आपके लिए सफलता दिलाने वाला रहेगा। आप किसी बात को लेकर वाद विवाद में ना पड़ें। आप किसी नए बिजनेस की शुरुआत करने की प्लानिंग कर सकते हैं। कोई प्रॉपर्टी को लेकर मुद्दा आपको समस्या देगा, इसलिए आप किसी ऐसे काम में आगे ना बढ़ें। आपको परिवार के सदस्यों की जरूरतों पर पूरा ध्यान देना होगा, इसलिए आप उनको समय दें और काम के साथ-साथ आराम के लिए भी समय निकाले। आपके विरोधी आपको किसी वाद-विवाद में फंसाने की कोशिश करेंगे। आपको बुद्धि का प्रयोग करना होगा।

वृश्चिक आज का दिन आपके लिए आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आपके गृहस्थ जीवन में यदि कुछ समस्या चल रही थी, तो वह भी दूर होगी। परिवार में किसी धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है। आप अपनी जरूरत की आवश्यकताओं को लेकर कोई बड़ा निर्णय ले सकते हैं। आपकी कोई इच्छा लंबे समय से अधूरी थी, तो उसके लिए पूरा होने की संभावना है। किसी विपरीत परिस्थिति में आपको धैर्य बनाए रखना होगा। किसी दूसरे के मामले में आप बेवजह ना बोले, तो आपके लिए बेहतर रहेगा।

धनु आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। प्रेम जीवन जी रहे लोगों को साथी के मन में चल रही उलझनों को जानने की कोशिश करनी होगी। आप किसी परिवार के सदस्य पर कोई फैसला ना डालें और उन्हें काम को लेकर सलाह अवश्य दें। संतान को तरक्की करते देखा आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। घूमने-फिरने के दौरान आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी। संतान आपकी उम्मीदों पर खरी उतरेगी।

मकर आज का दिन आपके लिए सेहत के मामले में एहतियात बरतने के लिए रहेगा। आपके कुछ गुप्त शत्रु आपका नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर सकते हैं। बिजनेस में आप किसी अजनबी से कोई लेन-देन ना करें। नौकरी में कार्यरत लोगों के बॉस उनके कामों पर नजर रखेंगे, इसलिए आपके आपको अपने कामों पर ध्यान देना होगा। यदि आप धन को लेकर परेशान चल रहे थे, तो आपकी आर्थिक स्थिति बेहतर होगी। दोस्तों और भाइयों का आपको पूरा सहयोग मिलेगा।

कुंभ आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आपके घर में किसी नए मेहमान का आगमन हो सकता है। परिवार में खुशियां भरपूर रहेगी। भगवान जी की भक्ति में आपका खूब मन लगेगा। आप किसी की कहीसुनी बातों पर भरोसा ना करें, नहीं तो इससे आपके बेवजह के दोस्तों में कड़वाहट होने की संभावना है। माता जी आपको कोई जिम्मेदारी दे, तो उसे लेकर ढील बिल्कुल ना दें। आप अपने आलस्य को त्यागकर काम में जुट सकते हैं। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती है। आप किसी यात्रा पर जाने की तैयारी कर सकते हैं।

मीन आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। यदि आपका धन डूबा हुआ था, तो वह आपको वापस मिल सकता है। आपके बिजनेस में चार चांद लगेंगे। आपको कुछ अपरिचित लोगों से भी मदद मिलने की संभावना है। आप अपने मन में कुछ नया करने की ठान सकते हैं। सिंगल लोग यदि किसी से प्रेम करते हैं, तो उनसे अपने प्यार का इजहार कर सकते हैं। आपके कामों में यदि चुनौतियां आएंगी, तो आप उनसे घबराएं नहीं बल्कि उनका डटकर सामना करें। आप अच्छे खानपान का आनंद लेंगे।

# कुपोषित बच्चे, देश के भविष्य पर प्रश्न चिन्ह

**संजीव ठाकुर**



निश्चित तौर पर बच्चे देश के भविष्य होते है। यदि देश का भविष्य ही कुपोषित कमजोर और अविसित रहेगा, निर्बल रहेगा तो सशक्त विकसित भारत की कल्पना करना बेमानी होगा। भारत में बच्चों के भुखमरी,कुपोषण और बाल विवाह एक बड़े अभिशाप की तरह सामने आ रहे हैं, बच्चों के कुपोषण और बाल विवाह देश के लिए एक बड़ी कमजोर कड़ी साबित हो रही है। यह देश की एक प्रमुख समस्या भी है। देश में कुपोषण से बच्चे यानी आने वाले कल के जिम्मेदार नागरिकों की हालत बहुत ज्यादा चिंताजनक है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार देश के 34 राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों में 33 लाख बच्चे कुपोषण के शिकार है और इनमें 50% बच्चे गंभीर रूप से कुपोषित होकर बीमारी को झेल रहे हैं। देश में भले ही जोर शोर से बाल दिवस हर साल मनाया जाता है और उसी पर करोड़ों खर्च कर दिया जाता है। देश में एक महिला तथा बाल विकास मंत्रालय की स्थापना भी की गई है, पर बच्चों के कुपोषण पर नियंत्रण नहीं पाया जा सका है। ऐसी क्या वजह है की नौनिहालों के पोषण के लिए केंद्र या राज्य सरकार के पास इतने संसाधन होने के बावजूद धन मुहैया नहीं हो पाता है। मलेरिया, टीबी और ना जाने अन्य कितनी बीमारियों पर भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय ने अरबों रुपए खर्च कर दिए हैं, पर जो भारत की मुख्य रीढ़ की हड्डी है यानी कि आने वाले कल के नागरिक वर्तमान के बच्चे यदि कुपोषित हैं तो यह अत्यंत चिंतनीय सोचनीय तथा विचारणीय पहलू है।

इसी तरह बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 लागू होने के पश्चात भी बाल विवाह के प्रकरण हजारों की संख्या में सामने आए हैं। निश्चित तौर पर देश में शिक्षा और जागरूकता की कमी के कारण यह भयावह स्थिति बनी है। दक्षिण के राज्यों में जहां शिक्षा का प्रतिशत काफी अच्छा है पर बाल विवाह के मामले में दक्षिण के राज्य कर्नाटक तथा तमिलनाडु शीर्ष पर मौजूद हैं यह स्थिति अत्यंत चिंताजनक है। चिंताजनक लड़कियों के मामले में और ज्यादा है है क्योंकि उनका भविष्य उनकी शिक्षा दीक्षा उनका शारीरिक विकास सब कुछ बाल विवाह से अवरुद्ध हो जाता है। बाल विवाह को रोकने के लिए समस्त रूप से प्रयास किए जाने चाहिए इस विषय में राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने बाल विवाह रोकने पर और उनके संरक्षण पर काफी प्रयास काफी प्रयास किया है। उनकी जानकारी के अनुसार देश में बाल विवाह तथा लैंगिक मतभेद एक चिंताजनक बड़ा पहलू है जिसे हर संभव प्रयास कर प्रतिबंधित किया जाना चाहिए और इसे केवल सरकारी प्रयासों पर छोड़ देना ना काफी है इसे सामाजिक आंदोलन के रूप में लेकर शिक्षा तथा जागरूकता को भी काफी बढ़ावा देना होगा। इसी तरह देश में कुपोषण के मामले में सरकारी एजेंसियों द्वारा एक आर,टी,आई के जवाब में बताया गया कि 34 राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों संकलित आंकड़ों के मुताबिक 34 लाख बच्चे कुपोषित पाए गए हैं। इनमें सबसे ज्यादा महाराष्ट्र बिहार गुजरात और मध्यप्रदेश है। विगत दिनों करोना संक्रमण के कारण भी बच्चे कुपोषित हुए हैं और आने वाले कल के दिन में भी और बच्चों के कुपोषण कथा मृत्यु की आशंका बढ़ गई है। सरकारी आंकड़ों के हिसाब से 18 लाख बच्चे बहुत ज्यादा कुपोषित है एवं शेष 16लाख बच्चे अल्प कुपोषित हैं। जब अरबों रुपए अन्य बीमारियों के संक्रमण में लगाए जा सकते हैं तो एक अभियान के तहत बच्चों के कुपोषण को दूर करने के लिए भी मैराथन प्रयास किए जाने चाहिए ।जिससे बच्चे तो कम से कम कुपोषित ना हो वैसे भारत कुपोषण के मामले में वैश्विक स्तर पर बांग्लादेश तथा पाकिस्तान से भी पीछे है उसका नंबर 101वां है, ऐसे हालात में महिला तथा बाल विकास को महिलाओं तथा बच्चों के लिए ही एक विशेष अभियान चलाकर उन्हें कुपोषित होने से बचाना होगा। पोषण ट्रैकर के हवाले से बताया गया कि सिर्फ महाराष्ट्र में ही कुपोषित बच्चों की संख्या छह लाख दर्ज की गई है जिनमें 1,57 लाख बच्चे अल्प कुपोषित तथा 4,58 लाख बच्चे गंभीर रूप से कुपोषित हैं। दूसरे नंबर पर बिहार प्रदेश आता है जहां 5लाख कुपोषित बच्चे और तीसरे नंबर पर गुजरात प्रदेश होता है जहां 3:30 लाख बच्चे कुपोषित हैं। महाराष्ट्र बिहार गुजरात और मध्य प्रदेश बहुत सक्षम और देश के बड़े राज्य हैं, यहां पर स्वास्थ्य विभाग पर अरबों रुपए खर्च किए जाते हैं, फिर ऐसी क्या वजह है कि बच्चों के कुपोषण की दर इतनी ज्यादा तथा चिंताजनक हो गई है।

कुपोषित बच्चे भी बड़े होते हैं तो वह कई बीमारियों को लेकर धीरे-धीरे बढ़ते हैं और इससे उनकी लंबाई तथा स्वास्थ्य पर बहुत ज्यादा असर पड़ता है देश के 34% कुपोषित बच्चों का कद औसत कद से बहुत कम हो जाता है। 21% बच्चे जो कुपोषण के कारण यदि वह बच भी जाते हैं तो उनका वजन अत्यंत कम हो जाता है। ऐसे कम लंबाई तथा कम वजन के बेचारे बच्चे देश का क्या भविष्य बना पाएंगे या देश में अपना योगदान क्या दे पाएंगे। इसीलिए भारत सरकार राज्य सरकारों को कम से कम बच्चों की तरफ तो ज्यादा से ज्यादा ध्यान देने की आवश्यकता होगी। वैश्विक भूख सूचकांक( ग्लोबल हंगर इंडेक्स) के आंकड़ों के हिसाब से 2021 में भारत 116 देशों में 101 वें स्थान पर पहुंच गया है इस मामले में वह अपने पड़ोसी देशों पाकिस्तान, बांग्लादेश, भूटान और नेपाल से काफी पीछे है। इस मामले में भारत 2020 में ग्लोबल हंगर इंडेक्स के अनुसार 94 वें स्थान में था, और आज की स्थिति में 101 वे स्थान में पहुंच गया है। इसका सीधा सीधा मतलब है कि हर वर्ष कुपोषण से शिकार बच्चों की संख्या बेतहाशा बढ़ रही है। कुपोषण के मामले में भारत की राजधानी दिल्ली भी पीछे नहीं है दिल्ली प्रदेश की स्थिति भी चिंताजनक है अधिकारी और मंत्री भले बड़े-बड़े दावे करने में पीछे नहीं हटते हैं पर बच्चों की स्थिति चिंताजनक है,दिल्ली में ही 2लाख बच्चे कुपोषित हैं, आंध्र प्रदेश में 2,70लाख बच्चे कुपोषित हैं, कर्नाटक में 2,5 लाख बच्चे उत्तर प्रदेश में 19लाख बच्चे,तमिलनाडु में 1,80लाख ,असम में 1,80लाख और तेलंगाना में 1,60 लाख बच्चे कुपोषण की स्थिति में जी रहे हैं। इस देश में जहां अरबों रुपए सरकार के 40 से ज्यादा विभागों में सालाना खर्च किए जा रहे हैं, तो यह स्वास्थ्य विभाग में विशेष तौर पर बच्चों के लिए खर्च करने रिसर्च करने और उन पर विशेष ध्यान देने में कोताही क्यों बरती जा रही है। यह तथ्य न सिर्फ चिंतनीय है बल्कि स्वास्थ विभाग की कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिन्ह खड़ा करता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी महिला तथा बालकों के विकास के लिए विशेष अभियान चलाकर उनके स्वास्थ्य की रक्षा हेतु निर्देशित किया है। वैश्विक आंकड़े भी यही बताते हैं कि बच्चों को जो कि किसी भी देश का भविष्य होते हैं कुपोषण से हर तरह से सुरक्षित किया जाना सुनिश्चित करना होगा ,अन्यथा ये कुपोषित बच्चे ही आगे चलकर देश के नागरिक नागरिक बनेंगे। ऐसे में आप स्थिति की कल्पना कर सकते हैं देश की विशाल जनसंख्या को देखते हुए बच्चों के कुपोषण की दर जरूर कम है, लेकिन हर साल इनके कुपोषण की दर की वृद्धि चिंताजनक परिणाम देने वाली ना हो इस पर हम सबको ध्यान देना होगा।

# बेदाग निखार पाने के लिए डाइट में शामिल करें ये फूड्स, खिला-खिला दिखेगा चेहरा



घरेलू नुस्खों के इस्तेमाल से स्किन की रंगत को निखारा जा सकता है। हालांकि ग्लोइंग स्किन के लिए सिर्फ स्किन केयर की जरूरत नहीं होती है। इसके लिए कुछ फूड्स होते हैं, जोकि स्किन के लिए जरूरी होते हैं। ऐसे में आज हम आपको कुछ ऐसे ही सुपरफूड्स के बारे में बताने जा रहे हैं। गर्मी में धूल-पसीने की वजह से हमारी स्किन पर बुरा असर पड़ता है। इससे चेहरे की रंगत डाउन हो जाती है। लड़कियों को अपनी स्किन की सबसे ज्यादा चिंता होती है। ऐसे में लड़कियां मार्केट से कई तरह के महंगे प्रोडक्ट्स खरीदकर इस्तेमाल करती हैं। लेकिन इन प्रोडक्ट्स में केमिकल्स मिले होते हैं। जिस कारण यह स्किन के लिए हानिकारक होते हैं। ऐसे में आप घरेलू नुस्खे अपना सकती हैं, जिनके आपको ढेरों लाभ मिलते हैं। इन घरेलू नुस्खों के इस्तेमाल से स्किन की रंगत को निखारा जा सकता है। हालांकि ग्लोइंग स्किन के लिए सिर्फ स्किन केयर की जरूरत नहीं होती है। इसके लिए कुछ फूड्स होते हैं, जोकि स्किन के लिए जरूरी होते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ ऐसे ही सुपरफूड्स के बारे में बताने जा रहे हैं, जो आपको दमकती हुई स्किन लौटाने का काम करेंगी।

**फल और सब्जियां**-फल और सब्जियों में एंटीऑक्सीडेंट्स की अच्छी खासी मात्रा पाई जाती है। यह आपकी स्किन को जवां बनाए रखने में मदद करता है। आपको अपनी डाइट में मौसमी फलों और हरी सब्जियों को शामिल करना चाहिए। इससे आपको नूरानी निखार मिलेगा।

**बेरीज**-बेरीज जैसे ब्लूबेरीज और स्ट्रॉबेरीज भी स्किन के लिए काफी फायदेमंद है। यह एंटीऑक्सीडेंट और विटामिन सी का अच्छा स्त्रोत है। अगर आप अपनी डाइट में बेरीज को शामिल करती हैं, तो स्किन के दाग-धब्बे दूर होते हैं। वहीं फ्री रेडिकल्स से भी छुटकारा मिलता है और स्किन जवां बनती है।

**नट्स और सीड्स**-ग्लोइंग स्किन के लिए डाइट में नट्स और सीड्स जरूर शामिल करना चाहिए। नट्स और सीड्स में ओमेगा 3 फैटी एसिड, जिंक, प्रोटीन और सिलेनियम पाया जाता है, जोकि स्किन के लिए फायदेमंद होते हैं। इसका सेवन करने से स्किन सॉफ्ट बनती है और गजब का निखार आता है।

**ग्रीन टी**-ग्रीन टी सिर्फ वेट लॉस के लिए नहीं बल्कि यह हमारी स्किन को भी जबरदस्त फायदे पहुंचाती हैं। यह स्किन को रेडनेस और सनटैन से बचाती है। ग्रीन टी का सेवन करने से हमारी स्किन यंग नजर आती है।

**आंवला**-आंवला में विटामिन सी की अच्छी मात्रा पाई जाती है। यह हमारी त्वचा के साथ बालों के भी फायदा पहुंचाने का काम करती है। आंवला को डाइट में कई तरह से शामिल कर सकते हैं। आप आंवला की अचार, चटनी, मुरब्बा और कैंडी के रूप में इस्तेमाल कर सकते हैं।

## सू-दोकू-147

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | 6 | | 8 | | 3 | |
| 9 | | 8 | | 3 | | 4 | | |
| | | | | | | | 5 | |
| 5 | | 2 | | | 7 | | 6 | |
| | 8 | | 4 | | | 1 | | 3 |
| | | | | 9 | | | | |
| 8 | | | 9 | | | | 1 | |
| | 5 | | | 1 | | 6 | | 2 |
| | | 1 | 7 | | | | 4 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.146 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 8 | 1 | 4 | 9 | 7 | 5 |
| 9 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 3 | 1 | 8 |
| 8 | 7 | 1 | 9 | 3 | 5 | | 6 | 2 |
| 6 | 2 | 7 | 5 | 4 | 8 | 4 | 3 | 9 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 2 | 5 | 4 |
| 4 | 1 | 5 | 3 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 |
| 5 | 3 | 2 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 1 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 5 | 4 | 3 |
| 7 | 4 | 9 | 1 | 5 | 3 | 8 | 2 | 6 |

## एक नजर

### खनिज एवं जिला व्यापार उद्योग केन्द्र की हुई समीक्षा बैठक

**दंतेवाड़ा, 22 अगस्त ।** जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आज कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत के द्वारा खनिज विभाग एवं जिला व्यापार उद्योग केन्द्र की समीक्षा बैठक ली गई। बैठक में सर्वप्रथम कलेक्टर ने खनिज विभाग से संबंधित जिला में ज्यादा से ज्यादा रेत खदान चिन्हांकित करने एवं कुआकोंडा, कटेकल्याण में विशेष रूप से खदान शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने खनिज अधिकारी को स्पष्ट निर्देश दिया कि रॉयल्टी क्लीयरेंस हेतु शासन द्वारा निर्धारित की गयी कटौती दर पर ठेकेदारों की अंतिम भुगतान काट कर रखने हेतु समस्त निर्माण विभागों को निर्देशित करे और इस संबंध में पीडब्ल्यूडी, पीएमजीएसवाय एवं आदिवासी विकास विभाग के साथ अलग से बैठक लेकर समीक्षा करें। इसके साथ ही उन्होंने बिना रॉयल्टी क्लीयरेंस के किसी के भी बिल पास नहीं करने हेतु डीएमएफ शाखा को निर्देश दिया। बैठक में इसके साथ ही कलेक्टर द्वारा एक पेड़ माँ के नाम 2.0 के तहत खनिज विभाग को निर्धारित लक्ष्य को जल्दी पूरा करने हेतु निर्देश दिए। बैठक में जानकारी दी गई कि एन एम डी सी बचेली, किरंदुल द्वारा 30 हजार पौधों का रोपण वन विभाग द्वारा बचेली और किरंदुल में किया जा रहा है।

### रजत महोत्सव पर ग्राम परचेली में महतारी मेगा हेल्थ कैम्प का आयोजन

**दंतेवाड़ा, 22 अगस्त ।** जिले में छत्तीसगढ़ राज्य शासन के रजत महोत्सव 2025 के उपलक्ष्य में विभागों द्वारा जनहित में आवश्यक कार्यक्रमों एवं शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस क्रम में एकीकृत बाल विकास परियोजना कटेकल्याण के अंतर्गत ग्राम पंचायत परचेली डोम में महतारी मेगा हेल्थ कैम्प का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ जनपद अध्यक्ष हिडमा कवासी, जनपद उपाध्यक्ष भीमसेन मंडावी, महिला एवं बाल विकास समिति की सभापति सोमडी मरकाम, जनपद सदस्य पुष्पांजलि नाग, रीता कुजाम, लक्ष्मी मंडावी तथा ग्राम पंचायत की सरपंच कौशल्या सहित अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा किया गया। उक्त कैंप में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा हितग्राहियों के स्वास्थ्य परीक्षण अंतर्गत 21 गर्भवती महिलाएं, 23 शिशुवती माताएं, 10 कुपोषित बच्चे तथा 17 किशोरी बालिकाओं का बीपी, शुगर एवं हीमोग्लोबिन की जांच की गई। साथ ही डॉक्टरों द्वारा उपस्थित महिलाओं और किशोरियों को स्वास्थ्य संबंधी उपयोगी जानकारी देने के अलावा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा रेडी टू ईट फूड से बने 12 प्रकार के पौष्टिक व्यंजनों की प्रदर्शनी लगाई गई, जिसे ग्रामीणों ने काफी सराहा।

### एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में लैटरल एंट्री से दिया जाएगा प्रवेश

**कांकेर 22 अगस्त ।** जिले में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय लामकन्हार अंतागढ़, कांकेर, नरहरपुर, फरसकोट भानुप्रतापपुर एवं दुर्गूकोंदल में 11वीं की रिक्त सीटों पर लैटरल एंट्री के माध्यम से अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जाएगा। आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि कक्षा 11वीं में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय लामकन्हार अंतागढ़ में बालक वर्ग में गणित, वाणिज्य संकाय में कुल 14 सीट, कांकेर में विज्ञान, गणित में 07 सीट बालक तथा नरहरपुर में कन्या के लिए विज्ञान एवं गणित 18 सीटों पर भर्ती की जाएगी। इसी तरह फरसकोट भानुप्रतापपुर में बालक के लिए विज्ञान, गणित के 11 सीट एवं 04 सीट कला तथा कन्या के लिए विज्ञान, गणित के 13 सीट कन्या और 05 सीट कला पर प्रवेश दिया जाएगा।

### जिले की जनपद पंचायतों में 25 अगस्त से रोजगार मेला का आयोजन

**जगदलपुर, 22 अगस्त ।** हैदराबाद की निजी सिक्योरिटी कम्पनी के सहयोग से जिले के जनपद पंचायतों के 25 अगस्त से 05 सितंबर तक सिक्योरिटी गार्ड एवं सिक्योरिटी सुपरवाईजर पद के लिए रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा। जिसमें सिक्योरिटी गार्ड एवं सिक्योरिटी सुपरवाईजर पद पर सेवाएं देने के इच्छुक युवाओं का चयन किया जाएगा। जिला कौशल विकास प्राधिकरण जगदलपुर से मिली जानकारी के अनुसार जिले के जनपद पंचायत तोकापाल में 25 अगस्त, जनपद पंचायत दरभा में 28 अगस्त, जनपद पंचायत बस्तर में 29 अगस्त, जनपद पंचायत बास्तानार में 02 सितम्बर, जनपद पंचायत लोहण्डीगुड़ा में में 03 सितम्बर, जनपद पंचायत बकावण्ड में 04 सितम्बर तथा लाईवलीहुड कॉलेज जगदलपुर में 05 सितम्बर को रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा। उक्त सभी स्थलों पर रोजगार मेला प्रातः 11 बजे से शाम 04 बजे तक होगा।

### रजत महोत्सव के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित

**कांकेर 22 अगस्त ।** छत्तीसगढ़ स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्रदेश भर में रजत महोत्सव आयोजित किया जा रहा है। इसी क्रम में कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' योजनांतर्गत वाद-विवाद, रंगोली प्रतियोगिता तथा मेगा हेल्थ कैम्प का आयोजन किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि परियोजना अंतर्गत जिले के ग्राम कोलर, अंतागढ़, तहकाल, कोदागांव, सरंड़ी, हिमोड़ा, छोटेधौसा, कलेपरस, चंदेली, किशनपुरी, तेलगरा, उसेल, चारगांव, पानीडोबीर, कोयलीबेड़ा और संगम में रजत जयंती महोत्सव 2025 के उपलक्ष्य में बालिकाओं के मध्य वाद-विवाद, रंगोली प्रतियोगिता, नारा लेखन एवं रैली के साथ विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया।

## पंचायत का कमाल

# मुरमीकरण के नाम पर 2.40 लाख खर्च पर सड़क जस की तस

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर, 22 अगस्त।** ग्राम पंचायत में भ्रष्टाचार से जुड़ा तीसरा खेल सामने आया है। हम बात कर रहे हैं ग्राम पंचायत रुद्रारम का, जहां पूर्व सरपंच काका कृष्णावेणी और सचिव कोरम विजय ने भीमारपपारा के सड़क पर 2,40,000 रुपये का मुरमीकरण कार्य बताकर वेंडर को भुगतान कर दिया गया मगर मुरमीकरण का कार्य ही अदृश्य हो गया।

सड़क पर मुरमीकरण कार्य के अदृश्य होने की जानकारी मिलने पर तरुण छत्तीसगढ़ की टीम भीमारप पारा पहुंची तो ग्रामीणों ने तंज कसते हुए कहा की ÷शायद इस अदृश्य मुरमीकरण का काम रात के अंधेरे में किया गया होगा, तभी किसी की नजर नहीं पड़ी। ग्रामीणों ने आगे बताया कि उन्होंने पिछले चार वर्षों से सड़क पर मुरमीकरण होते नहीं देखा है। गांव की सड़क पर आज तक एक तगड़ी मुरुम भी नहीं डाला गया है।

बता दें कि अक्टूबर 2024 में 2,40,000 रुपये दो किश्तों में 1,20,000 रुपये और पुनः 1,20,000 रुपये निकाली गई थी। भीमाराप पारा में मुरमीकरण का काम कागजों पर पूरा दिखा दिया गया लेकिन हकीकत यह है कि सड़क जस की तस पड़ी है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर विकास कागजों पर ही कराना है, तो जनता को गड्ढों वाली सड़क क्यों झेलनी पड़ रही है।ग्रामीणों ने प्रशासन की भूमिका पर भी सवाल खड़े किए हैं। उनका कहना है कि जब लाखों रुपये पंचायत से निकाले जाते हैं, तो अधिकारियों को इसकी जानकारी क्यों नहीं होती? क्या बिना मौके का निरीक्षण किए ही भुगतान कर दिया जाता है? या फिर अधिकारी भी आंख मूंदकर इस बंदरबांट में शामिल हैं? एक ग्रामीण ने कटाक्ष करते हुए कहा कि ÷लगता है अधिकारी भी उन्हीं सड़कों पर चलते होंगे जो फाइलों में बनी हैं, तभी उन्हें असली गड्ढे नजर नहीं आते।÷दरअसल रुद्रारम पंचायत पर यह पहला आरोप नहीं है। 15 वर्षो से बजट नहीं आने और दलदल सड़क पर मजबूरन चलने को मजबूर ग्रामीण तो कभी 2500 रुपये प्रति नग डस्टबिन की किमत पर खरीदी व ग्रामीणों को वितरण नहीं करने का खेल, अब अदृश्य मुरमीकरण ने पंचायत की साख पर और दाग लगा दिया हैं। भ्रष्टाचार की खुलती परतें बताती हैं कि योजनाओं की राशि कागजों पर ही खत्म हो रही है, जबकि गांव वाले परेशानियों के दलदल में धंसे हुए हैं।इस संबंध में जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुरेश देवांगन ने जल्द ही भीमारप पारा के सड़क पर मुरमीकरण कार्य की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया साथ ही उन्होंने बताया कि 2500 रुपये में डस्टबिन खरीदी के संबंध में जांच टीम गठित की गई है और जल्द ही इसकी जांच भी की जाएंगी।लगातार ग्राम पंचायत रुद्रारम में भ्रष्टाचार की परतें खुल रही हैं और इन पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा जांच भी कराई जा रही है। अब ग्रामीणों को भी लगने लगा है कि शायद इस बार जांच में दोषियों से राशि की वसूली होगी। संबंधित जिम्मेदार अधिकारी अब इन भ्रष्टाचारों को लेकर किस तरह की कार्रवाई करते हैं,

### जिला स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन 23 अगस्त को

**नारायणपुर, 22 अगस्त।** 22वीं राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता 2025 का आयोजन 05 से 07 सितम्बर तक बिलासपुर में आयोजित किया जा रहा है। इसी क्रम में जिले में जिला स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन 23 अगस्त, दिन शनिवार को बालक क्रीड़ा परिसर ग्राउण्ड नारायणपुर में प्रातः 10 बजे से आयोजित किया जा रहा है। उक्त प्रतियोगिता में अंडर 14, 16, 18, 20 एवं 23 वर्ष के बालक बालिकायें भाग ले सकते हैं। उक्त प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ियों का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सम्मिलित होने का पूरा व्यय एथलेटिक्स संघ द्वारा किया जायेगा। इच्छुक प्रतिभागी अधिक जानकारी के लिए सहाकय जिला क्रीड़ा अधिकारी मोबाईल नंबर +91-9406336061 और सचिव एथलेटिक्स संघ मोबाईल नंबर +91-7489449478, +91-9406464601 से संपर्क कर सकते हैं।

# फैमिली कोर्ट में आपराधिक षड़यंत्र के मामले में दो आरोपियों की जमानत मंजूर



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 22 अगस्त।** जिला मुख्यालय के फैमिली कोर्ट में सहायक ग्रेड-3 और स्टेनोग्राफर के पद की भर्ती में हुई गड़बड़ी के बाद 6 लागों के विरुद्ध बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया गया था। लगभग 11 माह जेल में रहने के बाद दो आरोपियों की जमानत कल 21 अगस्त को हाईकोर्ट बिलासपुर के द्वारा मंजूर कर ली गई है। इनमें दीपक कुमार देवांगन और विनोद कुमार नाग का नाम शामिल हैं जो जल्द रिहा कर दिये जाएंगे। दीपक कुमार देवांगन की ओर से हाईकोर्ट में पैरवी अधिवक्ता मनोहर देवांगन ने की है।

ज्ञात हो कि लगभग 11 माह पूर्व कुटुम्ब न्यायालय दंतेवाड़ा में सहायक ग्रेड-3 तथा स्टेनोग्राफर के पद के लिए विज्ञापन जारी किया गया था जिस पर क्षेत्र के युवाओं ने आवेदन प्रस्तुत किया था। एफआईआर के मुताबिक उक्त पद के लिए आयोजित परीक्षा के संपन्न होने के उपरांत कथित आवेदकों को अनुचित लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से न्यायालय के स्टाफ द्वारा रात्रि में न्यायालय परिसर की बिजली गुल कर सीसीटीव्ही कैमरा बंद किया गया और सीलबंद पेटी में रखे उत्तर पुस्तिकाओं के साथ कूटरचना की गई थी। उत्तरपुस्तिकाओं के निरीक्षण के दौरान परीक्षकों ने यह पाया कि उनके हस्ताक्षर में कुछ भिन्नताएं हैं जो कि किसी कूटरचना की तरफ इशारा करता है। मामला संदेहास्पद लगने पर तत्काल जांच कर थाना दंतेवाड़ा में एफआईआर दर्ज कराई गई जिसमें न्यायालयीन कर्मचारी पूनम चंद मरकाम, घनश्याम मरकाम तथा अभ्यर्थियों में दीपक कुमार देवांगन, विनोद कुमार नाग, कुमारी सावित्री आलेन्द्र तथा कुमारी प्रिती नेताम के विरुद्ध भारतीय नागरिक संहिता 2023 की धारा 61, 318, 334, 336, 338 तथा 340 के तहत आपराधिक षड़यंत्र, छल, धोखाधड़ी एवं कूटरचना का अपराध पंजीबद्ध किया गया था। एफआईआर दर्ज होने के दूसरे दिन ही सभी आरोपियों को हिरासत में लेकर जेल भेज दिया गया था।

# तेलंगाना के बूचड़खानों के लिए ले जाते हुए तारलागुड़ा पुलिस ने 45 भैंसों को कराया मुक्त

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 22 अगस्त।** तेलंगाना के बूचड़खानों तक अवैध रूप से पशु तस्करी का सिलसिला वर्षों से जारी है लेकिन अब बीजापुर पुलिस ने इस नेटवर्क पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। ताजा कार्रवाई में तारलागुड़ा थाना पुलिस ने 45 भैंसों को तस्करों के कब्जे से छुड़ाकर एक आरोपी को गिरफ्तार किया हैमुखबिर की सूचना पर तारलागुड़ा जंगल पहाड़ी के पास घेराबंदी की गई। यहां तस्कर बिना वैध दस्तावेज के भैंसों को कोत्तुर पहाड़ी रास्ते से हैदराबाद ;तेलंगानाद्ध की ओर ले जा रहा था। गिरफ्तार आरोपी की पहचान केण्जीण् सन्यासी ;56 वर्षद्धए निवासी रूद्रारमए थाना भोपालपटनमए जिला बीजापुर के रूप में हुई है। आरोपी के खिलाफ छत्तीसगढ़ कृषिक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 और पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 के तहत मामला दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया गया। बरामद मवेशियों को सुरक्षार्थ ग्राम पंचायत तारलागुड़ा के सरपंच और सचिव को सौंपा गया।जिला पुलिस ने हाल के एक माह में पशु




तस्करों के खिलाफकई बड़ी कार्रवाइयाँ की है। इनमें 21 जुलाई के थाना मद्देड़ में 07 तस्कर गिरफ्तारए 83 मवेशियों को मुक्त और 22 जुलाई थाना तारलागुड़ा 03 तस्कर गिरफ्तारए 16 मवेशी मुक्त एवं 6 अगस्त को पुनः थाना तारलागुड़ा में 02 तस्करों को गिरफ्तार करते हुए 90 मवेशियों को मुक्त कराया गया। इन कार्रवाइयों के जरिए अब तक 13 पशु तस्करों को गिरफ्तार किया जा चुका है ।

# निजी स्कूलों,नर्सिंग कोलेजों में मनमानी फीस पर रोक लगाते हुए फीस का निर्धारण कलेक्टर करें:चन्द्रिका सिंह

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 22 अगस्त।** जनअधिकार सामाजिक कल्याण संघ बस्तर संभाग के प्रतिनिधि मंडल ने प्रदेश अध्यक्ष चन्द्रिका सिंह की अगुवाई में प्रदेश के निजी स्कूलों/नर्सिंग कालेजों में ली जा रही मनमानी फीस पर रोक लगाते हुए जिलों में कलेक्टर द्वारा फीस निर्धारण करने सम्बंधित ज्ञापन आयुक्त, बस्तर संभाग को सौंपा गया था।

जिसमें उल्लेख किया गया था कि, इस माँग से सम्बंधित ज्ञापन मुख्यमंत्री, विधानसभा अध्यक्ष एवं मुख्य सचिव छत्तीसगढ़ शासन के नाम पूर्व में सौंपा गया था। इस परिपेक्ष में माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर ने भी निजी स्कूलों के



द्वारा ली जा रही मनमानी फीस को गंभीरता से लिया जाकर राज्य शासन को फीस निर्धारण करने हेतु सुझाव दिया गया है प्रदेश अध्यक्ष चन्द्रिका सिंह ने बड़े दुःख के साथ कहा है कि, मध्यम वर्गीय परिवार आर्थिक रूप से कमजोर परिवार अपने बच्चों के भविष्य को देखते हुए स्कूल प्रबंधन के हर जुल्म को बड़े पीड़ा के साथ सहन करने बाध्य होना पड़ रहा है. उन्होंने बस्तर कमिश्नर को सौंपे गये ज्ञापन में संभाग के सभी कलेक्टर को फीस निर्धारण करने हेतु निवेदन किया है. प्रदेश अध्यक्ष ने संचालित निजी स्कूलों/नर्सिंग कालेजों का स्वागत किया है. साथ ही उनसे यह आग्रह भी किया है कि फीस न्यूनतम हो ताकि मध्यमवर्गीय परिवार आर्थिक रूप से कमजोर परिवार सरलतापूर्वक आपके स्कूलों का लाभ ले सकें. यह भी निवेदन किया है कि, संचालित स्कूलों में बच्चों के खेलकूद की भी सुविधा हो अन्यथा की स्तिथि में जहाँ बच्चे एक ओर खेलकूद से दूर हो जायेंगे वहीँ दूसरी तरफ बच्चों के स्वास्थ पर प्रतिकूल असर पड़ेगा.कलेक्टर से यह आग्रह किया है कि फीस निर्धारण हेतु यदि कमेटी बनायीं जाती है तो मध्यमवर्गीय परिवार आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के कम से कम दो-दो पालकों तथा इस संघ के एक सदस्य को कमेटी में स्थान दिया जावे. उक्त जानकारी प्रदेश के महासचिव विपिन तिवारी तथा प्रदेश उपाध्यक्ष रवि तिवारी एवं संभागीय अध्यक्ष शंकर लाल श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से प्रेस-विज्ञप्ति जारी की है. प्रदेश अध्यक्ष ने कमिश्नर महोदय बस्तर संभाग को सौंपे गए ज्ञापन पर त्वरित कार्यवाही के लिए कोटिश धन्यवाद ज्ञापित किया है.

# केदार कश्यप ने किया 80 लाख रुपए से ज्यादा लागत के 10 विकास कार्यों का भूमिपूजन



**जगदलपुर, 22 अगस्त ।** प्रदेश के वन एवं जलवायु परिवर्तन, परिवहन, सहकारिता तथा संसदीय कार्य मंत्री श्री केदार कश्यप ने कहा कि क्षेत्र में उद्यानिकी फसल की ओर किसानों के रुझान को देखते हुए शीघ्र ही सोनारपाल में उद्यानिकी महाविद्यालय की स्थापना की जाएगी।

गुरुवार को मंत्री श्री केदार कश्यप ने बोड़नपाल और सोनारपाल में आयोजित कार्यक्रमों में 80 लाख 57 हजार रुपए लागत के 10 विकास कार्यों का भूमिपूजन अवसर पर कहा कि हमारी सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में निर्माण कार्यों को गति दी हैण् 18 लाख आवासों के निर्माण की स्वीकृति इस बात का साक्ष्य है। हमारी सरकार ने लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने का कार्य किया साथ ही विकास कार्यों को एक नई दिशा दी है। उन्होंने इस दौरान क्षेत्रीय ग्रामीणों की मांग पर सोनारपाल में मंदिर के निकट हैंडपंप खनन, बड़ेपारा तारागांव में 2 मीटर पुलिया, सोनारपाल ठाकुरपारा में 2 मीटर पुलिया, माता मंदिर तारागांव में भवन, स्कूल में शेड निर्माण, बाकेल में धान खरीदी केंद्र, डेढ़ करोड़ रूपए की लागत से एनीकट निर्माण, जल जीवन मिशन के तहत पानी टंकी का निर्माण, खालेपारा बाकेल में हैंडपंप स्थापाना एवं सिलाई सेंटर स्थापना की घोषणा भी की।

मंत्री श्री केदार कश्यप ने सोनारपाल में आयोजित कार्यक्रम में 34 लाख 32 हजार रुपए और बोड़नपाल-2 में आयोजित कार्यक्रम में 46 लाख 25 हजार रुपए के कार्यों का भूमिपूजन कर क्षेत्रवासियों को बड़ी सौगात दी। उन्होंने सोनारपाल में 46 लाख 25 हजार रुपए के कार्यों का भूमिपूजन किया,

# शहीद वीर नारायण सिंह की मूर्ति खंडित करने वालों को गिरफ्तार करने की मांग लेकर आदिवासी समाज ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा



**राजनांदगांव,22 अगस्त।** एक सप्ताह पूर्व जिला दुर्ग बस स्टैंड में स्थापित प्रदेश के प्रथम शहीद वीर नारायण सिंह जी की शिलालेख में कालिख पोतकर पुरखा एवं संपूर्ण आदिवासी समाज को अपमानित किया गया है। सर्व आदिवासी समाज ने मांग की है कि दोषियों पर कड़ी कार्यवाही, हेतु अविलंब गिरफ्तारी की जाए तत्काल दोषियों पर दण्डात्मक कानूनी कार्यवाही की मांग समाज द्वारा किया गया है।निश्चित समय में उचित कार्यवाही न होने पर आदिवासी समाज के द्वारा उग्रअंदोनलन किया जायेगा जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। राजनांदगांव कलेक्टर सर्वेश्वर भूरे ने कहा मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन है उसको आगे प्रेषित कर दिया जाएगा।

### कलेक्टर ने किया शासकीय गुंडाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय का निरीक्षण

**कोण्डागांव, 22 अगस्त।** कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना ने आज शासकीय गुंडाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय का निरीक्षण किया एवं महाविद्यालय की औपचारिक बैठक में सम्मिलित हुईं। बैठक में वर्तमान शैक्षणिक सत्र की प्रवेश प्रक्रिया, महाविद्यालय भवन की स्थिति और उपलब्ध संसाधनों एवं आवश्यकतों पर विस्तृत चर्चा हुई।

# आंगनबाड़ी में सिर पर लोहे का पाइप गिरने से बच्ची की मौत

**बिलासपुर, 22 अगस्त।** बिलासपुर में आंगनबाड़ी में खेल रही मासूम के ऊपर लोहे का पाइप गिर गया, जिससे गंभीर रूप से घायल 3 साल के मासूम बच्ची की मौत हो गई। घटना 14 अगस्त की है। इस मामले को पुलिस एक सप्ताह तक दबाई बैठी रही। आम आदमी पार्टी के विरोध और शिकायत के बाद अब जाकर पुलिस यह मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र का है। दरअसल, तालापारा की रहने वाली तीन साल की मुस्कान महिलांग मोहल्ले के आंगनबाड़ी में पढ़ने जाती थी। रोज की तरह 14 अगस्त को भी वो आंगनबाड़ी गई थी। इस दौरान खेलते समय परिसर में रखे लोहे का पाइप बच्ची के ऊपर गिर गया, जिससे वो गंभीर रूप से घायल हो गई।



तालापारा की रहने वाली तीन साल की मुस्कान महिलांग मोहल्ले के आंगनबाड़ी में पढ़ने जाती थी। इस हादसे के बाद बच्ची को सिम्स ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इस घटना की सूचना आम आदमी पार्टी की प्रदेश उपाध्यक्ष और वकील प्रियंका शुक्ला को मिली, तो उन्होंने पुलिस अफसरों से जानकारी ली, तब पहले उन्होंने इस तरह की घटना होने से इनकार कर दिया।फिर बाद में पता चला कि सिविल लाइन पुलिस ने बच्ची के शव का पोस्टमॉर्टम कराया है। लेकिन, एक सप्ताह बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई है। जिसका विरोध करते हुए उन्होंने परिजनों के साथ मिलकर शिकायत करने और आंदोलन करने की चेतावनी दी।

### आदि कर्मयोगी अंतर्गत उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन

**कांकेर 22 अगस्त।** जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण नरेटी, उपाध्यक्ष श्रीमती तारा ठाकुर, कलेक्टर श्री निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री हरेश मण्डावी की उपस्थिति में आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत जिला कार्यालय में उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया।उन्मुखीकरण कार्यशाला को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण नरेटी ने कहा कि अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए ग्रामों में लोगों की टीम बनाया जाए। इस टीम में समाज के प्रबुद्ध व सक्रिय लोगों, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक एवं पंचायत पदाधिकारियों, सेवाभावी लोगों तथा युवाओं, स्व-सहायता समूहों को शामिल करते हुए अभियान का उद्देश्य व उनकी भूमिका से अवगत कराया जावे, ताकि यह अभियान सफल हो और गांव के सभी पात्र लोग योजनाओं से लाभान्वित हो सके।कलेक्टर श्री निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने कहा कि यह अभियान बहु-विभागीय समन्वय और सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से लागू किया जा रहा है।

# बस्तर ओलंपिक ट्रेक सूट खरीदी में भाजपा की साय सरकार ने किया भ्रष्टाचार : मौर्य

**जगदलपुर, 22 अगस्त।** संभाग मुख्यालय राजीव भवन जगदलपुर में शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया...शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य ने पत्रकार वार्ता को संबोधित कर भाजपा सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि जिस बस्तर ओलंपिक को लेकर प्रधानमंत्री 15 अगस्त को लाल किले की प्राचीर से बड़ी-बड़ी बाते कर रहे थे उसी बस्तर औलंपिक में ट्रेक सूट खरीदी में साय सरकार ने भ्रष्टाचार किया है।4900 ट्रैक सूट खरीदी के लिये निविदा बुलाया गया, जिसमें क्वालीफाई करने वाली 5 कंपनियां एक ही ब्रांड शिव नरेश स्पोर्ट्स प्रा.लि. से जुड़ी थी। सभी पांचो कंपनियां एक ही ट्रैक सूट मॉडल (आर्टिकल कोड 459) के लिये बोली



लगाया। इसमें शिव नरेश स्पोर्ट्स प्रा.लि. को एल 1 घोषित किया गया तथा उससे 2499 रुपये की दर पर ट्रैक सूट खरीदा गया। कुल 10 कंपनियों ने टेंडर में हिस्सा लिया, इसमें ए आर नीच फैब, एडिडास, हिंद स्पोर्ट्स, नरेन संस ट्रॉफी वाले, रिद्धि-सिद्धि सॉल्यूशन, शैम स्पोर्ट्स, शिव नरेश स्पोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड, स्पोर्टटेक्स, वरना डिसप्ले और विनायक वेंचर्स शामिल थे टेक्निकल बिड में केवल 5 कंपनियां शिव नरेश स्पोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड, वरना डिसप्ले सिस्टम प्राइवेट लिमिटेड, नरेन संस, विनायक वेंचर्स और रिद्धि-सिद्धि सॉल्यूशन ने क्वालीफाई किया। बाकी कंपनियां टेक्निकल बिड में ही डिसक्वालीफाई कर दी गई। एडिडास जैसी अंतरराष्ट्रीय कंपनी को भी टेक्निकल बिड में बाहर कर दिया गया।खेल विभाग ने शिव नरेश ब्रांड के जिस ट्रैक सूट को 2499 रूपए प्रति यूनिट की दर से खरीदा, वही ट्रैक सूट कंपनी की आधिकारिक वेबसाइट पर 1539 रूपए में उपलब्ध है। यानि प्रति यूनिट ट्रैक सूट पर 960 रूपए का अंतर पाया गया।शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य ने कहा खेल विभाग ने 4 हजार 900 ट्रैक सूट की खरीदी के लिए 2499 रूपए प्रति यूनिट की दर से कंपनी को 1 करोड़ 22 लाख 45 हजार रूपए का भुगतान किया है।कंपनी की वेबसाइट में दिए गए 1539 रूपए की दर पर अगर ट्रैक सूट की खरीदी की जाती तो खेल विभाग को महज 75 लाख 41 हजार 100 रूपए का भुगतान करना होता। इससे करीब 47 लाख रूपए की बचत हो सकती थी।मामला एक ट्रैक सूट खरीदी का है पूरे आयोजन में कितना घोटाला हुआ होगा कल्पना की जा सकती है।प्रेसवार्ता में मुख्य रूप से पूर्व विधायक रेखचंद जैन, नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी, महिला कांग्रेस अध्यक्ष लता निषाद, उपनेता प्रतिपक्ष कोमल सेना,सुषमा सुता, ललिता राव, असीम सुता संदीप दास,जस्टिन भवानी, एस नीला,तरनजीत सिंह, उस्मान रजा,आदि मौजूद रहे ।

## एक नजर

### गांव में घुसा 30 से 35 हाथियों का दल, दहशत में ग्रामीण



**सूरजपुर,22 अगस्त।** जिले के प्रतापपुर वन परिक्षेत्र के करंजवार गांव में हाथियों का विशाल झुंड देखा गया है. करीब 30 से 35 हाथियों का यह दल क्षेत्र में डेरा जमाए हुए है. हाथियों की मौजूदगी से ग्रामीणों और किसानों में दहशत का माहौल है. ग्रामीणों का कहना है कि हाथियों ने धान और मक्का की फसलों को नुकसान पहुंचाना शुरू कर दिया है. झुंड में बड़े दतैल हाथियों के साथ छोटे-छोटे शावक भी शामिल हैं. स्थिति को देखते हुए वन विभाग की टीम लगातार मौके पर डटी हुई है. विभागीय अधिकारियों ने ग्रामीणों से सतर्क रहने और हाथियों से दूर रहने की अपील की है।

### वॉक इन इंटरव्यू 29 अगस्त को

**धमतरी 22 अगस्त ।** जिले में संचालित पीएमश्री स्कूलों में कक्षा पहली से बारहवीं तक की कक्षाओं में संगीत प्रशिक्षक पदों के लिए एक निश्चित मानदेय पर कार्य करने की स्वीकृति राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा रायपुर से मिली है। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि स्वीकृत पद के लिए 29 अगस्त को सुबह 11 से दोपहर 2 बजे तक वॉक इन इंटरव्यू, बीआरसी कार्यालय रूद्री रोड, धमतरी में आयोजित किया गया है। उन्होंने बताया कि आवेदक, निर्धारित आवेदन पत्र के साथ वॉक इन इंटरव्यू में उपस्थित होंगे। निर्धारित अवधि के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

### चयनित अभ्यर्थी 1 से 10 सितंबर तक ड्यूटी पर हों उपस्थित

**रायगढ़, 22 अगस्त।** वर्ष 2024-25 में नगर सेना, अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाएं तथा एस.डी.आर.एफ. मुख्यालय छत्तीसगढ़, सेक्टर-19, नवा रायपुर अटल नगर द्वारा की गई नगर सैनिक भर्ती प्रक्रिया का परिणाम 8 अगस्त 2025 को जारी कर दिया गया है। इस भर्ती प्रक्रिया के तहत कुल 1715 महिला नगर सैनिकों की छात्रावास ड्यूटी तथा 500 महिला एवं पुरुष नगर सैनिकों की जनरल ड्यूटी के लिए चयन किया गया है। चयनित अभ्यर्थियों को निर्देशित किया गया है कि वे 1 से 10 सितम्बर 2025 के मध्य अपने समस्त आवश्यक मूल दस्तावेजों के साथ कार्यालयीन दिवसों में जिला सेनानी नगर सेना कार्यालय, रायगढ़ में उपस्थित होकर कर्तव्य ग्रहण करें।

### प्लेसमेंट कैंप 25 अगस्त को

**धमतरी 22 अगस्त ।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र धमतरी द्वारा आगामी 25 अगस्त को प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा। सुबह 11 से शाम 4 बजे तक जिला रोजगार कार्यालय में आयोजित इस प्लेसमेंट कैम्प में निजी क्षेत्र के नियोजकों द्वारा सिक्यूरिटी गार्ड, सुपरवाईजर, मार्केटिंग, एजेंट, असिस्टेंट सुपरवाईजर सहित कुल 410 विभिन्न पदों पर भर्तियों के लिए साक्षात्कार लिया जाएगा।जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि ऐसे आवेदक, जिनकी शैक्षणिक योग्यता आठवीं, बारहवीं, ग्रेजुएट, एमबीए उत्तीर्ण है, वे प्लेसमेंट कैम्प की साक्षात्कार प्रकिया में शामिल हो सकते हैं। प्लेसमेंट कैम्प में शामिल होने के लिए आवेदक को शैक्षणिक योग्यता, तकनीकी योग्यता, निवास, जाति, रोजगार कार्यालय का पंजीयन प्रमाण पत्र और दो पासपोर्ट साईज के फोटो अपने साथ लाना होगा।

### जिले में 875.6 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज

**रायगढ़, 22 अगस्त।** चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 21 अगस्त तक 875.6 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 6.8 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 1033.7 मिली मीटर, पुसौर में 913.4, खरसिया में 785.1, घरघोड़ा में 896.7, तमनार में 590.4, लैलूंगा में 786, मुकडेगा में 1073.5, धरमजयगढ़ में 773.3, छाल में 777.2 एवं कापू में 1126.9 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### युक्तियुक्तकरण से शिक्षिका की नियुक्ति से पढ़ाई हुई आसान

# मांझीपारा के विद्यालय को मिला खेवइया, यहां के विद्यार्थी बनेंगे पढ़इया

**कोरबा 22 अगस्त ।** शहर से लगभग 80 किलोमीटर दूर पाली विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत डोंगा नाला में बड़ी संख्या में मांझी परिवार निवास करते हैं। नाव चलाने, मछली बेचने सहित मजदूरी कर अपना आजीविका चलाने वाले इन परिवारों के बच्चों को शिक्षा से जोड़ने शासन ने इनके बसाहट के पास ही प्राथमिक शाला प्रारंभ किया। अन्तिम छोर वाले इस गाँव के पाठशाला में पिछले कई साल से विद्यार्थियों की संख्या के हिसाब से नियमित शिक्षक नहीं थे। शिक्षको की कमी की वजह से माँझीपारा के बच्चों की पढ़ाई तो जारी थी लेकिन उन्हें ऐसा लगता था कि मानो जिस नाव रूपी प्राथमिक शाला में वे सवार है वह मझधार में फंसी हुई है। उन्हें मंजिल तक पहुंचाने एक और खेवइया रूपी शिक्षक की



नितांत आवश्यकता है। राज्य शासन की युक्ति युक्तकरण की पहल ग्राम पंचायत डोंगा नाला माँझीपारा के पाठशाला के विद्यार्थियों के लिए बड़ी वरदान बनकर आई। यहाँ एक और शिक्षिका की नियुक्ति हो जाने से मानो स्कूल को एक और खेवइया मिल गया है, जो इन्हें मंजिल तक पहुंचाने की दिशा में महत्वपूर्ण मददगार साबित होगा।

माँझीपारा में पांचवीं तक पाठशाला खुले हुए 21 साल हो गए, लेकिन यहाँ बच्चों की संख्या के हिसाब से शिक्षकों की कमी कभी न कभी बनी ही रही। शिक्षको की कमी की वजह से इस स्कूल से वास्ता रखने वाले माँझी जाति के लोगो के बच्चों को समस्या का सामना करना पड़ता था। समस्या सिर्फ यहाँ पढ़ाई करने वाले बच्चों तक की ही नहीं थीं, उनके पालकों की भी थी। उन्हें भी अपने बच्चों के भविष्य की चिंता थी। इस बीच मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर अपनाई गई युक्ति युक्तकरण की प्रक्रिया से माँझीपारा के प्राथमिक शाला में पढ़ाई करने वाले विद्यार्थियों के साथ ही स्कूल की भी भाग खुल गई। स्कूल में जहाँ दो नियमित शिक्षक हो गए, वही यहाँ पदस्थ हुई शिक्षिका नई मैडम के रूप में दिन भर विद्यार्थियों के जुबान में बस गई है। पाठशाला खुलते ही मैडम के आने और कक्षा में पढ़ाने की चर्चा तो विद्यार्थी करते ही है, मन लगाकर पढ़ाई भी करते हैं।पाली ब्लॉक के अंतर्गत दूरस्थ ग्राम पंचायत डोंगानाला के अंतर्गत अंतिम छोर पर बड़ी संख्या में मांझी परिवार निवास करते हैं।

## दादी प्रकाशमणि की पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर आयोजित



**तिल्दा नेवरा,22 अगस्त।** तिल्दा नेवरा राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि की पुण्यतिथि के असर पर तिल्दा में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है,यह आयोजन ब्रह्माकुमारीज संस्था द्वारा विश्व बंधुत्व दिवस के रूप में मनाया जा रहा है।

इस रक्तदान शिविर के आयोजन का उद्देश्य दादी प्रकाशमणि जी की याद में मानवता की सेवा करना और रक्तदान जैसे पुण्य कार्य को बढ़ावा देना है। दादी प्रकाशमणि जी का जीवन मानव मात्र के लिए अनुकरणीय था और उनकी शिक्षाएं आज भी प्रासंगिक हैं।इस अवसर पर बीजेपी नेता मंडल उपाध्यक्ष सौरभ जैन पार्षद रानी जैन मंजू शर्मा सहित अनेक लोगों ने रक्त दान किया । रक्तदान शिविर के आयोजन के बारे में बताया गया कि दादी प्रकाशमणि जी की पुण्यतिथि पर विश्व बंधुत्व दिवस मनाना और रक्तदान को बढ़ावा देना इस शिविर का आयोजन ब्रह्माकुमारीज संस्था तिल्दा नेवरा में किया गया।

# सीईओ ने योजनाओं के क्रियान्वयन में बैंकिंग संस्थाओं की भागीदारी की समीक्षा की

**रायगढ़, 22 अगस्त।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव ने लीड बैंक योजनान्तर्गत जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति एवं जिला स्तरीय पुनरीक्षण समिति की बैठक ली। बैठक में उन्होंने विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन में बैंकिंग संस्थाओं के भागीदारी को लेकर समीक्षा की। सीईओ श्री यादव ने बैंक प्रतिनिधियों से कहा कि कृषि, पशुपालन, मत्स्य पालन एवं उद्यानिकी से जुड़े किसानों के केसीसी प्रकरणों के निराकरण के बारे में बैंकों द्वारा की गई कार्यवाही के बारे में विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि केसीसी प्रकरण बनाने तथा उसके अंतर्गत लोन स्वीकृत करने का कार्य बैंक प्राथमिकता से करें। यह किसानों



व पशुपालकों को उनके कार्य के लिए आवश्यक राशि उपलब्ध कराने की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। सभी बैंक इसके लिए पूरी गंभीरता व संवेदनशीलता से कार्य करें। उन्होंने कहा कि बैंकों द्वारा उपलब्ध कराए जाने वाले प्रत्यक्ष कृषि ऋण के लिए राष्ट्रीय लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिसके अनुसार पात्र हितग्राहियों को ऋण उपलब्ध कराकर कृषि कार्यों को प्रोत्साहित करते हुए किसानों व पशुपालकों के आय में वृद्धि का लक्ष्य है। सभी बैंक अपने शाखाओं द्वारा वितरित प्रत्यक्ष कृषि ऋण की समीक्षा करते हुए राष्ट्रीय लक्ष्य के अनुरूप काम करना सुनिश्चित करें।

सीईओ श्री यादव ने बैठक में महिला समूहों को स्वरोजगार के लिए वितरित किए जा रहे लोन प्रकरणों की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि महिला समूहों के आय सृजन के लिए आवश्यक है कि उन्हें लोन के रूप में कैपिटल राशि उपलब्ध करायी जाए, जिससे वे अपना उद्यम आगे बढ़ा सके। उन्होंने फसल बीमा के अंतर्गत प्रीमियम राशि की कटौती के साथ ही उसकी ऑनलाईन एन्ट्री सुनिश्चित करने के लिए कहा जिससे सारी जानकारी पोर्टल में प्रदर्शित हो सके। बैठक में महिला स्व-सहायता समूहों, किसानों, वरिष्ठ नागरिकों, छात्रों एवं लघु उद्योग संचालकों के वित्तीय साक्षरता हेतु चलाए जा रहे कार्यक्रमों के बारे में भी विस्तार से जानकारी ली।

# आईटीआई में आयोजित नव कौशल पथ-नई राह,नया हुनर कार्यक्रम में प्रशिक्षण,करियर की जानकारी दी गई



**रायगढ़, 22 अगस्त।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई) खरसिया में सत्र अगस्त 2025 से नवप्रवेशित प्रशिक्षणार्थियों के लिए दो दिवसीय %नव कौशल पथ-नई राह, नया हुनर% कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नवप्रवेशित प्रशिक्षणार्थियों को औद्योगिक प्रशिक्षण प्रणाली से परिचित कराना, उन्हें प्रेरित करना एवं करियर के संभावित अवसरों की जानकारी देना था। प्रथम दिवस के कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य श्री विपिन कुमार पटेल द्वारा किया गया। इस अवसर पर संस्था अधीक्षक, प्रशिक्षण अधिकारी, कार्यालय स्टाफ एवं विभिन्न व्यवसायों में प्रवेशित प्रशिक्षणार्थी उपस्थित थे। सभी नवप्रवेशित विद्यार्थियों ने परिचय देकर अपने उत्साह का प्रदर्शन किया।

इसके पश्चात विभिन्न प्रशिक्षण अधिकारियों द्वारा नवप्रवेशित प्रशिक्षणार्थियों को सीटीएस, अप्रेन्टिस एक्ट एनएपीएस पोर्टल, परीक्षा एवं सीबीटी, आईटीआई के बाद लेटरल एंट्री से डिप्लोमा एवं डिग्री शिक्षा तथा व्हीटीपी (वोकेशनल ट्रेनिंग प्रोवाइडर) के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई। द्वितीय दिवस का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. मुकेश देसाई, एसोसिएट प्रोफेसर, ओ.पी.जे. यूनिवर्सिटी, पूंजीपथरा और प्रशिक्षण अधीक्षक श्री सुब्रत कुमार मित्रा द्वारा किया गया। मौके पर उन्होंने पीपीटी प्रस्तुति के माध्यम से विद्यार्थियों को औद्योगिक कौशल, आत्मविकास एवं करियर मार्गदर्शन के महत्वपूर्ण पहलुओं से अवगत कराया। श्री ओम प्रकाश वर्मा, प्रशिक्षण प्रबंधक, ओ.पी.जे. कम्युनिटी कॉलेज, पूंजीपथरा ने प्रशिक्षणार्थियों को विभिन्न व्यावसायिक अवसरों और आवश्यक दक्षताओं के विषय में मार्गदर्शन दिया। जिला रोजगार कार्यालय रायगढ़ से श्री आमोद पटेल द्वारा करियर काउंसलिंग एवं प्रशिक्षण के उपरांत उपलब्ध संभावनाओं की जानकारी दी गई, जिससे प्रशिक्षणार्थियों को भविष्य की दिशा तय करने में सहायता मिली।

कार्यक्रम की विशेष बात यह रही कि आईटीआई खरसिया के पूर्व प्रशिक्षित छात्रों ने अपनी सफलता की कहानियां साझा कीं, जिससे वर्तमान छात्रों को प्रेरणा मिली। उन्होंने अपने व्यवसाय से जुड़े अनुभव भी साझा किए। इस दौरान प्रशिक्षणार्थियों ने पोस्टर प्रदर्शनी, सुविचार लेखन, गायन एवं अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से कार्यक्रम में उत्साहजनक भागीदारी की। इस आयोजन ने न केवल उनके आत्मविश्वास को बढ़ाया।

### महिला आश्रम-छात्रावास ड्यूटी के लिए चयनित अभ्यर्थियों का प्रशिक्षण 15 सितंबर से

**सूरजपुर, 22 अगस्त।** जिला सूरजपुर में महिला आश्रम एवं छात्रावास ड्यूटी हेतु जिले के चयनित अभ्यर्थियों के लिए नगर सेना सूरजपुर द्वारा महत्वपूर्ण सूचना जारी की गई है। मुख्यालय के निर्देशानुसार चयनित महिला अभ्यर्थियों को 01 से 10 सितंबर तक कार्यालय नगर सेना सूरजपुर में कार्यालयीन समय में उपस्थित होना अनिवार्य है। उपस्थिति के समय अभ्यर्थियों को समस्त शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्रों की मूल प्रति एवं एक सेट छायाप्रति, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र की मूल प्रति एवं एक सेट छायाप्रति, चिकित्सकीय परीक्षण एवं पुलिस चरित्र सत्यापन में अयोग्य पाए जाने पर सेवा से पृथक किए जाने संबंधी शपथ पत्र दस्तावेज़ साथ लाना अनिवार्य होगा। इसके अतिरिक्त 15 सितंबर 2025 से चयनित महिला अभ्यर्थियों का बेसिक बुनियादी प्रशिक्षण नगर सेना लाइन सूरजपुर में प्रारंभ किया जाएगा।

# आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविरों से 448 ग्रामीणों का नि:शुल्क उपचार

**रायगढ़, 22 अगस्त।** शासकीय आयुर्वेद औषधालय, बुनगा द्वारा लगातार ग्रामीण क्षेत्रों में निःशुल्क आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों के माध्यम से अब तक 448 ग्रामीणों को निःशुल्क उपचार प्रदान किया जा चुका है।

डॉ. अजय नायक के नेतृत्व में लगाए जा रहे इन शिविरों में विशेष रूप से वात, उदर रोग, कास (खांसी), कमजोरी (दुर्बलता) जैसे रोगों से पीड़ित महिलाएं, बुजुर्ग एवं असहाय ग्रामीण बड़ी संख्या में पहुंचकर लाभ उठा रहे हैं। शिविर के माध्यम से न केवल औषधीय उपचार किया




जा रहा है, बल्कि ग्रामीणों को जीवनशैली जन्य रोगों से बचाव, आहार-विहार, योगासन, स्वच्छता, तथा नशा मुक्ति जैसे विषयों पर भी जागरूक किया जा रहा है।

अगस्त माह में यह शिविर विशेष रूप से नावापारा परसापाली, शिगपुरी, छिछोर उमरिया, टिनमिनि जैसे गांवों में आयोजित किए गए, जहाँ सैकड़ों लोगों ने इसका लाभ उठाया। आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष), बुनगा में हर माह विभिन्न स्वास्थ्य जागरूकता व उपचार कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, जिनका उद्देश्य ग्रामीणों को पारंपरिक आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति से जोड़ना और उन्हें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाना है। इस अवसर पर बुनगा सरपंच बेद प्रकाश साव, डॉ.जागृति पटेल, फार्मासिस्ट भोज कुमार मालाकार, राजेश साव सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## समाचार संक्षेप

### जिले के जनप्रतिनिधियों ने दिल्ली में देखा स्वतंत्रता दिवस का ऐतिहासिक समारोह



**सुकमा, 22 अगस्त ।** नई दिल्ली में आयोजित 79वें स्वतंत्रता दिवस समारोह में कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव एवं सीईओ जिला पंचायत श्री मुकुन्द ठाकुर के मार्गदर्शन में जिले के दो जनप्रतिनिधियों शामिल हुए। जनपद पंचायत सुकमा अंतर्गत ग्राम पंचायत बडेसट्टी के सरपंच श्री कलमू जोगा और जनपद पंचायत कोंटा अंतर्गत ग्राम पंचायत केरलापेदा के सरपंच श्री भीमसेन वेट्टी ने इस राष्ट्रीय पर्व के भव्य आयोजन में शामिल हुए।देश की राजधानी में आयोजित इस ऐतिहासिक क्षण का हिस्सा बनना दोनों सरपंचों के लिए अत्यंत गर्व का विषय रहा। दिल्ली यात्रा के पश्चात दोनों जनप्रतिनिधियों ने सुकमा लौटकर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री मुकुन्द ठाकुर से सौजन्य मुलाकात की। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर श्री रविशंकर वर्मा, डीपीएम आरजीएसए श्री किशोर देशमुख भी उपस्थित थे।सरपंचों के साथ इस यात्रा में श्री वरुण मिश्रा, प्रोग्राम लीडर पिरामल फाउंडेशन को नोडल अधिकारी के रूप में जिम्मेदारी सौंपी गई थी। सुकमा जिले के ये दोनों बेटे स्वतंत्रता दिवस जैसे ऐतिहासिक और गौरवमयी अवसर के साक्षी बने।

### आदि कर्मयोगी अभियान को प्रभावी ढंगे से चलाया जाए: कलेक्टर



**सुकमा, 22 अगस्त ।** भारत सरकार जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा गत 10 जुलाई को आदि कर्मयोगी अभियान का शुभारंभ किया गया, जिसके तहत अनुसूचित जनजातियों के विकास एवं कल्याण से जुड़ी प्रमुख योजनाओं की संतृप्ति सुनिश्चित की जाएगी। कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव ने समय-सीमा बैठक के दौरान आदि कर्मयोगी अभियान को जिले में प्रभावी ढंग से संचालित करने हेतु जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने बताया कि उक्त अभियान के तहत आदिवासी विकास एवं उत्थान से जुड़ी विभिन्न योजनाओं को इसमें समेकित किया गया है, जिसके अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा की जाएगी। इसके लिए जिला पंचायत के सीईओ श्री मुकुन्द ठाकुर को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में सहायक आयुक्त आदिवासी विकास श्री हेमन्त कुमार सिन्हा ने बताया कि आदि कर्मयोगी अभियान कैडर आधारित मॉडल एवं अंतरविभागीय अभिसरण पर आधारित है, जो कि आदिवासी क्षेत्र में अंतिम छोर तक सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करने हेतु लक्षित है।

### जिले में अब तक 732.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**सुकमा, 22 अगस्त ।** भू-अभिलेख कार्यालय जिला सुकमा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून से शुरू की गई वर्षा मापन में अब तक सुकमा तहसील में 1382.0 मिलीमीटर, कोण्टा तहसील में 838.6 मिलीमीटर, छिन्दगढ़ तहसील में 627.4 मिलीमीटर, जगरगुण्डा तहसील में 604.2 मिलीमीटर, दोरनापाल तहसील में 602.0 मिलीमीटर, तोंगपाल तहसील में 593.9 मिलीमीटर, और गादीरास तहसील में 482.5 मिलीमीटर वर्षा दर्ज हुई है। इस प्रकार सुकमा जिले में अब तक 732.9 मिलीमीटर औसत वर्षा हुई है। इस मानसून सत्र जिले में 1772.2 मिलीमीटर औसत वर्षा संभावित है।वर्षा प्रतिवेदन के आधार पर 19 अगस्त को सर्वाधिक वर्षा कोण्टा तहसील में 46.0 मिलीमीटर, सुकमा तहसील में 34.5 मिलीमीटर, छिंदगढ़ तहसील में 29.0 मिलीमीटर, जगरगुण्डा तहसील में 25.5 मिलीमीटर, दोरनापाल तहसील में 23.8 मिलीमीटर, गादीरास तहसील में 15.2 मिलीमीटर और तोंगपाल तहसील में 10.6 मिलीमीटर दर्ज की गई है। इस प्रकार 26.3 मिलीमीटर औसत वर्षा हुई है।

### भागवत मर्मज्ञ गोविंद बाबा खरसिया का कथावाचन 25 से

**खरसिया।** धर्म नगरी खरसिया की पावन धरा पर पितृमोक्षार्थ गया श्राद्धांर्तगत संगीतमय श्रीमद भागवत कथा का आयोजन तिगड़ानिया परिवार खरसिया एवं दिल्ली द्वारा कन्या विवाह भवन खरसिया में किया जा रहा है। जिसमे



भागवत मर्मज्ञ गोस्वामी श्री गोविंद बाबा द्वारा कथा वाचन किया जाएगा। दिनांक- 25 अगस्त सोमवार सुबह 9 बजे खरसिया गंज बाजार स्थित हनुमान मंदिर से श्रीमद भागवत कलश शोभायात्रा प्रारंभ होगी तत्पश्चात दोपहर 3 बजे से भागवत कथा प्रारंभ होगी। श्रीमद भागवत कथा दिनांक- 25 अगस्त से 31 अगस्त प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से सायं 7 बजे तक होगी। 1 सितंबर सोमवार प्रातः 8 बजे गीता पाठ, पूर्णाहुति एवं प्रसाद वितरण किया जाएगा। आयोजक एवं निवेदक तिगड़ानिया परिवार खरसिया एवं दिल्ली द्वारा सभी श्रद्धालुओं से निवेदन किया है की पितृमोक्षार्थ गया श्राद्धांर्तगत संगीतमय श्रीमद भागवत कथा का श्रवण करने सपरिवार अवश्य पधारें एवं पुण्य के भागी बने।

# खाद की कालाबाजारी के विरुद्ध लगातार करें कार्रवाई:कलेक्टर

**रायगढ़, 22 अगस्त।** कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने आज कलेक्ट्रेट में कृषि, पशुपालन, मत्स्य एवं उद्यानिकी विभाग की बैठक लेकर विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव, सहायक कलेक्टर श्री अक्षय डोसी उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने उप संचालक कृषि को एग्रीस्टेक में पंजीयन हेतु शेष किसानों के रजिस्ट्रेशन पर विशेष जोर देने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि किसानों का पंजीयन जिन कारणों से नहीं हो पाया है उसकी मैदानी स्तर पर समीक्षा करते हुए रजिस्ट्रेशन के लिए विशेष रूप से काम किया जाए। इसमें विभाग के सभी अमले को सक्रिय रूप से



कार्य करने के निर्देश दिए। इसमें लापरवाही पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने बैठक में कृषि विभाग को खाद की कालाबाजारी को लेकर लगातार विभागीय जांच और कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कृषि विभाग के अमले लगातार फील्ड में निरीक्षण करें, जिन खाद दुकानों में अनियमितता मिल रही है वहां पर अनुशासनात्मक कार्रवाई होनी चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने कृषि विभाग को नैनो डीएपी के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए किसानों को लगातार जागरूक करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए। फसल बीमा योजनान्तर्गत किसानों को क्षति के स्थिति में तत्काल मुआवजा प्रदान करवाने के लिए कृषि विभाग के मैदानी अमले को सक्रियता से काम करने के लिए कहा। उन्होंने बैठक के दौरान कृषि विभाग से जुड़े कृषक उन्नति योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, प्रधानमंत्री स्वायल हेल्थ कार्ड योजना की प्रगति के बारे में चर्चा की।कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने पशुपालन विभाग के कृत्रिम गर्भाधान, बधियाकरण की प्रगति के बारे में विकासखण्डवार जानकारी ली। उन्होंने लैलूंगा एवं धरमजयगढ़ में कृत्रिम गर्भाधान को लेकर पशुपालकों को जागरूक करने तथा अधिक संख्या में कृत्रिम गर्भाधान के निर्देश दिए। उन्होंने अन्य विभागीय योजनाओं में प्राप्त लक्ष्यों के अनुसार क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए कहा। मछली पालन विभाग की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने कहा कि मछली पालन हेतु अवितरित तालाबों के पट्टे मछुआ समिति को दिए जाने है, इसके लिए सभी विकासखण्ड में सारी प्रक्रियाएं जल्द पूरी कर लें।

### दावा-आपत्ति 30 अगस्त तक

**धमतरी 22 अगस्त ।** एकीकृत बाल विकास परियोजना धमतरी ग्रामीण के तहत आंगनबाड़ी केन्द्र मोंगरागहन, छाती, रूद्री और मुजगहन में कार्यकर्ता एवं सहायिका पद के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए थे। परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना धमतरी ग्रामीण ने बताया कि प्राप्त आवेदन पत्रों की जांच के आधार पर अनंतिम मूल्यांकन एवं वरीयता सूची जारी कर दी गई है। सूची के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो वह आगामी 30 अगस्त तक एकीकृत बाल विकास परियोजना धमतरी ग्रामीण के कार्यालय में दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं।

# घर जाकर गवाहों को धमका रहा था तो उसी के चाकू से हत्या कर दी

भिलाई गवाही देने से नाराज बदमाश ने जेल से बाहर आने के बाद चाकू लेकर गवाही देने वालों को धमकाने पहुंचा चाकू छिनकर उसी के चाकू से युवक ने उसकी हत्या कर दी घटना छावनी थाना अंतर्गत कैंप - 2 श्याम नगर की है पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को लाल बहादुर शास्त्री शासकीय अस्पताल की मॉच्र्युरी में रखवाया पुलिस ने तत्काल खोजबीन शुरू की पुलिस आरोपी श्रीधर मोहरे (23 साल) और उसके पिता सुधाकर मोहरे (55 साल) को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है



छावनी थाना पुलिस ने बताया कि कैंप 2 श्याम नगर की घटना है वर्ष 2020 में धनश्री सुधाकर के मामा की हत्या के मामले में आरोपी सोनू पिता बाबू राव समेत अन्य जेल में बंद थे उसके खिलाफ धनश्री की मां ने गवाही दी थी दो महीने पहले सोनू जेल से छूटा है वह धनश्री सुधाकर के घर पहुंचा हाथ में चाकू लिया था और सुधाकर के घरवालों से कहा कि तुम लोगों ने मेरे खिलाफ बयान दिया है। अपने बयान को वापस लो वरना अंजाम बुरा होगा। धनश्री सुधाकर के घर वालों ने डायल 112 में सूचना दी। पुलिस की टीम पहुंची पर सोनू मौके से फरार हो गया घटना से क्षेत्र में दहशत सोनू फिर चाकू लेकर पहुंचा महिला मीरा सुधाकर का हाथ पकड़ लिया। उसे बयान वापस लेने धमकाने लगा वह चिल्लाई तो रोहित सुधाकर और उसका बेटा धनश्री सुधाकर ने उसे पकड़ लिया सोनू का चाकू छिना लिया और उसी चाकू से सोनू के पेट में घोप दिया जिससे उसकी अतड़ी बाहर निकला गई उसे अस्पताल पहुंचाया गया लेकिन डॉक्टर उसे बचा नहीं सकें। उसने अस्पताल में दम तोड़ दिया

**एक नजर**

### यूएस ओपन 2025: सबालेंका को रायबाकिना से मिल सकती है चुनौती; गॉफ और स्विएटेक एक ही ग्रुप में



**न्यूयार्क, 22 अगस्त (एजेंसी)।** न्यूयॉर्क में होने वाले 2025 यूएस ओपन टेनिस टूर्नामेंट के लिए विमेंस के सिंगल्स ड्रॉ की घोषणा गुरुवार को की गई। मौजूदा चैंपियन एरीना सबालेंका को इस बार खिताब बचाने के लिए कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ सकता है, क्योंकि उनका ड्रॉ काफी मुश्किल दिख रहा है। पिछले साल सबालेंका ने अमेरिका की जेसिका पेगुला को फाइनल में हराकर अपना पहला यूएस ओपन खिताब जीता था। इसके साथ ही वह आठ साल बाद पहली ऐसी महिला बनीं, जिन्होंने एक ही सीजन में दोनों हार्ड-कोर्ट ग्रैंड स्लैम (ऑस्ट्रेलियन ओपन और यूएस ओपन) जीते।

**सबालेंका को टूर्नामेंट में दूसरी सीड दी गई है:** बेलारूस सबालेंका को टूर्नामेंट में दूसरी सीड दी गई है। वह अपने खिताब बचाव की शुरुआत स्पेन की रेबेका मासारोवा के खिलाफकरेंगी। तीसरे राउंड में उनकी भिड़ंत 2021 की फाइनलिस्ट लेलाह फर्नांडिस से हो सकती है, जो हाल ही में सिटी ओपन में चैंपियन बनी थीं और 31वीं वरीयता प्राप्त हैं। अगर सबालेंका चौथे राउंड तक पहुंचती हैं, तो उनका सामना नौवीं वरीयता प्राप्त कजाकिस्तान की एलेना रायबाकिना से हो सकता है। रायबाकिना ने पिछले हफ्ते सिनसिनाटी ओपन में सबालेंका को सीधे सेटों में हराया था। क्वार्टर फाइनल पार करने पर सेमीफाइनल में सबालेंका की टक्कर फिर से जेसिका पेगुला से हो सकती है। पेगुला पहला राउंड मिस्र की मायार शरीफके खिलाफ खेलेंगी और उनकी क्वार्टर फाइनल में पांचवीं वरीयता प्राप्त मिर्रा एंड्रीवा से भिड़ंत हो सकती है।

# एशिया कप-2025:बिना स्पॉन्सर के ही यूएई जाएगी भारतीय टीम! खिलाड़ियों की कमाई पर पड़ेगा असर

**मुम्बई, 22 अगस्त (एजेंसी)।** भारतीय टीम अगले महीने एशिया कप में हिस्सा लेने जाएगी लेकिन हो सकता है कि उन्हें बिना मुख्य प्रायोजक के खेलना पड़े। ऐसा इसलिए क्योंकि राज्यसभा में ऑनलाइन गेमिंग संवर्धन एवं विनियमन विधेयक 2025 को पारित हो गया जिसके बाद सभी ऑनलाइन गेमिंग ऐप पर प्रतिबंध लग जाएगा। टीम इंडिया का मुख्य स्पॉन्सर ही ड्रीम 11 है जो कि एक फैंटेसी गेमिंग ऐप है। अभिषेक त्रिपाठी, जागरण नई दिल्ली। भारतीय टीम को अगले महीने नौ सितंबर से शुरू हो रहे एशिया कप मे बिना मुख्य प्रायोजक के खेलना पड़ सकता है। राज्यसभा में गुरुवार को ऑनलाइन गेमिंग संवर्धन एवं विनियमन विधेयक 2025 को पारित हो गया, जिसके बाद सभी ऑनलाइन गेमिंग ऐप पर प्रतिबंध लग जाएगा। इस समय भारतीय टीम का मुख्य प्रायोजक ड्रीम 11 है, जो फैंटेसी गेमिंग ऐप है। 2023 में ड्रीम 11 ने बीसीसीआई के साथ तीन साल के लिए 358 करोड़ रुपये का अनुबंध किया था। जिसके बाद से भारतीय पुरुष, महिला और अंडर-19 टीम की जर्सी पर ड्रीम 11 का नाम लिखा जाता है।



**बीसीसीआई अधिकारी ने क्या कहा :** बीसीसीआई के एक अधिकारी ने कहा, 'विधेयक पारित होने के बाद अब फैंटेसी ऐप्स पर रोक लग गई है। देखते हैं कि आगे क्या होता है। अगर एशिया कप से पहले भारतीय टीम को नया प्रायोजक नहीं मिलता है तो उसे बिना टाइटल स्पांसर के ही टूर्नामेंट खेलना होगा।'

**बीसीसीआई को नहीं नुकसान:** हालांकि ये करार तीन वर्ष का था और 2026 में समाप्त होना है। ऐसे में बीसीसीआई को अनुबंध की आधे से ज्यादा राशि तो प्राप्त हो चुकी है। अगर ये करार टूटता भी है तो बीसीसीआई को ज्यादा फर्क नहीं पड़ेगा और उसे कोई नया प्रायोजक मिल जाएगा, लेकिन देखना है कि इसमें कितना समय लगता है। हालांकि, बीसीसीआई से ज्यादा इसका असर खिलाड़ियों की कमाई पर पड़ेगा। रोहित शर्मा, केएल राहुल, रिषभ पंत समेत भारतीय टीम के लगभग सभी खिलाड़ी ड्रीम 11 के लिए विज्ञापन करते हैं और इसकी एवज में उन्हें मोटी रकम मिलती है।

**आईपीएल तक होगा असर :** ड्रीम 11 आईपीएल के प्रायोजकों में से एक है। इसके साथ ही दूसरी बड़ी ऑनलाइन फैंटेसी गेम ऐप माय 11 सर्किल का भी बीसीसीआई से करार है। आईपीएल ने 2024 में पांच सीजन के लिए माय 11 सर्किल के साथ 625 करोड़ रुपये का करार किया था यानी प्रत्येक वर्ष 125 करोड़ रुपये कंपनी की ओर से बीसीसीआई को मिल रहे हैं। अभी सिर्फ दो सीजन ही गुजरे हैं और तीन सीजन का करार बाकी है।

**एशिया कप टीम सलेक्शन के बाद बड़ा बदलाव**

## दो सेलेक्टर्स छोड़ेंगे अजीत अगरकर का साथ, बीसीसीआई ने किया पक्का



**नई दिल्ली, 22 अगस्त (एजेंसी)।** एशिया कप 2025 के लिए किए गए टीम सलेक्शन के हफ्ते भर के भीतर ही अजीत अगरकर के दो साथी चयनकर्ता उनका साथ छोड़ेंगे. भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने अपनी सीनियर भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम चयन समिति के लिए दो पोस्ट के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं. इसके अलावा बोर्ड ने महिला और जूनियर पुरुष चयन समितियों में खाली जगह के लिए भी आवेदनकर्ता के लिए सार्वजनिक इनविटेशन भेजा है. सीनियर भारतीय पुरुष चयन समिति के सदस्य टीम इंडिया (सीनियर पुरुष) को अलग- अलग फॉर्मेट में चुनने के लिए जिम्मेदार होंगे. इसके तहत टेस्ट, वन-डे इंटरनेशनल, ट्वेंटी20 इंटरनेशनल और BCCI द्वारा तय किसी भी अन्य फॉर्मेट की टीम का चयन आता है.

**क्या होनी चाहिए योग्यता:** बीसीसीआई ने पुरुष टीम के सेलेक्टर पद के लिए आवेदक की योग्यता निर्धारित की है. उसमें आवेदनकर्ता ने कम से कम 7 टेस्ट या 30 फर्स्ट क्लास मैच या 10 वनडे और 20 फर्स्ट क्लास मैच खेले हों. ये बात भी ध्यान देने योग्य है कि आवेदन करने वाले शख्स ने कम से कम 5 साल पहले खेल से संन्यास लिया हो.

**गौतम गंभीर और मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर:** बीसीसीआई की किसी भी क्रिकेट समिति के सदस्य के रूप में 5 साल की अवधि तक नहीं रहे हों. इस वक्त सलेक्शन पैनल की अध्यक्षता पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज अजीत आगरकर कर रहे हैं. इसमें शिव सुंदर दास (सेंट्रल जोन), सुब्रतो बनर्जी (ईस्ट जोन), अजय रात्रा (नॉर्थ जोन) और श्रीधरन शरथ (साउथ जोन) शामिल हैं.

## अश्विन ने आखिरकार तोड़ी चुप्पी, बताई अचानक संन्यास लेने की असली वजह



**नई दिल्ली, 22 अगस्त (एजेंसी)।** अश्विन ने अपने रिटायरमेंट पर पहले राहुल द्रविड़ से मजाक में कहा कि मुझे लगता है कि यह बस समय की बात थी, और मैं अपनी जिंदगी में कहां खड़ा था, है ना मुझे लगता है कि मैं काफी बूढ़ा हो गया था, यह तो मानना ही पड़ेगा।

भारत का पिछला ऑस्ट्रेलिया दौरा बेहद निराशाजनक रहा। टीम को 1-3 से हार का सामना करना पड़ा। इस हार की गाज कई खिलाड़ियों पर गिरी। आर अश्विन, विराट कोहली और रोहित शर्मा को टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेना पड़ा। रोहित और विराट का रिटायरमेंट तो काफी देर से आया, मगर अश्विन ने तो बीच टूर पर संन्यास का ऐलान कर हर किसी को चौंका दिया था। अब आखिरकार अश्विन ने अपने रिटायरमेंट पर चुप्पी तोड़ी है और फैंस को अचानक संन्यास लेने के पीछे की असली वजह बताई है। अश्विन ने कहा कि वह विदेशी टूर पर बेंच पर बैठ-बैठ कर थक गए थे जिस वजह से उन्होंने संन्यास ले लिया। अश्विन ने अपने रिटायरमेंट पर पहले राहुल द्रविड़ से मजाक में अपने यूट्यूब चैनल पर कहा मुझे लगता है कि यह बस समय की बात थी, और मैं अपनी जिंदगी में कहां खड़ा था, है ना मुझे लगता है कि मैं काफी बूढ़ा हो गया था, यह तो मानना ही पड़ेगा। इसके बाद उन्होंने असली वजहों पर बात की। इस अनुभवी खिलाड़ी ने खुलासा किया कि लगातार टूर के कार्यक्रम और विदेशी टूर पर बेंच पर बैठने की निराशा ने धीरे-धीरे उन्हें थका दिया। अश्विन ने बताया, लेकिन टूर पर जाना और ज्यादा समय तक बाहर बैठना, आखिरकार मुझ पर हावी हो गया।

**रिंकू सिंह ने एशिया कप-2025 से पहले उड़ाया गर्दा**

## 225 की स्ट्राइक रेट से ठोका शतक



**नई दिल्ली, 22 अगस्त (एजेंसी)।** रिंकू सिंह का चयन एशिया कप 2025 के स्क्वॉड में हुआ है, इस टूर्नामेंट से पहले यूपी प्रीमियर टी20 लीग में शतक ठोक रिंकू ने प्लेइंग इलेवन की दावेदारी पेश की है। रिंकू ने 48 गेंदों पर 225 के स्ट्राइक रेट से 108 रनों की नाबाद पारी खेली। एशिया कप 2025 से पहले टीम इंडिया के स्टार बल्लेबाज रिंकू सिंह यूपी प्रीमियर टी20 लीग में धमाल मचा रहे हैं। गुरुवार, 21 अगस्त को गौर गोरखपुर लायंस के खिलाफ हुए मुकाबले में उन्होंने तूफानी शतक जड़ते हुए अपनी टीम मेरठ मावेरिक्स को अकेले दम पर जीत दिलाई। गोरखपुर की टीम ने मेरठ के सामने जीत के लिए 168 रनों का टारगेट रखा था, इस स्कोर को कप्तान रिंकू सिंह के तूफानी शतक के दम पर टीम ने 6 विकेट और 7 गेंदें शेष रहते हासिल कर लिया। 168 में से 108 रन रिंकू सिंह ने नाबाद रहते हुए बनाए, जिसमें उन्होंने 7 चौके और 8 गगनचुंबी छक्के जड़े। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 225 का था। रिंकू सिंह को उनकी इस पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच के अवॉर्ड से नवाजा गया।

टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने उतरी गौर गोरखपुर लायंस की टीम निर्धारित 20 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 167 रन ही बोर्ड पर लगा पाई। मॉर्डन डे टी20 क्रिकेट में यह अब ज्यादा बड़ा स्कोर नहीं माना जाता, खासकर टूर्नामेंट की शुरुआत में। गौरखपुर के हाईएस्टर स्कोरर कप्तान ध्रुव जुरेल रहे जिन्होंने पारी का आगाज करते हुए 38 रनों की पारी खेली, उनके अलावा निशांत कुशवाहा ने 37 रनों का योगदान दिया।

**विमेंस वर्ल्ड कप के शेड्यूल में बदलाव**

# बेंगलुरु में होने वाले मैच मुंबई में खेले जाएंगे, ओपनिंग मैच भी शामिल

**दुबई, 22 अगस्त (एजेंसी)।** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने 30 सितंबर से भारत में होने वाले विमेंस वनडे वर्ल्ड कप के शेड्यूल में बदलाव किया है। नए शेड्यूल के अनुसार, बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में होने वाले मैचों को नवी मुंबई स्थित डी वाई पाटिल स्टेडियम में शिफ्ट किया गया है। इनमें भारत और श्रीलंका के बीच ओपनिंग मैच और दूसरा सेमीफाइनल जैसे मैच शामिल हैं। कर्नाटक सरकार ने वहां के स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन (KSCA) को मैच कराने की मंजूरी नहीं दी। RCB की विक्ट्री सेरेमनी में मची भगदड़ के बाद जांच करने वाले जस्टिस जॉन माइकल कुन्हा आयोग ने एम चिन्नास्वामी स्टेडियम को बड़े आयोजनों के लिए ठीक नहीं माना था। इससे पहले 11 अगस्त से शुरू होने वाली घरेलू टी-20 लीग महाराजा ट्रॉफी को मैसूर शिफ्ट कर दिया गया। इससे विमेंस वर्ल्ड कप के मैचों और 2026 में यहां आईपीएल मैचों की मेजबानी पर भी सवाल खड़े हो गए।

**जस्टिस जॉन माइकल कुन्हा आयोग ने कहा था-** 32,000



दर्शकों की क्षमता वाला एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम, जो सिर्फ 17 एकड़ में फैला है, बड़े आयोजनों के लिए ठीक नहीं है। आयोग ने सलाह दी थी कि ऐसे मैचों को ज्यादा जगह और बेहतर सुविधाओं व पार्किंग वाले स्थानों पर कराया जाए।

**डी वाई पाटिल स्टेडियम को 5वां वेन्यू बनाया :** आईसीसी ने मुंबई को वर्ल्ड कप की मेजबानी का 5वां वेन्यू बनाया है। पहले बेंगलुरू 5वां वेन्यू था। इस टूर्नामेंट में 28 लीग मैच और 3 नॉकआउट मुकाबले पांच स्थानों मुंबई, इंदौर, गुवाहाटी, विशाखापट्टनम और कोलंबो में खेले जाएंगे। वहीं, पहला सेमीफाइनल 29 अक्टूबर को गुवाहाटी या कोलंबो में (पाकिस्तान के पहुंचने पर निर्भर) और दूसरा सेमीफाइनल 30 अक्टूबर को मुंबई में होगा। फाइनल 2 नवंबर को नवी मुंबई या कोलंबो में खेला जाएगा।

**पाकिस्तान के सभी मैच हाइब्रिड मॉडल पर होंगे :** पाकिस्तान के सभी मैच हाइब्रिड मॉडल पर श्रीलंका में खेले जाएंगे। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (PCB) के बीच हुए हाइब्रिड समझौते के अनुसार, पाकिस्तान की टीम अपने सभी मैच न्यूट्रल वेन्यू कोलंबो में खेलेगी। इनमें बांग्लादेश (2 अक्टूबर), इंग्लैंड (15 अक्टूबर), न्यूजीलैंड (18 अक्टूबर), दक्षिण अफ्रीका (21 अक्टूबर) और श्रीलंका (24 अक्टूबर) के खिलाफमैच शामिल हैं।

# व्यापार

## भारत की 'ब्लू इकोनॉमी' के लिए आधुनिक दिशा में ऐतिहासिक बिलों को दी गई मंजूरी : सोनोवाल

**नई दिल्ली, 22 अगस्त (एजेंसी)।** केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने शुक्रवार को कहा कि संसद ने हाल ही में संपन्न मानसून सत्र में पांच प्रमुख बिल पारित किए हैं, जो औपनिवेशिक काल के समुद्री कानूनों में महत्वपूर्ण बदलाव लाएंगे, ब्लू इकोनॉमी को बढ़ावा देंगे, व्यापार दक्षता बढ़ाएंगे और वैश्विक मानकों के अनुरूप होंगे।

ये पांच नए बिल, 'बिल्स ऑफ लैडिंग, 2025', 'समुद्री माल ढुलाई विधेयक, 2025', 'व्यापारिक पोत परिवहन विधेयक, 2025', 'तटीय नौवहन विधेयक, 2025' और भारतीय बंदरगाह विधेयक, 2025 हैं। केंद्रीय मंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, ÷भारत की समुद्री यात्रा के लिए एक ऐतिहासिक क्षण! पहली बार, संसद के एक ही सत्र में पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के 5 ऐतिहासिक विधेयक पारित हुए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में, हम औपनिवेशिक काल के कानूनों को त्याग रहे हैं और अपनी ब्लू इकोनॉमी के लिए एक आधुनिक मार्ग तैयार कर रहे हैं।÷



बिल ऑफलैडिंग, 2025 विवादों को कम करने और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को बेहतर बनाने के लिए कानूनी दस्तावेजों को सरल बनाने पर केंद्रित है।

वहीं, समुद्री माल ढुलाई विधेयक, 2025, 1925 के अधिनियम का स्थान लेगा, जिसमें मुकदेबाजी को कम करने और मजबूत अंतरराष्ट्रीय संबंधों के लिए हेग-विस्बी नियमों को अपनाया गया है। केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा कि यह समुद्री मार्गों के माध्यम से भारत-यूके (सीईटीए) व्यापार समझौतों के कार्यान्वयन में सहायता करेगा। उन्होंने कहा कि तटीय नौवहन विधेयक, 2025 , तटीय नौवहन के लिए एक समर्पित कानून है, जिसका लक्ष्य भारत के 6 प्रतिशत मॉडल शेयर को पुनर्जीवित करना, लॉजिस्टिक्स लागत में सालाना लगभग 10,000 करोड़ रुपए की बचत करना और प्रदूषण तथा सड़क भीड़भाड़ को कम करना है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सागरमाला विजन 11,000 किलोमीटर से अधिक तटीय क्षेत्र को ग्रीनर ट्रांसपोर्ट और कम्युनिटी डेवलपमेंट के लिए खोल रहा है।व्यापारिक पोत परिवहन विधेयक, 2025, 1958 के एक पुराने अधिनियम में संशोधन करता है, जिससे वैश्विक सम्मेलनों के अनुरूप सुरक्षित और सस्टेनेबल शिपिंग सुनिश्चित होती है। केंद्रीय मंत्री सोनोवाल ने कहा कि यह विधेयक नाविक कल्याण, जहाज सुरक्षा और समुद्री पर्यावरण संरक्षण पर केंद्रित है। यह मलबे को शीघ्र हटाने और बचाव कार्यों को सक्षम बनाता है। भारतीय बंदरगाह विधेयक, 2025, 1908 के एक पुराने कानून का स्थान लेता है, बेहतर राष्ट्रीय नियोजन के लिए एक समुद्री राज्य विकास परिषद का गठन करता है, छोटे बंदरगाहों के प्रबंधन के लिए राज्य समुद्री बोर्डों को अधिक शक्ति प्रदान करता है और राज्य स्तर पर विवादों को सुलझाने का एक तरीका स्थापित करता है। केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा कि नया विधेयक डिजिटल इंटीग्रेशन के साथ इकोलॉजिकल सुरक्षा सुनिश्चित करेगा, पारदर्शिता को बढ़ावा देगा और व्यापार क्षमता के साथ-साथ निवेश को बढ़ावा देगा।

### जिमी मिस्त्री और डेला टाउनशिप्स ने रायपुर में घुड़सवारी थीम पर आधारित लक्जरी टाउनशिप का शुभारंभ किया



**रायपुर, 21 अगस्त (एजेंसी)।** डेला टाउनशिप्स के संस्थापक जिमी मिस्त्री ने आज रायपुर में छत्तीसगढ़ की पहली घुड़सवारी-थीम पर आधारित एकीकृत लक्ज़री टाउनशिप डेला रेसकोर्स के शुभारंभ की घोषणा की। इस ऐतिहासिक अवसर पर उनके साथ साझेदार आरडीबी ग्रुप के विनोद दुग्गर, नाहर ग्रुप के सुखराज नाहर, अनेकांत ग्रुप के धर्मेंद्र केआर जैन और आरकेसीएएक्सटी के धीरज राठी मौजूद थे। यह टाउनशिप 50 एकड़ में फैली है और इसमें लक्ज़री आवास, अंतरराष्ट्रीय स्तर के रेसकोर्स व पोलो सुविधाओं के साथ-साथ एक अनोखा आतिथ्य-संचालित रियल एस्टेट मॉडल शामिल है। इसे डेला के स्वामित्व वाले सीडीडीएमओइ मॉडल (कांसेप्ट ,डिसाईन , डेवलपमेंट ,मार्केटिंग ,सेल्स ,ऑपरेशन) के तहत विकसित किया जा रहा है। इस घुड़सवारी-आधारित टाउनशिप का केंद्र 8 एकड़ का रेसकोर्स और इंटरनेशनल पोलो क्लब है। पोलो मैचों, घुड़सवारी ड्रेसेज और लाइफस्टाइल मनोरंजन के लिए डिज़ाइन किया गया यह स्थल विश्वस्तरीय कार्यक्रमों और सामाजिक आयोजनों की मेजबानी करेगा।

## महिंद्रा की 'बैटमैन' वाली कार की देश भर में 'दीवानगी', कंपनी को 3 गुना बढ़ाना पड़ा प्रोडक्शन

**नई दिल्ली, 22 अगस्त (एजेंसी)।** महिंद्रा ने पिछले हफ्ते BE 6 बैटमैन एडिशन पेश किया था, जिसे बाजार में जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला है. कंपनी ने अब इस कूपे इलेक्ट्रिक SUV के लिमिटेड एडिशन वेरिएंट के लिए प्री-बुकिंग लेनी शुरू कर दी है. बायर्स 21,000 रुपये का टोकन अमाउंट देकर इसकी बुकिंग कर सकते हैं. BE 6 बैटमैन एडिशन की ऑफिशियल बुकिंग कल, यानी 23 अगस्त 2025 से शुरू होगी.

**कंपनी ने बढ़ाई यूनिट्स की संख्या:** शुरुआत में केवल 300 यूनिट्स तक सीमित, महिंद्रा ने अब BE 6 बैटमैन एडिशन के प्रोडक्शन की लिमिट को 999 यूनिट्स तक बढ़ाने का फैसला किया है. संभावित खरीदार अब महिंद्रा की आधिकारिक वेबसाइट से इसकी बुकिंग कर सकते हैं. लिमिटेड एडिशन BE 6 की डिलीवरी 20 सितंबर से शुरू होने वाली है, जिसे अंतर्राष्ट्रीय बैटमैन दिवस के रूप में मनाया जाता है.

**मिलेगा मन पसंद बैज नंबर:** वार्नर ब्रदर्स के साथ पार्टनरशिप में डिवेलप की गई इस कार को बायर्स 001 से 999 तक अपनी पसंद के मुताबिक बैज




नंबर के साथ चुन सकते हैं. महिंद्रा ने BE 6 बैटमैन एडिशन पर बैज नंबर को नॉन स्पेसिफिक बनाया है, जिससे कई खरीदार एक ही नंबर चुन सकते हैं. इससे एंश्योर होता है कि हर ग्राहक अपनी पसंद का नंबर हासिल कर सकें.

**कीमत:** महिंद्रा BE 6 बैटमैन एडिशन का इंटीरियर केबिन के अंदर, BE 6 बैटमैन एडिशन को ऑल-ब्लैक थीम में कवर किया गया है जिसमें स्वेड और लेदर अपहोल्स्ट्री के साथ गोल्ड सेपिया स्टिचिंग है. एक बैट सिंबल भी पैनोरमिक ग्लास रूफ पर उकेरा गया है. टॉप-स्पेक पैक थ्री वेरिएंट पर आधारित, BE 6 बैटमैन एडिशन की कीमत 27.79 लाख रुपये (एक्स-शोरूम) है – जो स्टैंडर्ड टॉप-स्पेक ट्रिम से लगभग 89,000 रुपये महंगा है.

## जून में 7 और अब अगस्त में 16 रुपये का डिविडेंड दे रही ये कंपनी




**नई दिल्ली, 22 अगस्त (एजेंसी)।** मशहूर माइनिंग और मेटल कारोबारी अनिल अग्रवाल की कंपनी वेदांता लिमिटेड ने 21 अगस्त को अपने शेयरधारकों को बड़ी खुशखबरी दी है। कंपनी के बोर्ड ने प्रति शेयर 16 रुपये डिविडेंड देने का ऐलान किया है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए यह कंपनी की ओर से दिया जाने वाला दूसरा अंतरिम डिविडेंड है। कंपनी ने एक्सचेंज को दी फाइलिंग में कहा कि डिविडेंड की कुल रकम 6256 करोड़ रुपये होगी। डिविडेंड के लिए वेदांता लिमिटेड ने रिकॉर्ड डेट भी फिक्स कर दी है। पात्र शेयरधारकों के निर्धारण के लिए रिकॉर्ड डेट बुधवार, 27 अगस्त, 2025 होगी। वहीं, डिविडेंड का पेमेंट निर्धारित समय-सीमा के अंदर किए जाने की उम्मीद है। चूंकि, रिकॉर्ड डेट 27 अगस्त है इसलिए डिविडेंड पाने के लिए नए निवेशकों को 26 अगस्त तक शेयर खरीदने होंगे ताकि वे 27 अगस्त उनके डीमैट अकाउंट में क्रेडिट हो जाएं। क्योंकि, कंपनी रिकॉर्ड डेट के दिन अपने पात्र शेयरधारकों की पहचान कर उन्हें डिविडेंड का भुगतान करती है।


**कार्यालय नगर पालिका परिषद दंतेवाड़ा जिला- दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)**

क्रमांक/787/तक./नि.आ.सू./न.पा.परि./2025-26 दन्तेवाड़ा, दिनांक 19/08/2025

**रूचि की अभिव्यक्ति (EIO) निरस्तीकरण सूचना**

कार्यालय के द्वारा जारी रूचि की अभिव्यक्ति सूचना क्रमांक 713 दिनांक 04.08.2025 के द्वारा निकाय क्षेत्र में निर्मित आश्रय स्थल के संचालन हेतु रूचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित कियाग या था। जिसे अपरिहार्य कारणों से उक्त रूचि की अभिव्यक्ति निरस्त किया जाता है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद दंतेवाड़ा
जिला-दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)

**कार्यालय ग्राम पंचायत मडौदा जनपद पंचायत खैरागढ़**

प्रस्ताव क्रमांक- 11
दिनांक 07 08 2025

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत मडौदा में 15 वे वित्त ग्राम पंचायत से सोलर वाटर ड्रिंकिंग सिस्टम अनुमानित लागत 4 लाख रुपये की खरीदी व स्थापना कार्य खुली निविदा पद्धति से किया जाना है जो भी फर्म निविदा में भाग लेना चाहते हैं वो निविदा प्रकाशन से 21 दिन के भीतर अपने समस्त दस्तावेज कार्यालय में उपस्थित होकर जमा कर सकते हैं।

सचिव/सरपंच
ग्राम पंचायत मडौदा
जनपद पंचायत खैरागढ़

**कार्यालय नगर पालिका परिषद कवर्धा जिला-कबीरधाम (छ.ग.)**

क्रमांक/613/न.पा.प./लो.नि.वि./2025-26 कवर्धा, दिनांक 21/08/2025

**मैनुअल पद्धति निविदा आमंत्रण सूचना**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मों से निम्नलिखित निर्माण/विकास कार्य हेतु मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है-

| क्र. | कार्य विवरण | कुल अनु. लागत राशि (लाख में) | नि.प्र. प्रदाय करने हेतु आवेदन की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | मंच निर्माण, खेल मैदान निर्माण सामुदायिक भवन निर्माण, भवन में अहाता निर्माण, शौचालय निर्माण, गौठान फेंसिंग कार्य, भवन उन्नयन कार्य, सीसी रोड एवं नाली निर्माण तथा इन्टर लाकिंग कार्य (12 कार्य) | 42.20 | 09.09.2025 |

2- उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाईट www.uad.cg.gov.in से भी डाउनलोड की जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद कवर्धा

**कार्यालय नगर पालिका परिषद तिल्दा नेवरा जिला-रायपुर (छ.ग.)**

क्रमांक/1533/न.पा./रा.वि./2025-26
तिल्दा-नेवरा दिनांक-21/08/25

**ईश्तहार-सूचना**

एतद् द्वारा आम सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती रेखा जायसवाल पति श्री परमानंद जायसवाल हर्षित विहार कालोनी उरकुरा बिरगांव जिला रायपुर द्वारा भूमि/भवन का श्री विष्णु श्रीवास्तव पिता श्री विश्वानंद श्रीवास्तव स्टाफ कॉलोनी बैकुण्ठ (टंडवा) तहसील तिल्दा-नेवरा जिला रायपुर निवासी का भूमि की रजिस्ट्री निम्न दस्तावेज संलग्न कर निकाय तिल्दा नेवरा में हकहस्तांतरण हेतु आवेदन पेश किया गया हैं।

उक्त भवन डिमांड क्र. 238-80/18 भूमि बजरंग वार्ड नगर पालिका के कर अभिलेख में दर्ज किये जाने की मांग किया गया है। उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह ईश्तहार/विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिवस के अन्दर में दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 20/08/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मोहर लगाकर जारी किया जाता हैं।

मुहर
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद तिल्दा-नेवरा

**कार्यालय नगर पालिका परिषद तिल्दा नेवरा जिला-रायपुर (छ.ग.)**

क्रमांक/1535/न.पा./रा.वि./2025-26
तिल्दा-नेवरा दिनांक-21/08/25

**ईश्तहार-सूचना**

एतद् द्वारा आम सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री राधाकिशन धृतलहरे पिता श्री प्रेमचंद धृतलहरे वार्ड कं. 04 तिल्दा-नेवरा द्वारा भूमि/भवन का श्रीमती सुशीला देवी पति श्री बैसाखू प्रसाद दुबे गुरु घासीदास वार्ड कं. 04 तिल्दा नेवरा निवासी का मलमा बिक्री इकरारनामा निम्न दस्तावेज संलग्न कर निकाय तिल्दा-नेवरा में हकहस्तांतरण हेतु आवेदन पेश किया गया हैं।

उक्त भवन डिमांड क्र. 181/04 भूमि गुरुघासीदास वार्ड नगर पालिका के कर अभिलेख में दर्ज किये जाने की मांग किया गया है। उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह ईश्तहार/विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिवस के अन्दर में दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 20/08/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मोहर लगाकर जारी किया जाता है।

मुहर
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद तिल्दा-नेवरा

**कार्यालय नगर पालिका परिषद तिल्दा नेवरा जिला-रायपुर (छ.ग.)**

क्रमांक/1537/न.पा./रा.वि./2025-26
तिल्दा-नेवरा दिनांक-21/08/25

**ईश्तहार-सूचना**

एतद् द्वारा आम सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री चंद्रभान निषाद पिता श्री शंकर निषाद वार्ड कं. 04 तिल्दा-नेवरा द्वारा भूमि/भवन का श्री लगनू निषाद पिता तातू निषाद गुरु घासीदास वार्ड कं. 04 तिल्दा नेवरा निवासी का मलमा बिक्री इकरारनामा निम्न दस्तावेज संलग्न कर निकाय तिल्दा नेवरा में हकहस्तांतरण हेतु आवेदन पेश किया गया हैं।

उक्त भवन डिमांड क्र. 101/04 भूमि गुरूघासी दास वार्ड नगर पालिका के कर अभिलेख में दर्ज किये जाने की मांग किया गया है। उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह ईश्तहार/विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिवस के अन्दर में दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 20/08/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मोहर लगाकर जारी किया जाता हैं।

मुहर
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद तिल्दा-नेवरा

**कार्यालय नगर पालिका परिषद तिल्दा नेवरा जिला-रायपुर (छ.ग.)**

क्रमांक/1539/न.पा./रा.वि./2025-26
तिल्दा-नेवरा दिनांक-21/08/25

**ईश्तहार-सूचना**

एतद् द्वारा आम सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री नरेन्द्र कुमार चौहान पिता श्री परेटन सिंह चौहान वार्ड कं. 01 तिल्दा-नेवरा द्वारा भूमि/भवन का श्रीमती परेटन चौहान पति श्री देवनाथ चौहान शंकर वार्ड कं. 01 तिल्दा नेवरा निवासी का मलमा बिकी इकरारनामा निम्न दस्तावेज संलग्न कर निकाय तिल्दा नेवरा में हकहस्तांतरण हेतु आवेदन पेश किया गया हैं।

उक्त भवन डिमांड क्र. 114-13/22 भूमि गुरुघासीदास वार्ड नगर पालिका के कर अभिलेख में दर्ज किये जाने की मांग किया गया है। उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह ईश्तहार/विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिवस के अन्दर में दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 21/08/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मोहर लगाकर जारी किया जाता हैं।

मुहर
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद तिल्दा-नेवरा

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सिमगा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. ........ अ/2, वर्ष, 2024-25
वाद भूमि ग्राम पौंसरी प.ह.नं. 17

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण जनता ग्राम पौंसरी प.ह.नं. 17 तहसील सिमगा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा, को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुरेश कुमार पिता अयोध्या प्रसाद कास्तकार ग्राम पौंसरी तहसील सिमगा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम पौंसरी प.ह.नं. 17 तहसील सिमगा स्थित भूमि खसरा नं. 109/1 रकबा 0.3100 हे. आवेदक के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक उक्त भूमि खसरा नं. 109/1 रकबा 0.3100 हे. में से रकबा 50 डिसमिल को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु पुर्ननिर्धारण किये जाने आवेदन मय शपथ पत्र, बी-1, खसरा, नक्शा, एवं बिकी पत्र तथा ऋण पुस्तिका की छायाप्रति, तलवाना संलग्न कर प्रस्तुत किया है।

अतः उक्त आवेदित भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु पुर्न निर्धारण किये जाने में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा-आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह स्वंय या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रकरण नियत सुनवाई पेशी दिनांक 25/08/2025 तक अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के उपरांत प्राप्त आपत्ति-दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अतएव आज दिनांक 10/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा सहित जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
सिमगा

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सिमगा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. ........ अ/2, वर्ष, 2024-25
वाद भूमि ग्राम पौंसरी प.ह.नं. 17

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण जनता ग्राम पौंसरी प.ह.नं. 17 तहसील सिमगा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा, को सूचित किया जाता है कि आवेदक नरेन्द्र शर्मा पिता प्रयागदत्त शर्मा कास्तकार ग्राम पौंसरी तहसील सिमगा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया हे. कि ग्राम पौंसरी प.ह.नं. 17 तहसील सिमगा स्थित भूमि खसरा नं. 110/1 रकबा 0.2000 है. आवेदक के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक उक्त भूमि खसरा नं. 110/1 रकबा 0.2000 हे. में से रकबा 30 डिसमिल को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु पुर्ननिर्धारण किये जाने आवेदन मय शपथ पत्र, बी-1, खसरा, नक्शा, एवं दान पत्र तथा ऋण पुस्तिका की छायाप्रति, तलवाना संलग्न कर प्रस्तुत किया है।

अतः उक्त आवेदित भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु पुर्न निर्धारण किये जाने में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा-आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रकरण नियत सुनवाई पेशी दिनांक 25/08/2025 तक अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के उपरांत प्राप्त आपत्ति-दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अतएव आज दिनांक 10/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा सहित जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
सिमगा

## एक नजर

### गणपति मंदिर में चतुर्थी उत्सव 27 को

**रायपुर, 22 अगस्त।** प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी गणपति मंदिर अनुपम नगर में गणेश उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। अनुपम नगर के वरिष्ठ नागरिक राजीव मित्तल ने जानकारी देते हुए बताया कि परंपरानुसार चतुर्थी तिथि के अवसर पर कालोनीवासियों द्वारा 27 अगस्त को मंदिर प्रांगण में पहुंचकर गजानंद महाराज की विधिवत पूजा की जाएगी। उत्सव के दौरान रात्रि 11 दिनों तक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। यह गणपति उत्सव का 32 वां वर्ष है। मंदिर के पुजारी आनंद पांडेय ने बताया कि कालोनीवासियों के उत्साहपूर्वक गणपति उत्सव मनाए जाने की तैयारियां जोरशोर से जारी है।

### मेडिकल बिल पास करने के एवज में रिश्वत मांगने वाला बाबू गिरफ्तार

**रायपुर, 22 अगस्त।** राज्य में भ्रष्टाचार के खिलाफ एसीबी और ईओडब्ल्यू की कार्रवाई लगातार जारी है। ताजा मामले में एक सरकारी स्कूल में पदस्थ बाबू को 10 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए एंटी करप्शन ब्यूरो ने रंगे हाथों पकड़ लिया। जानकारी के अनुसार, चांपाझार चंपारण स्थित शासकीय स्कूल में कार्यरत बाबू लंबे समय से शिक्षकों से मेडिकल बिल पास करने और अन्य कार्यों के लिए पैसे की मांग करता था। इसी कारण अभनपुर पारागांव के शिक्षक चंद्रहास निषाद, जो इसी स्कूल में कार्यरत हैं, ने में शिकायत दर्ज कराई। चंद्रहास निषाद ने बताया कि उनके बच्चे की तबीयत खराब होने के कारण इलाज में करीब 1.5 लाख रुपए खर्च हुए। उन्होंने स्कूल में 1 लाख रुपए का मेडिकल बिल जमा किया था, जिसे पास कराने के लिए बाबू ने 10 हजार रुपए की रिश्वत मांगी। शिकायत की पुष्टि के बाद ईओडब्ल्यू ने जाल बिछाकर बाबू को रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद उसे कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। सूत्रों के अनुसार आरोपी बाबू इससे पहले भी शिक्षकों से बार-बार पैसे लेकर ही फ़ाइलें आगे बढ़ाता था।

### ज्वेलर्स दुकान से नकदी सहित जेवर पार

**रायपुर, 22 अगस्त।** चंदखुरी फार्म स्थित ज्वेलर्स दुकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने नकदी 10 हजार सहित सोने-चांदी का जेवर पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर मंदिरहसौद पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी सुखनंदन कोसले 35 वर्ष ग्राम तुलसी बाराडेरा का रहने वाला है। प्रार्थी का चंदखुरी फार्म में मिसा ज्वेलर्स नाम से दुकान है। बताया जाता है कि अज्ञात चोर ने दुकान के ताला तोड़कर नकदी 10 हजार सहित सोने-चांदी का जेवर पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब डेढ़ लाख रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर मंदिरहसौद पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### फैशन स्टोर से नकदी सहित हजारों रुपए का सामान की चोरी

**रायपुर, 22 अगस्त।** मंडी गेट स्थित वीवा फैशन स्टोर का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने नकदी 17126 रुपए सहित अन्य सामान पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी कमलेश कुमार साहू 35 वर्ष संगम चौक खम्हारडीह का रहने वाला है। प्रार्थी का मंडी गेट में वीवा फैशन स्टोर नाम से दुकान है। बताया जाता है कि अज्ञात चोर ने प्रार्थी के दुकान का ताला तोड़कर नकदी 17126 रुपए, सलवार सूट और अन्य सामान पार कर दिए। चोरी गए जुमला कीमती करीब 56 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### चाकू लेकर आतंक फैलाते दो गिरफ्तार

**रायपुर, 22 अगस्त।** तेलीबांधा और मोवा पुलिस ने चाकू लहराते दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से चाकू जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार तेलीबांधा पुलिस को सूचना मिली कि तेलीबांधा ओव्हर ब्रीज के नीचे एक युवक चाकू लेकर आम लोगों को डरा धमका रहा है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी अखिलेश कुमार साहू 19 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से चाकू जब्त किया है। वहीं मोवा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दलदल सिवनी पानी टंकी के पास चाकू लहराते आरोपी गौतम डोडे 22 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से भी चाकू जब्त किया है। पुलिस ने इन दोनों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### राज्यपाल से मिले हाई स्कूल के विद्यार्थी

# रमेन डेका ने विद्यार्थियों को जीवन में सफलता के लिए दिया मार्गदर्शन



**रायपुर, 22 अगस्त।** राज्यपाल रमेन डेका से आज राजभवन में रेयान इंटरनेशनल स्कूल रायपुर के विद्यार्थियों ने सौजन्य मुलाकात की। इस अवसर पर डेका ने बच्चों को जीवन और कैरियर में सफ्लता पाने के लिए मार्गदर्शन दिया और उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया। विद्यार्थियों ने राज्यपाल की बातों को पूरे उत्साह से सुना।

राज्यपाल ने विद्यार्थियों से उनके सपनों और हॉबी पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि अनुशसान और धैर्य सफ्लता की कुंजी हैं। यदि किसी परीक्षा में सफ्लता न मिले तो उसके विकल्प तैयार रखें। विद्यार्थी यूपीएससी की परीक्षा देना चाहते है उसके लिए पूरी लगन के साथ तैयारी करें लेकिन अन्य विकल्पों पर भी ध्यान दें।

डेका ने कहा कि हर विद्यार्थी को अपनी हॉबी विकसित करना चाहिए क्योंकि यह व्यक्तित्व निर्माण में सहायक होते है। एक छात्रा ने संगीत से जुड़े अपने हॉबी का जिक्र किया। इस पर राज्यपाल ने कहा कि संगीत जीवन के लिए महत्वपूर्ण है, इसमे विज्ञान भी निहित है। विद्यार्थियों ने जब राजनीति के बारे में पूछा तो राज्यपाल ने कहा कि अच्छे लोगों को राजनीति में आना चाहिए।

उन्होंने कहा कि चुनौतियों का समाधान करने के लिए सही समय पर सही निर्णय लेना जरूरी है और गुस्से में कोई निर्णय नहीं लेना चाहिए। उन्होंने अनुभव, तर्कशक्ति और निर्णय क्षमता को जीवन में सफ्लता के लिए अहम बताया।

डेका ने कहा कि सतत् विकास सबसे जरूरी विषय है। हमें अपनी पृथ्वी और पर्यावरण को बचाने के लिए काम करना होगा। अपने वातावरण को स्वच्छ रखना होगा। छत्तीसगढ़ में 45 प्रतिशत वन क्षेत्र है यह बात उन्हें बहुत प्रभावित करती है।

राज्यपाल ने विद्यार्थियों से कहा कि वे मेहनत और लगन के साथ पढ़ाई करें और टॉपर बनने का लक्ष्य रखें। उन्होंने बताया कि इस वर्ष के बोर्ड परीक्षाओं के टॉपर विद्यार्थियों को उनके द्वारा 5 हजार रूपये की प्रोत्साहन राशि भी दी गई है। इस अवसर पर स्कूल की प्राचार्य श्रीमती धनेश्वरी शर्मा, मैनेजर एवं अन्य स्टॉफके साथ विद्यार्थियों को राजभवन का भ्रमण भी कराया गया।

### तीजा पर्व पर महिलाओं को तोहफा

# रायपुर से चलेंगी दो जोड़ी फेस्टिवल स्पेशल ट्रेनें




**रायपुर, 22 अगस्त।** तीजा पर्व के शुभ अवसर पर छत्तीसगढ़ की महिलाओं को रेलवे ने खास सौगात दी है। मायके जाने वाली महिलाओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा दो जोड़ी 'तीजा फेस्टिवल फास्ट मेमू स्पेशल ट्रेनें' चलाई जाएंगी। ये ट्रेनें रायपुर-अनूपपुर-रायपुर और रायपुर-ताड़ोकी-रायपुर रूट पर विशेष रूप से 24, 25, 28 और 29 अगस्त 2025 को संचालित होंगी। रायपुर-अनूपपुर स्पेशल (06803/06804) ट्रेन सुबह 4:50 बजे रायपुर से रवाना होकर सिलयारी, तिल्दा, भाटापारा, बिल्हा, उसलापुर, करगी रोड, पेंड्रारोड, जैतहरी होते हुए सुबह 10:15 बजे अनूपपुर पहुंचेगी, जबकि वापसी में दोपहर 1:30 बजे अनूपपुर से चलकर शाम 7:15 बजे रायपुर पहुंचेगी। वहीं, रायपुरङ्कताड़ोकी स्पेशल (06805/06806) ट्रेन सुबह 6:00 बजे रायपुर से प्रस्थान कर दुर्ग, बालोद, दल्लीराजहरा, भानुप्रतापपुर और अंतागढ़ होते हुए सुबह 10:15 बजे ताड़ोकी पहुंचेगी और वापसी में दोपहर 12:00 बजे ताड़ोकी से चलकर शाम 4:25 बजे रायपुर लौटेगी। रेलवे का यह निर्णय तीजा जैसे पारंपरिक पर्व पर महिलाओं की आवाजाही को सहज और सुगम बनाने की दिशा में एक सराहनीय कदम है, जिससे हज़ारों महिलाओं को उनके मायके तक सुरक्षित और आरामदायक सफर मिल सकेगा।

## एमडी, एमएस उत्तीर्ण चिकित्सा छात्र-छात्राओं को शासकीय सेवा में अवसर देने काउंसिलिंग शुरू

- **अनुबंध के आधार पर दो वर्ष देनी होगी सेवा**
- **रजिस्ट्रेशन शुरू च्वाइस फिलिंग लॉकिंग एवं ऑनलाइन एलाटमेंट का अधिकार आयुक्त स्वास्थ्य सेवाओं को**

**रायपुर, 22 अगस्त।** स्वास्थ्य संचालनालय द्वारा पीजी (एमडी एमएस) पाठ्यक्रम उत्तीर्ण छात्र छात्राओं को अनुबंध के आधार पर दो वर्ष की शासकीय सेवा में अवसर हेतु काउंसिलिंग की तिथि तय कर दी गई है।

स्वास्थ्य सेवाएं आयुक्त द्वारा जारी आदेशानुसार यह प्रक्रिया ऑन लाइन की जाएगी। राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र एवं छग चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा राज्य के चिकित्सा महाविद्यालयों से पीजी कोर्स करने वाले उत्तीर्ण छात्रों को अनुबंधित रूप से अनिवार्य रूप से भाग लेना होगा। इन चयनित छात्रों को विभिन्न स्थानों पर पदस्थापना दी जाएगी। पदस्थापना स्थल साफ्टवेयर के माध्यम आबंटित किया जाएगा। काउंसिलिंग से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट में उपलब्ध करा दी गई है। स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम उत्तीर्ण छात्रों को पहले पंजीयन 20 से 24 अगस्त के मध्य कराना होगा। यहां पर च्वाइस फिलिंग एवं लाकिंग का काम 24 से लेकर 25 तक होगा। तथा सीट का आबंटन 26 अगस्त से शुरू हो जाएगा। यह प्रक्रिया दो चरणों में होगी दूसरा चरण 27 अगस्त से शुरू होगा। जो कि 29 अगस्त तक होगा। सीट का आबंटन 30 अगस्त को कर दिया जाएगा।

आयुक्त सहसंचालक स्वास्थ्य सेवाओं के अनुसार प्रत्याशियों को च्वाइस फिलिंग एवं लाकिंग प्राथमिकता क्रम पर अंकित करते हुए विकल्प पेश करना है। इसके बाद इसे लॉक करना है। यदि अभ्यर्थी स्वयं लॉक नहीं करते तो अंतिम विकल्प आटोमेटिक लॉक हो जाएंगे। पदस्थापना के अलॉटमेंट के लिए मेरिट आधार होगा। इसके अलावा संस्था के च्वाइस के अनुसार पदस्थापना स्थल एलाट होंगे।

### रायपुर में 28 लाख की हेरोइन पकड़ाई

**रायपुर, 22 अगस्त।** राजधानी रायपुर में 28 लाख की हेरोइन पकड़ाई है। इस मामले में पुलिस ने दो लड़कियों समेत पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 273.19 ग्राम हेरोइन मिली है। यह पूरा मामला कबीर नगर थाना क्षेत्र का है। बताया जा रहा है कि आरोपियों में मनमोहन सिंह, जसप्रीत कौर, दिव्या जैन, विजय मोटवानी और नितिन पटेल शामिल है। आरोपियों की उम्र 19 साल से लेकर 30 साल के बीच है। फिलहाल, पुलिस आरोपियों से पूछताछ में जुटी हुई है। ऐसे में आशंका जताई जा रही है कि मामले में बड़ा खुलासा हो सकता है।

## शराब के लिए पैसे मांगे, नहीं दिए तो की मारपीट, 3 आरोपी गिरफ्तार




**रायपुर, 22 अगस्त।** रायपुर के खरोरा पुलिस ने शराब पीने के लिए पैसों की मांग कर मारपीट करने वाले 3 युवकों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से एक बाइक और बटनदार चाकू बरामद किया गया है। यह घटना 20 अगस्त की है। वहीं खरोरा पुलिस ने मंगलवार को हनुमान मंदिर के पास से दो युवकों को गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से 4.494 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ है, जिसकी कीमत 80 हजार रुपए आंकी गई है। मामला खरोरा थाना क्षेत्र के सारागांव का है। जहां 20 अगस्त की शाम बालाजी पेट्रोल पंप एक युवक पेट्रोल भरवाने गया था, तभी मनीष वर्मा (20), भूपेश धीवर (20) और मासूम वर्मा (21) वहां पहुंचे। तीनों ने उससे शराब पीने के लिए पैसे मांगे। मना करने पर उन्होंने गाली-गलौज की। इसके बाद आरोपियों ने पेट्रोल पंप कर्मचारी से भी पैसे मांगे। उनके मना करने पर आरोपियों ने चाकू निकालकर धमकाया। आरोपियों ने पीड़ित को मुक्कों से मारा और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने 21 अगस्त को तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के खिलाफ धारा 119(1), 296, 115(2), 351(2), 3(5) और आर्म्स एक्ट की धारा 25, 27 के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

## नानाजी देशमुख वाचनालय से युवा पीढ़ी को जोड़ने का अभियान



**रायपुर, 22 अगस्त।** भाजपा प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में विगत लगभग 9 वर्षों से संचालित नानाजी देशमुख स्मृति वाचनालय में लगातार बड़ी संख्या में पाठक व कार्यकर्ता पहुँचकर संदर्भ सामग्री और पुस्तकों का अध्ययन करके स्वयं को वैचारिक ज्ञान को मजबूत कर रहे हैं। इसी दिशा में युवा पीढ़ी को जोड़ने एक स्टडी सर्किट विकसित किया जा रहा है। भाजपा प्रदेश कार्यालय मंत्री अशोक बजाज व सह कार्यालय मंत्री प्रीतेश गांधी ने पुस्तकालय का अवलोकन किया।

भाजपा प्रदेश कार्यालय में पुस्तकालय की शुरुआत 12 दिसम्बर, 2016 को तत्कालीन भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष व वर्मान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के हाथों हुई। अभी इस पुस्तकालय में 8 हजार पुस्तकों और 2200 ई-बुक्स का संग्रह है। पुस्तकालय में विभिन्न विषयों पर पुस्तकें उपलब्ध है, जैसे भारत व प्रदेश की राजनीति, इतिहास, भूगोल, साहित्य, संस्कृति व परंपरा सभी विषयों पर ख्यातिप्राप्त लेख उपलब्ध है। पुस्तकालय में सभी महापुरूषों की जीवनी व आत्मकथाओं का संकलन है। पुस्तकालय में भाषा, दर्शनशास्त्र, धर्मशात्र, कला, उपन्यास, नाटक, कविता यह सभी विषयों पर लेख उपलब्ध है। इस पुस्तकालय में अध्ययन की दृष्टि से अनुकूल वातावरण पर विशेष ध्यान दिया गया है। सभी पाठकों के लिए बैठने की उचित व्यवस्था के साथ-साथ कम्प्यूटरीकृत प्रणाली को भी पर्याप्त विकसित किया गया है। प्रदेश कार्यालय मंत्री श्री बजाज ने कहा कि पुस्तकालय से युवा पीढ़ी को जोड़ने का प्रयास होगा। वाचनालय की स्थापना देश-प्रदेश की संस्कृति, इतिहास, महापुरुषों के त्याग व विचार, लोक कला, योग व स्वास्थ्य तथा राष्ट्रीय विचारधारा से संबंधित किताबों का अपार संकलन है। उन्होंने कहा कि इसी उद्देश्य को लेकर पुस्तकालय की स्थापना की गई है।




## गांजा के साथ दो आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**रायपुर, 22 अगस्त।** हनुमान मंदिर के पास से दो युवकों को गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से 4.494 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ है, जिसकी कीमत 80 हजार रुपए आंकी गई है। थाना प्रभारी केके कुशवाहा के अनुसार, पकड़े गए आरोपियों में विनोद सुनमोंगरी (29) और सुशील श्रीवास (35) शामिल हैं। विनोद वार्ड नंबर 3 का रहने वाला है, जबकि सुशील वार्ड नंबर 8 में रहता है। 20 अगस्त को पुलिस को सूचना मिली थी कि वार्ड 8 स्थित हनुमान मंदिर के पास दो व्यक्ति गांजा रखे हुए हैं।

**दो पैकेट गांजा बरामदः** सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर दोनों आरोपियों को पकड़ लिया। उनके पास से एक भूरे रंग का चैन वाला बैग मिला। इसमें भूरे टेप में लिपटे दो पैकेट गांजा बरामद हुए। पुलिस ने गवाहों की मौजूदगी में गांजा जब्त किया। आरोपियों के खिलाफ नारकोटिक एक्ट की धारा 20बी के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।




स्वत्वाधिकारी कौशल किशोर मिश्र, प्रकाशक-मुद्रक उत्तम कुमार अलकरे की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस, प्रेस टॉवर, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित * संपादक-संजय कुमार दुबे, * प्रबंध संपादक- आशीष कुमार तिवारी, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26